आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी 06:41 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 14 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 329, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

छह करोड़ वृद्धों को मिलेगा स्वास्थ्य पैकेज का लाभ 12

वरुण की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज 11

उद्योग एवं व्यापार जगत का सेवा प्रकल्प

सेवार्थ संस्थान कैंसर हॉस्पीटल एवं ट्रॉमा सेन्टर

SSB TRAUMA CENTRE

आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेश चिकित्सा योजना के लाभार्थियों के लिए

PET-CT, रेडियेशन, कीमोथैरेपी तथा कैंसर सर्जरी का भी इलाज निःशुल्क होता है।

PET-CT सेवा प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार तक रोजाना उपलब्ध है।

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना — आयुष्मान भारत PM-JAY

14 अक्टूबर 2024 से कैंसर सर्जरी की सेवाओं का विस्तार

डॉ. ध्रुव कुमार महाजन
MCh, KGMU (कैंसर रोग सर्जन)
Ex. Sr. AIIMS, New Delhi, Ex. Assist. Prof., KGMU
रोजाना परामर्श: प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक (रविवार अवकाश)

डॉ. सुरेन्द्र सिंह
Dr. NB (कैंसर रोग सर्जन)
पूर्व वरिष्ठ चिकित्सक, पुष्पांजलि हॉस्पीटल, आगरा
रोजाना परामर्श: प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक (रविवार अवकाश)

PET-CT की रिपोर्ट तुरन्त उपलब्ध है

03 अक्टूबर 2024 से नेत्र रोग विभाग (मोतियाबिंद ऑपरेशन) सेवा प्रारम्भ

उत्तर प्रदेश में किफायती दरों पर विश्वस्तरीय कैंसर सेवाओं की उपलब्धता

सभी प्रकार के कैंसर रोग की जाँच एवं निदान एक ही भवन में संभव

किफायती दरें

- PET-CT - 7500/-
- कीमोथैरेपी - 1500/-
- ^{18}F-PSMA PET-CT - 23,000/-

रेडियेशन थैरेपी शुल्क

2D (Palliative)	20000/-	IGRT	120000/-
3D- CRT	40000/-	Rapid-Arc (VMAT)	150000/-
IMRT	100000/-	SRS/SRT	120000/-



लीनियर एक्सेलरेटर varian HALCYON D (3rd Generation)
(World's most advanced fully robotic LINAC capable of doing SRS/SRT/SBRT in minimum time with sub-milimeter precision with CT Imaging Quality)
कैंसर उपचार के लिए विश्व की सबसे अत्याधुनिक रेडियशन मशीन जो छोटी से छोटी कैंसर गाँठ का इलाज करने में सक्षम है।

PET- सीटी सीमेन्स बायोग्राफ
Best in class result with LSO best technology to diagnose even smaller lesions with superior images and less FDG doses
छोटी से छोटी कैंसर गाँठ का बहुत ही कम रेडियशन डोज में पता लगाने में सक्षम

सेवा प्रारम्भ

Varian Brachy Therapy Machine
ब्रैकीथैरेपी एक प्रकार की विकिरण चिकित्सा है जो कैंसर के इलाज के लिए की जाती है ब्रैकीथैरेपी एक प्रकार की आन्तरिक चिकित्सा है जिसमें शरीर में विकिरण स्रोत वाले रिबन, बीज व कैप्सूल रखे जाते हैं। ब्रैकीथैरेपी डॉक्टरों को शरीर के विशिष्ट क्षेत्रों में विकिरण की खुराक देने की अनुमति देती है।

• रेडियोथैरेपी • कीमोथैरेपी • मेडिकल ऑन्कोलोजी • कैंसर सर्जरी

- क़िफायती कैंसर उपचार
- अत्याधुनिक विश्वस्तरीय तकनीकें
- विश्वस्तरीय नैदानिक सुविधाएँ
- पैलिएटिव केयर
- अनुभवी एवं संदेनशील डॉक्टर्स और नर्सेज
- आयुष्मान भारत योजना पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना तथा अन्य TPA प्रस्तावित

किफायती दरों पर सभी प्रकार के कैंसर रोगों के लिए उपलब्ध आधुनिक सुविधायें

रेडियोथैरेपी

- आधुनिक लीनियर एक्सीलरेटर्स मशीन varian HALCYON D (3rd Generation)
- 3D-CRT (3D कोनफोरमल रेडिएशन थेरेपी)
- IMRT (इंटेंसिटी मोड्यूलेटेड रेडियोथेरेपी)
- IGRT (इमेज गाइडेड रेडियोथेरेपी)
- इलेक्ट्रॉन थेरेपी
- SRS (स्टीरियोटोक्टिक रेडियो सर्जरी)
- SBRT (स्टीरियोटैक्टिक बॉडी रेडिएशन थेरेपी)
- SRT (स्टीरियोटोक्टिक रेडिएशन थेरेपी)
- ब्रेकीथेरेपी (Image Guided)

कीमोथैरेपी

- सभी प्रकार की कीमोथेरेपी
- इम्युनोथेरेपी
- टारगेटेड थेरेपी
- हार्मोनल थैरेपी
- TACE (ट्रांस आर्टीरियल कीमो एम्बोलाइजेशन)

कैंसर सर्जरी

- डेडीकेटेड कैंसर सर्जरी ऑपरेशन थियेटर

इमेजिंग & इमेज गाइडेड इंटरवेंशनल ऑन्कोलोजी

- PET & CT (पूरे शरीर का पेट सीटी स्कैन)
- सीटी स्केन से रेडियशनथैरेपी प्लानिंग
- बाइप्लेन DSA लेब
- 3- डी मैमोग्राफी प्रणाली
- डुप्लेक्स अल्ट्रासाउंड सिस्टम
- बायोप्सी नेविगेटिंग सिस्टम
- इंटरवेंशनल ऑन्कोलोजी (मिनिमल इनवेसिव प्रोसीजर)

कैंसर का सफल इलाज संभव है!

उत्कृष्ट, विश्वसनीय एवं अनुभवी कैंसर विशेषज्ञों की विशाल टीम

डॉ. राजेन्द्र कुमार मीना
MBBS, MD, DM (मेडीकल ऑन्कोलॉजी)
पूर्व चिकित्सक (एम्स) नई दिल्ली

डॉ. मुक्ति नाथ सिंह
MBBS, MD (रेडियोथेरेपी)
Ex- राम मनोहर लोहिया (लखनऊ)

डॉ. विनोद कुमार गंगवार
DRP (BARC), RSO, Ph.D
Ex- अपोलो मेडिक्स (लखनऊ)
Neuclear Medicine & Radiation Oncology

डॉ. जयेश कुमार
MBBS, MD(Medicine)
IDCCM (Critical Care)

डॉ. बी.एम. अर्जुन
MBBS, MS (PGI Chandigarh)
हड्डी (अस्थि) रोग विशेषज्ञ

डॉ. रजत उपाध्याय
MBBS, MD (Radio diagnosis)
Fellowship in Abdominal Radio diagnosis

डॉ. स्मिता गुप्ता नागर
MBBS, MS (Gynee & Obs)
स्त्री प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ

डॉ. कनिष्क मरकम
MBBS, MD
(न्यूक्लियर मेडीसन)

डॉ. बरूण वसलस
BDS, MDS Prosthodontics, Maxillofacial Prosthesis
Implantologist (K.G.M.C., Lko)

डॉ. सिमरन वसलस
BDS, MDS Orthodontics
(K.G.M.C., Lko)

डॉ. अर्पित अग्रवाल
MBBS, MD (Path)

डॉ.आशुतोष शर्मा
B.P.T., M.P.T.
Rehabilitation & Physiotherapy

डॉ. अनीजा नागपाल
MBBS, MD (Opthel)
AIIMS, Bhopal

हॉस्पीटल : निकट टोल प्लाजा, टूण्डला– 283204, (उत्तर प्रदेश)
संचालक : सेवार्थ संस्थान सेठ विमल कुमार जैन ट्रॉमा एवं फिजियोथैरेपी धर्मार्थ समिति
OPD रविवार अवकाश/आपातकालीन 24x7 सेवाएं • स्वागत कक्ष: 8057544440, PET- CT 8057544441

बरखेड़ा ताल्लुके पसगवां गांव के कोटेदार का लाइसेंस निलंबित

बीसलपुर, अमृत विचार : ग्रामीणों की ओर से कोटेदार के खिलाफ की गई शिकायत जांच में सही पाई गई। इस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने कोटेदार की दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम बरखेड़ा ताल्लुके पसगवां के उचित दर विक्रेता छोटेलाल के खिलाफ जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत की थी। आरोप था कि कोटेदार राशन वितरण में गड़बड़ी कर रहा है। कार्ड धारकों को कम राशन देता है। इसका विरोध करने पर झगड़ा करने पर उतारू हो जाता है। कार्ड कैंसिल कराने की धमकी दी जाती है। राशन की कालाबाजारी करने का भी आरोप लगाया था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों ने जांच कराई। जांच ग्रामीणों की ओर से लगाए गए आरोप सही पाए गए। पूर्ति निरीक्षक शांति स्वरूप ने अपनी जांच रिपोर्ट जिला पूर्ति अधिकारी विकास कुमार को सौंप दी। जिला पूर्ति अधिकारी ने आरोपी कोटेदार का लाइसेंस निलंबित कर दिया है।

रास्ते को लेकर हुए विवाद में मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

दियोरियाकलां, अमृत विचार : रास्ते के पुराने विवाद में एक ग्रामीण की घर में घुसकर पिटाई कर दी गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव पंसड़ी के कल्याण राय पुत्र मनोहर लाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका रास्ते को लेकर गांव के ही कुछ लोगों से पुराना विवाद है। इसी के चलते शनिवार को आरोपी कौशल कुमार, कुलदीप, प्रदीप, गुलशन देवी, वंदना देवी, धर्मपाल, रेखा देवी ने गाली गलौज की ।विरोध करने पर हमला कर लाठी डंडे से पिटाई कर दी। धारदार चीज से भी वार किए गए। शोर पर आसपास के लोगों के जमा होने पर हमलावर भाग गए। कोतवाल प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच करा रहे हैं। इसके अलावा ग्राम दियोहना के ईश्वर दयाल ने तहरीर देकर बताया कि गांव में ही भागवत कथा चल रही थी। उसमें वह भी गए थे। बीते दिनों गांव के कृपाल, सोहनलाल, सूरज, राजू ने पुरानी रंजिश में घेरकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच करा रहे हैं।

शिक्षा रूपी चाबी से खुलता है हर ताला

अमरिया, अमृत विचार : तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत अंडरायन स्थित कुंजीताल मढ़ी पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने लक्ष्य शिक्षा एवं राहत कोष फाउंडेशन के तत्वाधान में संचालित नि :शुल्क कोचिंग का फीता काटकर शुरुआत कराई। यहां से क्षेत्र के बच्चे नवोदय, विद्याज्ञान, सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा के लिए तैयारी कर सकेंगे। राज्यमंत्री ने पांच बच्चे अंशु वर्मा, गौरी वर्मा, हरी कमल, काजल वर्मा, अनमोल वर्मा को किट वितरित की। कहा कि शिक्षा ही ऐसी चाबी है जिससे कोई भी ताला खुल सकता है। अगर आप पढ़े लिखे हैं तब यह ऐसा धन है जो कोई आपसे कोई छीन नहीं सकता है।

शहर के रामलीला मैदान पर आयोजित मेले में रविवार को रावण दहन किया गया। इस अवसर पर मेला परिसर में जमकर आतिशबाजी की गई। इस दौरान जमीन से लेकर आसमान तक रंग बिरंगी छटा छा गई। ● अमृत विचार

धूं-धूं कर जलता रावण का पुतला।

डोली भूमि गिरत दसकंधर, छुभित सिंधु सरि दिग्गज भूधर

लीला मंचन में असत्य पर सत्य की जीत का दिया संदेश, नाभि में तीर लगते ही जल उठा अहंकारी रावण, श्रीराम के जयकारों से गूंजा इलाका

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः शहर के रामलीला मैदान में आयोजित श्रीराम लीला महोत्सव में रविवार को असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देते हुए रावण वध लीला का मंचन किया गया। इस दौरान रावण का पुतला दहन किया गया। नाभि में तीर लगते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। इस मौके पर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, विशिष्ट अतिथि डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय मौजूद रहे। अतिथियों ने प्रभु राम का विजय तिलक किया और आरती उतारी।

लीला में दिखाया गया कि मेघनाद वध के पश्चात देवांतक, नरान्तक, त्रिशिरा और अतिकाय युद्ध में पहुंचे और वानर सेना को हताहत करने लगे। इस पर लक्ष्मण, अंगद, हनुमान, नल नील ने भयंकर युद्ध कर उनका प्राणांत कर दिया। तब अहिरावण विभीषण का भेष रखकर राम-लक्ष्मण का हरण कर पाताल ले गया। तब हनुमान उसका वध कर प्रभु राम और लक्ष्मण को लाए। तब क्रेरेग्र में भरकर रावण युद्ध के मैदान में पहुंचा और वानर सेना को हताहत करने लगा। तब विभीषण बोले हे कृपासिंधु आपके पास रथ नहीं है। आप कैसे युद्ध करेंगे। तब राम बोले हे! सखे जिससे जय होती है वह रथ दूसरा ही है। शौर्य और धैर्य उस रथ के पहिया, सत्य और शील उसकी मजबूत ध्वजा और पताका हैं। बल, विवेक, दम और परोपकार ये चार उसके घोड़े जो क्षमा, दया और समतारूपी डोरी से रथ में जोड़े हुए हैं। ईश्वर भजन-चतुर सारथि, वैराग्य- ढाल, संतोष- तलवार, दान - फरसा, बुद्धि - प्रचंड शक्ति, श्रेष्ठ विद्वान-कठिन धनुष, निर्मल और अचल मन-तरकस, राम, यम और नियम ये बहुत से बाण हैं। ब्राह्मणों और गुरु का पूजन-अभेद्य कवच है। इसके समान विजय का कोई दूसरा उपाय नहीं है। ऐसा धर्ममय रथ जिसके पास हो उसके लिए जीतने का कोई शत्रु ही नहीं है।

प्रभु के वचन सुन विभीषण ने उनके चरण पकड़ लिए। बोले हे! रघुनाथ इसी बहाने मुझे आपसे उपदेश मिल गया। तब भक्त हनुमान ने प्रभु राम और लक्ष्मण को अपने कंधे पर बैठाकर रावण से युद्ध करने लगे। दोनों ओर से भयंकर युद्ध होने लगा। राम ने तीक्ष्ण बाणों से रावण के रथ के पहिए काट दिए।अनेकों बाणों का संधान कर उस पर छोड़े जिससे उसके दसों सिर और बीसों भुजाएं कट गईं, लेकिन क्षण भर में ही पुनः नई आ गईं। तब रावण ने वीरघातिनी शक्ति का प्रयोग विभीषण पर किया। यह देख प्रभु राम ने विभीषण को अपने पीछे कर प्रहार स्वयं पर लिया। इस पर विभीषण बताया कि हे! कृपासिंधु रावण की नाभि में अमृत का वास है, जिस कारण वह मृत्यु को प्राप्त नहीं हो रहा। तब प्रभु राम ने अगस्त्य ऋषि द्वारा प्राप्त अग्नि बाण को सूर्य सहस्त्र नाम से अभिमंत्रित कर इकतीस बाणों का संधान कर रावण पर प्रहार किया। जिससे बीस बाणों ने भुजाएं दसों सिर और अग्नि बाण ने उसके नाभिकुंड के अमृत को सोख लिया। रावण के मरते ही चारों ओर प्रभु राम की जय जयकार होने लगी। देवता पुष्पवर्षा करने लगे।

विभीषण ने सीता माता को लाकर प्रभु को सौंपा। सभी सीता-राम की जय जयकार करने लगे। रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। इससे पूर्व दसों सिरों के प्रतीक गुब्बारे मुख्य अतिथि, विशिष्ठ अतिथि, प्रशासनिक अधिकारियों व मेला पदाधिकारियों द्वारा छोड़े गए। इस मौके पर महंत ओमकार नाथ, सुनील मिश्रा, अमरीश शर्मा अंबू, भानु प्रताप सिंह, प्रेम सिंह, अमिताभ त्रिपाठी, संजीव मिश्रा, अंकुर गुप्ता, नरेश शुक्ला, आयुष सक्सेना, रमाकांत पांडेय, संजीव शर्मा, अवनीश शर्मा, संजीव मोहन अग्रवाल, अंशुमान मिश्र, अमित जौहरी, आकाश कश्यप, ध्रुव गौड़, सुधीर पाल सिंह, महेंद्र गुप्ता, निरंजन शर्मा, धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट, नीरज गोयल, त्रिलोकी नाथ शर्मा, महेंद्र गुप्ता, शैली अग्रवाल, अम्बरीष मिश्र, प्रतीक अग्रवाल, विश्वास प्रकाश सक्सेना, अविचल मिश्रा, नितिन मिश्रा, प्रदीप शर्मा, पुनीत शर्मा, विनीत शर्मा, नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

श्रीराम, लक्ष्मण और सीता के स्वरूपों की आरती उतारते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार, डीएम व अन्य। ● अमृत विचार

मेले में राम-रावण युद्ध लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

अहिरावण वध का मंचन करते कलाकार।

रामलीला मेले में लीला देखने को उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

रामलीला मेले में रावण वध लीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

लीला मंचन के दौरान रावण के दरबार में विजय हासिल करने की रणनीति बनाते योद्धा।

दोपहर बाद रामलीला रोड पर वाहनों की रही नो एंट्री

रविवार दोपहर से ही शहर के अलावा ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में मेला देखने के लिए लोग ट्रैक्टर ट्रालियों समेत अन्य वाहनों से पहुंचना शुरू हो गए थे। विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी मेला व्यवस्था में अपना सहयोग प्रदान किया और शिविर लगाए। भीड़ का अनुमान लगाते हुए पुलिस की ओर से ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर पहले ही मंथन कर लिया गया था। सुरक्षा के लिहाज से भारी पुलिस बल तैनात रहा। वहीं रूट प्लान का सख्ती से पालन कराया गया। दोपहर दो बजे से मेला समाप्ति तक रामलीला मैदान की तरफ वाहनों का प्रवेश बंद रखा गया। पार्किंग की व्यवस्था नवीन मंडी समिति, नौगवां पुल के नीचे और एक होटल के मैदान के पास की खाली जमीन पर की गई। वहां पर यातायात पुलिस के जवान भी मुस्तैद रहे। अफसर भी भ्रमण कर जायजा लेते रहे।

- **रावण वध लीला देखने को जुटी हजारों की भीड़, राज्यमंत्री, डीएम और एसपी रहे मौजूद**

मेले में उमड़ी भीड़ ने बढ़ाई पुलिस की मुशीबत

पीलीभीत। लीला का मंचन देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ जमा हो चुकी थी। वाहनों की पार्किंग अलग की गई थी, लेकिन इसके बावजूद मेला परिसर ही नहीं मार्ग पर भी भीड़ जमा थी। जिसे संभालने के लिए पुलिस की टेंशन बढ़ी रही। मेला समाप्ति के बाद जब लोग वाहन निकालकर वापसी करने के लिए सड़कों पर पहुंचे तो जाम लगा रहा। टनकपुर हाईवे, असम हाईवे समेत अन्य मार्गों पर भी आवागमन थम सा गया। पुलिसकर्मी वाहनों को निकलवाने के लिए मशक्कत करते रहे।

बच्चों ने झूलों का आनंद लिया, आतिशबाजी देखी

पीलीभीत। मेले में खानपान के स्टॉल के साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगाए गए थे। जिनका बच्चों ने खूब लुत्फ उठाया। खिलौनों की दुकानों पर भी जमकर खरीदारी होती रही। इसके अलावा हर बार की तरह मेले में की गई आतिशबाजी लोगों को खूब भायी। आतिशबाजी देखने के लिए भी भीड़ जुटी रही। तमाम लोगों ने इस पल को अपने कैमरों में कैद कर लिया। जिसके बाद सोशल मीडिया पर भी वीडियो फोटो वायरल होते रहे। आतिशबाजी के दौरान आसमान तक रंगबिरंगी छटा दिखी।

लछिमन मेघनाद द्वौ जोधा, भिरहिं परसपर करि अति क्रोधा

संवाददाता, बीसलपुर

- **बीसलपुर में लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया गया**

अमृत विचारः नगर में चल रहे ऐतिहासिक रामलीला मेले में रविवार को लक्ष्मण शक्ति लीला का मंचन किया गया। बड़ी संख्या में मेलार्थी पहुंचे और लीला का आनंद लिया।

रामलीला मेला मैदान पर करीब पांच बजे मंचन शुरू हुआ। जिसमें दिखाया गया कि निशाचरों के लगातार मारे जाने पर रावण चिंतित हो जाता है। वह अपने पुत्र इंद्रजीत मेघनाद को रणभूमि में जाने के लिए कहता है। मेघनाद अपने पिता से आज्ञा लेकर रणभूमि में पहुंचता है जहां शेषावतार लक्ष्मण से उसका भयंकर युद्ध होता है। मेघनाद ब्रह्मा द्वारा दी गई शक्ति का आह्वान कर उसे प्राप्त करने के बाद शक्ति का प्रहार लक्ष्मण पर करता है, जिससे वह मूर्छित हो समर भूमि में गिर जाते हैं। मेघनाद उनको मृत समझकर उनके शरीर को लंका ले जाना चाहता है लेकिन वह तमाम कोशिशें करने के बावजूद मूर्छित पड़े लक्ष्मण को हिला भी नहीं पाता। फिर उन्हें वहीं पर छोड़ लंका पहुंच जाता है। लक्ष्मण के मृत्यु का समाचार वह रावण को सुनाता है। यह खबर सुनकर लंकावासी खुशियां मनाते है। इधर लक्ष्मण के मूर्छित होने की खबर मिलते ही राम दल में शोक छा जाता है। पवन पुत्र हनुमान संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्राण बचा लेते हैं। लीला का संचालन गोपाल कृष्ण अग्रवाल , मनोज कुमार त्रिपाठी उर्फ मीनू व सूर्य प्रकाश मिश्रा ने किया। इस मौके पर गंगाधर दुबे,विष्णु कुमार गोयल,सुरेश चंद्र अग्रवाल, अभय मित्तल, मोहित मित्तल, सचिन अग्रवाल, विपिन कुमार पांडेय, राम बहादुर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

लीला का मंचन करते कलाकार।

खेत पर कब्जा करने का विरोध, मारपीट

दियोरियाकलां, अमृत विचारः खेत पर कब्जा करने का विरोध करने पर एक ग्रामीण की पिटाई कर दी गई। घटना ग्राम बसई पुरैना में हुई। गांव के ही रमेश पाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पीलीभीत में रहते हैं। उनकी जमीन गांव में ही है। जिसे देखने के लिए अक्सर आते रहते हैं। गांव के ही वीरपाल, जितिन प्रसाद ,जागन लाल ने बीते दिनों अपनी ट्रैक्टर ट्राली पीड़ित के खेत में खड़ी कर दी। जब वह गांव पहुंचे और विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए हमला कर दिया। पीड़ित की पिटाई कर दी गई। तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

दशहरा मेले में उमड़ी भीड़, विजेताओं का सम्मान

मझोला के रामलीला मेले में उमड़ी भीड़। ● अमृत विचार

प्रतियोगिता की विजेताओं को किया गया पुरस्कृत। ● अमृत विचार

मझोला, अमृत विचार : विराट दशहरा मेला की शुरुआत शनिवार रात मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कराई। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तराखंड के खटीमा विधायक भुवन कापड़ी और मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि अजय मौर्या रहे। पहले दिन रंगोली, आरती थाल सजाओ, फैंसी ड्रेस, रामायण पर आधारित सामान्य ज्ञान व गायन प्रतियोगिता कराई गईं। मुख्य आकर्षण दिल्ली से आए जादूगर अंकुर का शो रहा। रंगोली प्रतियोगिता में रूबी अग्रवाल प्रथम, खुशी हालदार व सिया अग्रवाल द्वितीय रहीं। सौम्या अग्रवाल तीसरे स्थान पर रहीं। आरती थाल सजाओ प्रतियोगिता में रूबी अग्रवाल प्रथम, अथर्व व सिया अग्रवाल द्वितीय और तन्वी गोयल व परी सिंह तृतीय स्थान पर रहीं। गायन प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में रमेश सिंह प्रथम, आर्यन अग्रवाल द्वितीय, अनमोल सिंह तृतीय रहे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में गार्गी गोयल ने बाजी मारी।

गोशाला में सफाई करने से कैंसर में मिलेगा लाभ: राज्यमंत्री

कार्यामय संवाददाता, पीलीभीत

- **गाय पर हाथ फेरने से हार्ट और ब्लड प्रेशर रहेगा नियंत्रित**

अमृत विचारः नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में कान्हा गोशाला का लोकार्पण करने पहुंचे राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने गोसेवा को लेकर उपस्थित जनसमूह को जागरूक किया। इसके वैज्ञानिक आधार भी बताए। उन्होंने कहा कि गोशाला में साफ सफाई करने पर कैंसर में लाभ मिलेगा। गाय पर हाथ फेरने से ब्लड प्रेशर व हार्ट की बीमारियों से निजात मिलेगी।

नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में रविवार को आयोजित कान्हा गोशाला के लोकार्पण के अवसर पर राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि गोसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं है। गाय की सेवा का वैज्ञानिक आधार भी है। गाय के ऊपर हाथ फेरने से बीपी और हार्ट की बीमारियों को नियंत्रित किया जा सकता है। गाय की पीठ पर अगर ब्लड प्रेशर का मरीज हाथ फेरेगा तो काफी हद तक ठीक हो जाएगा। अगर 20 एमजी की गोली कोई खाता है तो 10 एमजी खानी पड़ेगी। कैंसर का मरीज अगर गोशाला में साफ सफाई शुरू कर दे तो कैंसर की बीमारी में भी लाभ मिलेगा। गाय के गोबर के उपले सुलगाने से मच्छर नहीं परेशान करेंगे। बोले- ये कहना छोड़ दें कि छुट्टा पशु खेत चर रहे हैं। हम अपनी मां (गोमाता) की ठीक से सेवा नहीं कर रहे हैं। इसलिए हो सकता है मां नुकसान पहुंचा रही हो। उन्होंने गाय के दूध को अमृत के समान बताया और लोगों से गोशाला से जुड़ने की अपील की। कहा कि मुस्लिम भाई गोशाला में जाएं और ईद की सेवई गाय के दूध में ही बनाएं। अब राज्यमंत्री के बयान सोशल मीडिया पर चर्चित हो गए है। उन्होंने ये भी कहा कि नगर पंचायत अध्यक्ष, सभासद और अन्य लोग बच्चों के जन्मदिन भी यहीं मनाएं।

नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में गोशाला के लोकार्पण अवसर पर लोगों को संबोधित करते राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार।

गोशाला में है 96 पशुओं को रखने की क्षमता

ग्राम पंचायत नौगवां पकड़िया में करीब 40 हजार की आबादी है। अधिकांश इलाका टनकपुर और बरेली हाईवे से सटा हुआ है। शासन से स्वीकृति के साथ ही 39 लाख रुपये का बजट कान्हा गोशाला के लिए नगर पंचायत को बीते साल मिला था। जिसके बाद इसका निर्माण कार्य भी शुरू करा दिया था। कान्हा गोशाला बनकर तैयार हो गई ।इसकी क्षमता करीब 96 पशुओं की है। पूर्णतया न सही लेकिन कान्हा गोशाला बनने के बाद काफी राहत नौगवां वासियों को मिल सकेगी। रविवार को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने नवनिर्मित कान्हा गोशाला का लोकार्पण किया।

खेत पर गए युवक को सांप ने डसा

बीसलपुरः कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अमृता खास के शिवओम हरि का पुत्र नीरज कुमार रविवार को खेत पर धान की फसल देखने गया था। वह फसल देखने के बाद मेड़ पर बैठ गया। इस दौरान उसे सांप ने डस लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई। ये देख आसपास के खेतों पर मौजूद लोग आ गए। परिवार वाले भी जानकारी मिलने पर पहुंच गए। आनन-फानन में युवक को सीएचसी भर्ती कराया गया। डा. चंदन ने बताया कि युवक की में सुधार है।

समस्त क्षेत्रवासियों को शारदीय नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनायें
OKINAWA
दीप ओकिनावा इलैक्ट्रिक बाइक
ए-8, आवास विकास कालोनी, यशवन्तरी देवी मन्दिर के सामने, पीलीभीत

Photo & Location Google Map : Deep Okinawa Electric Bike Pilibhit
हरदीप सिंह 9548396320, 9719198447

आश्विन शुक्ल पक्ष एकादशी 06:41 उपरांत द्वादशी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 14 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 329, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

एनएफओ : म्यूचुअल फंड में निवेश के नए मौके 10

परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनाएंगी पूजा 11

मां से मिले योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को देहरादून में जौलीग्रांट के हिमालयन हॉस्पिटल पहुंचे। उन्होंने वहां भर्ती अपनी मां सावित्री देवी से मिले और उनका हाल चाल जाना। सीएम ने डॉक्टरों और परिजनों से अपनी मां के स्वास्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (80) को स्वास्थ्य खराब होने की वजह से मंगलवार को जौलीग्रांट के हिमालयन अस्पताल में भर्ती किया गया है। लगभग आधे घंटे सीएम योगी हिमालयन हॉस्पिटल में अपनी मां के साथ रहे।

उत्तर प्रदेश उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों पर हाईकमान ने लगाई मुहर, दो घंटे चला मंथन

नौ सीटों पर भाजपा लड़ेगी चुनाव, ज्यादातर नए चेहरों पर लगाएगी दांव

- एक सीट पर लड़ेगी रालोद, संजय निषाद को मनाएंगे मुख्यमंत्री
- प्रत्याशियों के नामों की घोषणा चुनाव अधिसूचना को ध्यान में रखकर होगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : विधानसभा के उपचुनाव को लेकर भाजपा हाईकमान ने रविवार को सभी प्रत्याशियों के नामों पर मुहर लगा दी। भाजपा 9 सीटों पर लड़ेगी, ज्यादातर नए प्रत्याशी उतारे जाएंगे। एक सीट रालोद को दी गई है। साथ ही, निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद को मनाने की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री को दी गई है। तय हुआ कि प्रत्याशियों के नामों की घोषणा चुनाव अधिसूचना को ध्यान में रखकर 20 अक्टूबर तक की जाएगी।

नई दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर रविवार देर शाम हुई बैठक में गृह मंत्री अमित शाह मौजूद थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसास मौर्य और ब्रजेश पाठक समते महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी पहुंचे। दो घंटे मंथन के बाद केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी गई हर सीट से दो-दो प्रत्याशी के पैनल से एक-एक नाम पर सर्वानुमति बनी। सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय नेतृत्व ने पहले ही हिदायत दे रखी थी कि प्रदेश कोर कमेटी खुद हर सीट पर प्रत्याशी तय करे, यदि नहीं कर पाती है, तो पैनल में दो से ज्यादा नाम नहीं होने चाहिए। सहयोगी दलों में रालोद और निषाद पार्टी ने दो-दो सीटों पर दावेदारी पहले ही केंद्रीय नेतृत्व को भेज रखी थी। इसमें सिर्फ मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट की रालोद के खाते में गई, जहां वह अपने चुनाव निशान पर प्रत्याशी घोषित करेगें, लेकिन प्रत्याशी चयन में भाजपा की सर्वानुमति भी ली जाएगी। यह भी तय हुआ कि पिछली बार 2022 में जिन दो सीटों पर निषाद पार्टी के कोटे से प्रत्याशी उतारे गए थे, वहां इसबार भाजपा प्रत्याशी की ही प्रत्याशी लड़ेगा। इन प्रत्याशियों के नाम भी तय किए गए। साथ ही मुख्यमंत्री योगी को निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद को मनाने के साथ चुनाव प्रचार में सभी सीटों पर उनका सहयोग लेने को कहा गया।

सपा से 6 प्रत्याशी मैदान में, 4 पर गठबंधन की चर्चा

विधानसभा उपचुनाव को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने सांसद बनने के बाद अपनी करहल सीट से परिवार के तेजप्रताप यादव, विधायकी रद होने से इरफान सोलंकी की सीसामऊ से उनकी पत्नी नसीम सोलंकी, फैजाबाद के सांसद बनने से अवधेश प्रसाद की मिल्कीपुर सीट से उनके पुत्र अजीत प्रसाद, फूलपुर से मुस्तफा सिद्दीकी, अंबेडकरनगर के सांसद बनने पर लालजी वर्मा की खाली हुई कटेहरी सीट से उनकी पत्नी शोभावती वर्मा और मझवां से पूर्व विधायक और भदोही से पूर्व सांसद रमेश बिंद की पुत्री डॉ. ज्योति बिंद को मैदान में पहले ही उतार दिया है। इसमें दो सीटें फूलपुर और मझवां पर 2022 में भाजपा का कब्जा था। सपा को अभी गठबंधन को साधते हुए कुंदरकी, खैर, मीरापुर और गाजियाबाद पर प्रत्याशी की घोषणा करनी है।

बसपा से पांच सीटों पर प्रभारी तय किए

बसपा सुप्रीमों मायावती अब तक पांच सीटों पर प्रत्याशी का ऐलान कर चुकी हैं। मीरापुर सीट से शाह नजर, मिल्कीपुर से राम गोपाल कोरी, कटेहरी से अमित वर्मा, मझवां से दीपू तिवारी, और फूलपुर से शिव वरन पासी को प्रभारी बनाकर मैदान में उतारा है।

नवरात्रि के पावन महोत्सव की
एम.के. बन्धानी हींग परिवार
की ओर से
हार्दिक शुभकामनाएँ
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
एम. के.
बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

मूर्ति विसर्जन यात्रा पर पथराव व फायरिंग, एक की गई जान

मौत के बाद वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी, क्षेत्र में तनाव

- बहराइच के महाराजगंज में धार्मिक स्थल पर डीजे बजाने पर हुआ विवाद
- मेडिकल कॉलेज के सामने शव रखकर प्रदर्शन, लाठीचार्ज

संवाददाता, लखनऊ/बहराइच

अमृत विचार : बहराइच में महसी तहसील के महाराजगंज में रविवार शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान धार्मिक स्थल के पास डीजे बजाने और जयकारा लगाने को लेकर दूसरे समुदाय ने पथराव शुरू कर दिया। इसके बाद फायरिंग की गयी। फायरिंग में गोली लगने से यात्रा में शामिल एक युवक की मौत हो गयी। कुछ अन्य लोगों को भी गोली लगने की सूचना है।

मेडिकल कॉलेज के सामने युवक का शव रखकर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। डीएम और विधायक के आश्वासन पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। घटना का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्चाधिकारियों को मौके पर पहुंचने का निर्देश दिया। एडीजी गोरखपुर एसकेएस प्रताप, देवीपाटन परिक्षेत्र के डीआईजी अमरेंद्र प्रताप सिंह ने घटनास्थल का मुआयना किया। डीजीपी ने एसपी से पूरे मामले की रिपोर्ट तलब की है। उधर देर शाम थानाध्यक्ष हरदी व चौकी इंचार्ज महसी को निलंबित कर दिया गया है। अन्य पुलिसकर्मियों की भूमिका की जांच की जा रही है। रेहुआ मंसूर गांव की दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए रविवार शाम यात्रा निकाली जा रही थी। यात्रा में युवक जयकारा लगा रहे थे। डीजे भी बज रहा था। जैसे ही यात्रा हरदी थानाक्षेत्र के महाराजगंज बाजार स्थित धार्मिक स्थल और बाजार निवासी अब्दुल हमीद के घर के सामने से निकली तो दूसरे समुदाय के लोगों ने मूर्तियों पर पथराव शुरू कर दिया। अचानक हुए पथराव के कारण जुलूस में भगदड़ मच गई। अभी लोग संभल पाते कि अराजकतत्वों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। रेहुआ मंसूर गांव निवासी रामगोपाल मिश्रा (22) गोली लगने से घायल हो गए।

बहराइच के महाराजगंज में विवाद के बाद क्षतिग्रस्त वाहन। ● अमृत विचार

महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे: मुख्यमंत्री

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बहराइच के महसी में माहौल बिगाड़ने वाले नहीं बचेंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपद्रवियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करें। धार्मिक संगठनों से संवाद कर समय से प्रतिमा विसर्जन कराएं। सभी को सुरक्षा की गारंटी सरकार की है। प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मौके पर मौजूद रहें। जिसकी लापरवाही से घटना हुई उनको चिह्नित करें उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

शव रखकर प्रदर्शन

रामगोपाल का शव मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय के सामने रखकर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। दो घंटे से अधिक समय तक प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास चला। सूचना पाकर देवीपाटन मंडल के मंडलायुक्त शशिभूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी मोनिका रानी और महसी विधायक सुरेश्वर सिंह मौके पर पहुंचे। महराजगंज में एसपी वृंदा शुक्ला, एसडीम, एडीएम और एएसपी कैंप कर रहे हैं। हरदी थाना क्षेत्र के महाराजगंज बाजार में गोली और पथराव को लेकर फखरपुर, कैसरगंज, शहर क्षेत्र, शिवपुर में भी लोगों ने विरोध जताया। मूर्तियों का विसर्जन रोक दिया।

> मौके पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी करवाई की जाएगी। **-एसकेएस प्रताप**, एडीजी जोन गोरखपुर

एक नजर

हरियाणा में नया मुख्यमंत्री चुनने के लिए पर्यवेक्षक बने अमित शाह

नई दिल्ली। भाजपा ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को बताया कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह से पार्टी संसदीय बोर्ड ने जम्मू-कश्मीर विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। राजनीतिक हलकों में शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने को आश्चर्य से देखा जा रहा है।

बाबा सिद्दीकी की हत्या के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गैंग

सोशल मीडिया पोस्ट में कहा- सलमान की मदद करने वाले हिसाब लगा ले

- हत्याकांड में शामिल 4 लोगों में दो बहराइच के रहने वाले
- छह साल पहले गए मुंबई, पंजाब जेल में की मुलाकात

एजेंसी/राज्य ब्यूरो, मुंबई/लखनऊ

अमृत विचार : एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने जिम्मेदारी ली है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए गैंग ने कहा है कि जो सलमान खान की मदद करेगा अपना हिसाब लगाकर रख लेना।

दरअसल राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी (66) को मुंबई में बांद्रा इलाके के खेर नगर में उनके विधायक पुत्र जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर शनिवार रात को गोली मार दी थी। मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस ने रविवार को कहा कि उस सोशल मीडिया पोस्ट की प्रामाणिकता की जांच की जा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के अनुसार, मुंबई पुलिस के हत्थे चढ़े बहराइच के रहने वाले शिवा गौतम और धर्मराज कश्यप की उम्र 18 से 20 साल के बीच है। इन दोनों के अलावा हरियाणा का गुरमेल भी पकड़ा गया है जबकि चौथा शूटर पंजाब के जालंधर का रहने वाला जीशान अख्तर है। एसपी बहराइच वृंदा शुक्ला ने बताया कि कैसरगंज कोतवाली की टीम दोनों के परिजन से पूछताछ की जा रही है। परिवार के लोग सिर्फ इतना बता रहे हैं दोनों पुणे में कबाड़ का काम करने गए थे।

मुंबई में पोस्टमार्टम के बाहर उपस्थित एनसीपी के नेता व परिवार के सदस्य।

बॉलीवुड के सितारों से थे करीबी संबंध

सिद्दीकी को सलमान खान, शाहरुख खान और संजय दत्त सहित बॉलीवुड के कई सितारों के करीबी के रूप में भी जाना जाता था। इससे पहले, अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है, जिसमें सुपारी लेकर हत्या, कारोबारी प्रतिद्वंद्विता या एक बस्ती की पुनर्वास परियोजना को लेकर मिली धमकी के पहलू भी शामिल हैं।

> बाबा सिद्दीकी की हत्या में बहराइच के दो शूटरों के नाम सामने आए। इन दोनों को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुंबई पुलिस के अधिकारी लगातार पूछताछ कर रहे हैं। यूपी पुलिस से जो जानकारी मुंबई पुलिस मांगेगी, उपलब्ध कराई जाएगी। **-अमिताभ यश**, एडीजी लॉ एंड ऑर्डर

अंतरराज्यीय साइबर ठग गिरोह का भंडाफोड़, दस गिरफ्तार

- 12 राज्यों में एक करोड़ 55 लाख की कर चुके थे अब तक ठगी
- कॉल कर धमका कर या लालच देकर बनाते थे निशाना

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

अमृत विचार: जिला पुलिस ने 12 राज्यों से एक करोड़ 55 लाख रुपये की ठगी कर चुके दस शातिर अंतरराज्यीय ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फोन व इंटरनेट कॉल के जरिये लोगों को डरा धमका कर और लालच देकर ठगी का शिकार बनाते थे। आरोपियों के खिलाफ पहले भी मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। ठगों के पास से पुलिस ने विभिन्न बैंकों की 32 पास बुक, 10 चेक बुक, 10 एटीएम कार्ड, 8 पैन कार्ड, 36 विभिन्न बैंकों के खाता खोलने के फार्म, 20 आधार कार्ड की फोटोकॉपी, आठ मोबाइल, 1090 रुपये और तलाशी में तमंचा व कारतूस बरामद किए हैं।

चौक कोतवाली पुलिस, सर्विलांस टीम और साइबर सेल कई काफी दिनों से साइबर ठगों के गिरोह की तलाश में लगी हुई थी। रविवार सुबह लगभग चार बजे पुलिस को सूचना मिली कि गिरोह चांदापुर चौराहे से गर्रापुल के बीच खड़ा है। पुलिस ने घेराबंदी करके गिरोह के सरगना समेत दस लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त चंदन मिश्रा उर्फ हर्षित मिश्रा निवासी हुसैनपुरा चौक कोतवाली, मोहन सक्सेना निवासी बाबूजई चौक कोतवाली, समीर गुप्ता निवासी बिजलीपुरा चौक कोतवाली, अनुभव गौतम निवासी मघई टोला निवासी चौक कोतवाली, अर्जुन निवासी मोहम्मद जई चौक कोतवाली, अभिषेक यादव निवासी रोशनगंज चौक कोतवाली, केशव केवट निवासी बड़ी बिसरात चौक कोतवाली, जावेद हसन निवासी किला चौक कोतवाली, करन निवासी हुसैनपुरा चौक कोतवाली, मोनू निवासी बाबूजई चौक कोतवाली हैं। गिरोह का सरगना चंदन मिश्रा है। उस पर विभिन्न धाराओं के 10 मुकदमें दर्ज हैं। अन्य आरोपी मोहन सक्सेना पर दो, समीर गुप्ता पर एक, अभिषेक यादव पर एक मुकदमा, अनुभव गुप्ता पर एक, केशव केवट पर एक मुकदमा, जावेद हसन पर एक मुकदमा दर्ज है।

पूछताछ में बताया कि अब उन्होंने लगभग 32 खातों से एक करोड़ 55 लाख की ठगी की है। उन्होंने उप्र के साथ-साथ कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मणिपुर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और झारखंड के लोगों को फोन व इंटरनेट कॉल के जरिए ठगा है। उनके गिरोह के सदस्य शाहजहांपुर के साथ ही बिहार और वेस्ट बंगाल से भी ऑपरेट करते थे।

> संयुक्त टीम ने बैंकों में फर्जी खाते खोलकर करोडों की ठगी करने वाले अंतराज्यीय गिरोह के 10 लोगों को पकड़ा है। कुल 32 खातें जांचे गए हैं, जिसमें 1.55 करोड़ रुपये की ठगी के तथ्य मिले हैं। जितने भी अकाउंट, एटीएम कार्ड व पासबुक मिले हैं, उन्हें जांचा जा रहा है। और खाते मिलने पर सही राशि का आंकलन किया जाना संभव है। **- संजय कुमार**, एएसपी सिटी

ट्रेन से अपहरण कर युवती से सामूहिक दुष्कर्म

भिंड के सोनी स्टेशन से इटावा आने के लिए कोटा एक्सप्रेस में सवार हुई थी युवती

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार: इटावा जिले की रहने वाली युवती का शनिवार रात ट्रेन से अपहरण करके सामूहिक दुष्कर्म किया गया। अपराधी देर रात युवती को कानपुर-आगरा हाईवे पर उझियानी गांव के पास फेंक कर फरार हो गए। बाद में युवती ने ग्रामीणों की मदद से परिजनों को फोन कर जानकारी दी। युवती के परिजनों ने बकेवर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने युवती का मेडिकल कराया।

पुलिस के अनुसार इटावा जिले के एक थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती शुक्रवार को मध्यप्रदेश के भिंड जिले के एक मंदिर में पूजा अर्चना करने गई थी। वह शनिवार शाम भिंड के सोनी रेलवे स्टेशन से कोटा एक्सप्रेस में इटावा आने के लिए सवार हुई। ट्रेन शाम करीब 6 बजे वहां से चली। युवती ने पुलिस को बताया कि ट्रेन में एक युवक मोबाइल से उसका वीडियो बनाने लगा। युवती ने इसका विरोध किया तो युवक के साथ उसकी कहासुनी हुई। इसके बाद युवक दूसरे कोच में चला गया। थोड़ी देर बाद उसने पुनः कोच में आकर युवती को बहाने से कुछ सुंघा दिया जिससे वह बेहोश हो गई। युवती को जब होश आया तो उसने अपने आप को एक कमरे में बंद पाया। जहां उसे 5 घंटे तक बंधक बनाकर रखा गया। उस कमरे में तीन युवक मौजूद थे। तीनों युवकों ने उससे दुष्कर्म किया। देर रात उसे आगरा-कानपुर हाईवे पर उझियानी के समीप सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। बकेवर पुलिस ने युवती को रिकवर किया। परिजन भी थाने पहुंच गए।

दरिंदगी

- रास्ते में ट्रेन में वीडियो बनाने पर हुआ विवाद तो युवक ने नशीला पदार्थ खिलाकर बेहोश किया
- शनिवार देर रात युवती को कानपुर-आगरा हाईवे पर फेंककर आरोपी फरार

> पीड़िता के बयान के आधार पर घटनास्थल का अवलोकन कराया जायेगा। फिलहाल आरोपियों की पहचान नहीं हो पाई है। **- शैलेश निगम**, प्रभारी, जीआरपी इटावा

> पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बकेवर थाने में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। **- सत्यपाल सिंह एसपी (ग्रामीण)** इटावा

महापंचायत पर डासना मंदिर के बाहर बवाल, लाठीचार्ज

- उप्र महापंचायत ने नरसिंहानंद के समर्थन में महापंचायत की कोशिश की

गाजियाबाद, एजेंसी

पैगम्बर मोहम्मद साहब पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के समर्थन में रविवार को महापंचायत करने की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक नरसिंहानंद के समर्थक डासना मंदिर के बाहर महापंचायत करना चाहते थे जिसके लिए नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव डॉ. उदिता त्यागी ने अनुमति मांगी थी, लेकिन जिला प्रशासन ने निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला देते हुए इजाजत नहीं दी थी। पुलिस ने बताया कि इसके बावजूद समर्थक कार्यक्रम के आयोजन के लिए जुटे, लेकिन पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। उसने बताया कि गांवों और शहर से मंदिर को जोड़ने वाली सभी सड़कों पर पुलिस ने एहतियातन सुबह से ही अवरोधक लगा दिए थे।

वहीं लोनी से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर भी नरसिंहानंद के समर्थन में खुलकर सामने आए और उन्होंने भी मंदिर जाने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोका तो वह रास्ते में ही बैठ गए और पंचायत की।

बाढ़ प्रभावित 3,12,866 किसानों को मिले 163.15 करोड़ रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : राज्य सरकार ने बाढ़ की वजह से फसलों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया है। 34 जिलों में कुल 1,10,989.26 हेक्टेयर फसल प्रभावित हुई थी, जिसमें सर्वाधिक लखीमपुर खीरी के किसान शामिल हैं।

राहत आयुक्त भानु चंद्र गोस्वामी ने बताया कि बाढ़ से 371370 किसानों की फसल प्रभावित हुई। इसके सापेक्ष अब तक 3,12,866 किसानों को 163.151 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जा चुका है। इसमें सबसे अधिक लखीमपुर खीरी के 110105 किसानों को 70.88 करोड़ का भुगतान हुआ है। इसी तरह ललितपुर के प्रभावित 81,839 किसानों में से 54462 किसानों को 21.9 करोड़ रुपये दिए गए हैं। वहीं, सिद्धार्थनगर के 30,144 किसानों की फसल बाढ़ से प्रभावित हुई।

यह जिले बाढ़ से रहे प्रभावित

लखीमपुर खीरी, अंबेडकरनगर, औरैया, अयोध्या, आजमगढ़, ललितपुर, बदायूं, बहराइच, बलिया, बलरामपुर, बांदा, बाराबंकी, बस्ती, बुलंदशहर, फर्रुखाबाद, गोंडा, गोरखपुर, हमीरपुर, हरदोई, हाथरस, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, कुशीनगर, मऊ, मीरजापुर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहांपुर, श्रावस्ती, सीतापुर और वाराणसी।

1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर ब्रेक

बिजली विभाग के टोल फ्री नंबर पर लागू होगी ओटीपी व्यवस्था, तीन माह में नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : अब बिजली आपूर्ति संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए चल रहे टोल फ्री नंबर 1912 पर दर्ज शिकायतों के फर्जी निस्तारण पर ब्रेक लग सकेगा। इस नंबर पर ओटीपी व्यवस्था लागू होगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने तीन माह में नई व्यवस्था लागू करने का निर्देश दिया है।

इस सेवा पर दर्ज हो रही शिकायतों के निस्तारण पर सवाल उठते रहे हैं। इसको लेकर उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने नियामक आयोग ने शिकायत दर्ज कराई थी, साथ ही, इस सेवा में ओटीपी की व्यवस्था लागू करने की मांग की थी। उपभोक्ता परिषद का कहना था है कि उपभोक्ताओं के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर शिकायत के तुरंत बाद सेल्फ जेनरेटेड ओटीपी जारी किए जाएं। साथ ही शिकायत दूर होने के बाद ओटीपी का नंबर बताने पर शिकायत की निस्तारण प्रक्रिया बंद की जाए। आयोग ने नए टैरिफ आदेश में ओटीपी व्यवस्था हर हाल में तीन महीने में लागू करने का निर्देश दिया है।

दरों में कमी के लिए जल्द दाखिल होगी याचिका-उपभोक्ता परिषद : उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 33 हजार करोड़ सरप्लस निकल रहा है। इसके एवज में दरों में कमी नहीं की गई है।



निस्तारण न होने पर आसानी से मिलेगा मुआवजा

आयोग के निर्देश के तहत अब बिजली बिल के पीछे उपभोक्ताओं को मुआवजा का दावा करने संबंधी जानकारी का उल्लेख करना अनिवार्य कर दिया गया है। साथ ही, बिजली दुर्घटनाओं पर निस्तारण और पीड़ित परिवार को मुआवजा मिलने का समय व प्राप्त धनराशि की जानकारी को वेबसाइट पर सार्वजनिक करना अनिवार्य कर दिया है। इससे शिकायत निस्तारण न होने पर उपभोक्ताओं को मुआवजा मिलना आसान हो सकेगा।

हाईवे पर स्टेयरिंग जाम होने से दो कारें भिड़ीं, महिला की मौत

पांच लोग घायल, असम हाईवे पर खमरिया पट्टी के पास हुआ हादसा

संवाददाता, पूरनपुर

अमृत विचारः असम हाईवे पर एक व्यापारी की कार का स्टेयरिंग अचानक जाम होने से दूसरी कार से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त हुई की दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इसमें एक महिला की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया।

बरखेड़ा कस्बे के रहने वाले व्यापारी राजेश कुमार अपने परिवार समेत रिश्तेदारी में खुटार गए थे। वहां से रविवार सुबह कार में अपने घर लौट रहे थे। कार में राजेश के अलावा उनकी पत्नी योग्यता (45), पुत्र शिवम (19) और पुत्री शालिनी (20) थीं। वहीं, उत्तराखंड के पंतनगर निवासी रामेश्वर गुप्ता (54), गोलगेट इलाके के रहने वाले कल्लू सिंह (39) और ओमप्रकाश पंतनगर से लखनऊ जा रहे थे।

असम हाईवे पर खड़ी क्षतिग्रस्त कार।

असम हाईवे पर खमरिया पट्टी गांव के पास पहुंचने पर राजेश कुमार की कार का स्टेयरिंग अचानक जाम हो गया। इससे उनकी गाड़ी अनियंत्रित होने के बाद दूसरी साइड में जाकर रामेश्वर दयाल की कार से टकरा गई। इससे दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। दोनों कारों में सवार छह लोग घायल हो गए। हादसे के बाद तमाम राहगीर एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को कार से निकालकर मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। जहां इलाज के दौरान योग्यता की मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही उनके परिवार वाले भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए, जिससे कोहराम मच गया।

हादसे के बाद एक कार में आग लगी

असम हाईवे पर हुए हादसे में दोनों कारें क्षतिग्रस्त हो गईं। टक्कर लगने के कुछ देर बाद व्यापारी राजेश कुमार की कार में आग लग गई। हालांकि आग हल्की थी, जिससे मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने कुछ ही देर काबू कर लिया गया था।

धर्मांतरण के नहीं मिले सबूत

बरखेड़ा, अमृत विचारः भजन संध्या के नाम पर महिलाओं को एकत्र कर ईसाई धर्म अपनाने लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस को छानबीन के दौरान कोई साक्ष्य नहीं मिले। इस पर हिरासत में लिए गए मकान मालिक समेत दोनों आरोपियों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया।

यह मामला बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कल्यानपुर भंत का है। यहां शनिवार को एक मकान में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में 50 के करीब महिलाएं एकत्र हुईं। इसकी जानकारी मिलने पर हिंदू राष्ट्र शक्ति देशधर्म देवालय संगठन के जिलाध्यक्ष रामनाथ मौर्य तमाम लोगों के साथ पहुंच गए थे और आरोप लगाया था कि भजन संध्या के नाम पर महिलाओं को जमा करके इसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। पुलिस ने मकान स्वामी समेत दो लोगों को हिरासत में ले लिया था। जिलाध्यक्ष ने नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि शिकायतकर्ता धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने से जुड़ा कोई साक्ष्य नहीं दे सके।

ट्रक के नीचे आई बाइक रामपुर के युवक की मौत

संवाददाता, ललौरीखेड़ा /जहानाबाद

अमृत विचारः बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा गांव के पास एसएसबी के ट्रक के नीचे दो बाइक सवार आ गए। इससे एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा घायल हो गया। इसकी सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जनपद रामपुर के थाना भोट क्षेत्र के ग्राम मिलक मिर्जा फैयाज के रहने वाले गुलाम नबी (40) पुत्र नवी अहमद लकड़ी का काम करते हैं। रविवार सुबह वह अपने साथी गांव के नवाब हुसैन (28) पुत्र नूर मोहम्मद के साथ बाइक पर काम के सिलसिले में पीलीभीत आ रहे थे। बाइक नवाब हुसैन चला रहे थे। वह हेलमेट लगाए थे। बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा गांव के पास उनकी बाइक के आगे एसएसबी का ट्रक चल रहा था। एसएसबी मुख्यालय के पास पहुंचने पर चालक ने अचानक ट्रक मोड़ दिया। जिसके बाद बाइक सवार दोनों युवक ट्रक की चपेट में आ गए। इस हादसे में दोनों घायल हो गए। हादसे के बाद कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस वहां पहुंच गई। इसका पता लगने पर एसएसबी के कई जवान पहुंच गए। एसएसबी जवान अपनी एंबुलेंस में घायलों को मेडिकल कॉलेज ले गए। वहां घायल नवाब हुसैन को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे घायल को भर्ती कर इलाज कराया गया। पुलिस ने मृतक की शिनाख्त कर उसके परिवार वालों को सूचना दी। जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजन भी दोपहर तक आ गए। जहानाबाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इंस्पेक्टर मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर गई थी।

हादसे के बाद मौके पर लगी भीड़।

- **बरेली हाईवे पर ललौरीखेड़ा गांव के पास हुआ हादसा**

असम हाईवे पर दो कारों की टक्कर हो गई थी। इसमें एक महिला की मौत हुई है जबकि पांच लोग घायल थे। सभी को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया है। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।
– राजीव कुमार शर्मा, कोतवाल पूरनपुर

संदिग्ध हालात में विवाहिता की मौत हत्या का आरोप

पीलीभीत, अमृत विचारः संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की समौत हो गई। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज के लिए हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। कोतवाली बीसलपुर क्षेत्र के गांव अमरा करोड़ की रहने वाली 27 वर्षीय पारूल गंगवार की शादी 15 दिसंबर 2023 को जहानाबाद थाना क्षेत्र के गांव भानपुर निवासी विद्या प्रसाद से हुई थी। शनिवार को ससुराल वालों ने फोन पर पारूल के बीमार होने की सूचना दी। इस पर मायके वाले वहां पहुंचे तो पारुल मृत मिली। चाचा अजीत कुमार का कहना हे कि ससुराल वाले शादी के बाद से ही दहेज में चार लाख रुपये, सोने की चेन और बाइक की मांग को लेकर पारूल को प्रताड़ित करते थे। इसी में मारपीट कर हत्या कर दी गई। उनका कहना है कि शुक्रवार को मायके वाले पारुल को उसकी ससुराल छोड़कर गए थे। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। इंस्पेक्टर जहानाबाद मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर मौत की वजह पता लग सकेगी। मामले की जांच करा रहे हैं।

डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)
श्वास, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन अरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई ऑस्पिटल
9411477351
समय : – दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : – सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर

डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-
MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

हर दर्द का इलाज करते हैं

डॉ. रूप किशोर
समय
प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

शिखर नर्सिंग होम
Your Health... Our Priority
24 x 7 इमरजेंसी सुविधा
पैनल ऑफ डॉक्टर्स:-
Dr. R.K. Verma
M.D., P.D.C.C. Critical Care
Fellowship in Diabetes
(General & Critical Care Physician)
Dr. Jaya
M.S.
(Obstetrician & Gynaecologist)
Dr. A.K. Gupta
M.S.
(General Surgeon)
Dr. T. Singh
M.S.
(Orthopaedic Surgeon)
सुविधाएँ :
सभी प्रकार के रोगों का योग्य एवं अनुभवी चिकित्सक द्वारा उचित इलाज
वातानुकूलित जनरल एवं प्राइवेट वार्ड
आधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं लेबर रूम
डिजिटल एक्स-रे एवं ई.सी.जी.
ए.बी.जी (ब्लड गैस) की जाँच
पी.एफ.टी.(साँस सम्बन्धी रोगो की कम्यूटराइज्ड जाँच)
24x7 पैथोलॉजी लैब एवं फार्मेसी की सुविधा
गंभीर रोगो के इलाज हेतु एस.डी.यू. की सुविधा
मंगलवार को ओ.पी.डी. निःशूल्क
बी.पी.एल. तथा अंत्योदय कार्ड धारक मरीजों के लिए सप्ताह के सातों दिन 24 घटे चिकित्सक परामर्श (ओ.पी.डी.पर्चा) फ्री
पता- निकट घंटाघर, मेन मार्केट उझानी (बदायूँ)
7465002020
7669891208

शिखर इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी एंड नर्सिंग
Courses Offered :-
ए.एन.एम.
(A.N.M.) For Females only*
Course Code- 13
Recognized by Indian Nursing Council
Affiliated to UP State Medical Faculty, Lucknow
College Code - 092
बी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to A.K.T.U. (Lucknow)
College Code - 969
डी. फार्मा.
Recognized by A.I.C.T.E. & P.C.I.
Affiliated to B.T.E. (Lucknow)
College Code - 2065

कॉलेज परिसर : केन्द्रीय विद्यालयसे 600 मी. आगे (कादरचौक की तरफ), शेखूपुर, बदायूँ
shikharinstituteofpharmacy@gmail.com,
shikharinstituteofnursing@gmail.com
www.sip-budaun.co.in
8267000006, 9690028500
7669291208, 9412295244

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के ऑपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक
डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षो का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

पंचायत के दौरान सास ने ईंट मारकर दामाद का सिर फोड़ा

बरखेड़ा, अमृत विचारः बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम खजुरिया पचपेड़ा की रहने वाली पुष्पा देवी ने बताया कि उनके बेटे संजू शर्मा (26) की शादी दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बढ़ेपुरा की युवती से हुई है। शनिवार को संजू और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। इस पर संजू ने समझौता कराने के लिए फोन करके अपनी सास गुड्डी देवी को बुला लिया। रविवार को दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही थी। इस बीच पति-पत्नी में दोबारा कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसी बीच संजू के सिर में उसकी सास ने ईंट मार दी, जिससे वह लहूलुहान हो गया। उसकी चीख सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए और बीच बचाव कराया। आनन-फानन में घायल संजू को सीएचसी बरखेड़ा ले जाकर भर्ती कराया गया। इस मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

जनपद में 400 से अधिक किसान सोलर पंप से कर रहे फसलों की सिंचाई, पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना कमा रहे मुनाफा

सूरज की किरणों से चमक रही तराई के अन्नदाताओं की किस्मत

सुनील यादव, पीलीभीत

अमृत विचारः वे ज्यादा पढ़े लिखे नहीं है, लेकिन उन्हें अपने पेशे की खासी समझ है। वे यह बात बखूबी जानते हैं कि समय के बचत और पर्यावरण का ख्याल रखकर आर्थिक तरक्की को पाया जा सकता है। यहां बात तराई के उन किसानों की हो रही है जिन्होंने कभी खून-पसीना बहाकर बंजर भूमि को फसलें उगाने लायक बनाया।

अब यहां किसानों ने खेती-किसानी में पारंपरिक तौर-तरीकों से हटकर नए-नए प्रयोग करने शुरू कर दिए हैं। जनपद में कई ऐसे किसान है जिन्होंने सूरज की किरणों से फसलों की सिंचाई करनी शुरू कर दी है। सोलर पंप के जरिए अधिकांश किसान फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। इससे उन्हें खासा मुनाफा हो रहा है। तमाम झंझटों और महंगे डीजल से आजिज आए अन्य किसान भी इसी राह पर चल पड़े हैं।

छत पर लगा सोलर दिखाते किसान हरिओम। ● अमृत विचार

तराई की गोद में बसा पीलीभीत कृषि प्रधान जिला माना जाता है। धान, गेहूं, गन्ना यहां की मुख्य फसलें हैं। वर्तमान में यहां के अधिकांश किसान खेती-किसानी के पारंपरिक तौर-तरीके छोड़कर नई-नई तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में मिसाल कायम कर रहे हैं। चाहे जैविक खेती की बात हो या फिर बेमौसमी सब्जी फसलों का उत्पादन हो, किसान एक दूसरे से खेती-किसानी के टिप्स लेकर दिनोंदिन तरक्की की ओर अग्रसर हैं। यहां के किसानों ने सूरज की किरणों से बनी बिजली से अपनी फसलों की सिंचाई शुरू कर दी है। कृषि विभाग की ओर से अनुदान पर मिलने वाले सोलर पंप किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। बिना बिजली और डीजल के किसान सोलर पंप लगवाकर अपनी फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। सोलर पंप की खासियत यह है कि सूरज की रोशनी पड़ते ही पानी उगलने लगता है, और जैसे ही सूरज की रोशनी छिपी तो यह बंद हो जाता है। पिछले एक-डेढ़ साल से यह सोलरपंप यहां के किसानों को खूब भा रहा है। यही वजह है कि पिछले वर्ष 400 से अधिक किसानों ने अनुदान पर सोलर पंप लेकर फसलों की सिंचाई करनी शुरू कर दी है। समय की बचत और महंगे डीजल से निजात मिलती देख अन्य किसानों ने भी कृषि विभाग में सोलर पंप लेने के लिए आवेदन करना शुरू कर दिया है।

देवीपुरा के हरिओम ने बदल दी किस्मत

पीलीभीत-माधोटांडा रोड स्थित गांव देवीपुरा के किसान हरिओम गंगवार को सोलर पंप से फसलों की सिंचाई करना वरदान बन गया। सोलर पंप से फसलों की सिंचाई उन्हें इस कदर भायी कि उन्होंने बिजली कनेक्शन ही कटवा दिया। अब हरिओम फसलों की सिंचाई केवल सोलर पंप से करते हैं। उन्होंने बताया कि कुछ साल पहले उनके पिता ने 02 एचपी का सोलरपंप लिया था। समय और खर्चा बचा तो उन्होंने 05 एचपी का सोलरपंप लगवाया है। जैविक खेती के शौकीन हरिओम बताते हैं कि मौजूदा समय में जो दैवीय आपदाएं आ रही हैं, वह कहीं न कहीं मानव द्वारा किए गए पर्यावरणीय नुकसान का नतीजा है। अन्य किसानों को भी सोलर पंप से सिंचाई करनी चाहिए। इससे महंगे डीजल, समय और लेवर की खासी बचत होती है। इन सबके चलते अब उन्हें प्रति एकड़ खासा मुनाफा भी हो रहा है।

हरनेक सिंह के लिए मददगार बना सोलरपंप

गायबोझ निवासी किसान हरनेक सिंह सोलर पंप की खूबियां गिनाते नहीं थकते। हरनेक सिंह 02 एचपी के सोलर पंप से फसलों की सिंचाई करते हैं। उन्होंने बताया कि सूरज की किरणों के साथ ही उनका पंप चलना शुरू होता है और सूरज की रोशनी छिपते ही पंप बंद हो जाता है। इसमें फायदे ही फायदे हैं। घर में लगे स्विच बोर्ड से ही सब कुछ ऑपरेट होता है। इसके लिए उन्हें किसी मजदूर की जरूरत नहीं होती। घंटों सिंचाई में खर्च होने वाले महंगे डीजल से इसी सोलर पंप से निजात दिलाई है। दूसरे किसानों को इसका फायदा लेना चाहिए।

पुलिस का रौब दिखाकर युवक को पीटा

गजरौला, अमृत विचारः थाना क्षेत्र के गांव खाग के रहने वाले बाबूराम ने गजरौला थाने तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र जोगेंद्र पाल शुक्रवार शाम साढ़े छह बजे नहर की तरफ से टहलकर अपने घर की ओर आ रहा था।

रास्ते में गांव के ही सनी सनी कश्यप ने उसको रोक गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। जिससे जोगेंद्र पाल के कान में चोट आई। गांव के ही काफी लोग उस वक्त मौजूद थे। आरोपी जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुए मारपीट करता रहा।

आरोपी ने लोकल पुलिस से सांठगांठ होने की बात कहते हुए मारने की धमकी दी। दूसरे दिन पीड़ित जब जा रहा था तो आरोपी ने अपमानित किया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

पराली जलाते पकड़े गए दो किसान, सम्मान निधि बंद

सेटेलाइट से मिली सूचना के आधार पर तहसील प्रशासन ने की कार्रवाई, दोबारा जलाने पर होगी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः शासन ने पराली जलाने पर रोक लगा रखी है। इसके अनुपालन में प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि पराली जलाने पर सख्त कार्रवाई होगी। शासन-प्रशासन के तमाम प्रयासों के बाद भी खेत में पराली जला दी गई। सैटेलाइट से मिली सूचना के आधार पर किए गए सत्यापन में दो किसानों द्वारा पराली जलाने की बात उजागर हो गई। इन दोनों किसानों से जुर्माना वसूला गया है। साथ ही इन किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि बंद कर दी जाएगी। विभिन्न योजनाओं के लाभ से वंचित भी किया जाएगा। दोबारा पराली जलाने पर एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी गई है।

बरखेड़ा क्षेत्र में जलाई गई पराली देखता कर्मचारी। ● अमृत विचार

जनपद में बड़े पैमाने पर धान की पैदावार होती है। धान की कटाई के बाद किसान खेतों में पराली को जला देते हैं, ताकि अगली फसल की बुवाई जल्द की जा सके। जबकि पराली जलाने पर रोक है। बीते माह जिला प्रशासन ने इसे लेकर आदेश जारी किया था। डीएम संजय कुमार सिंह ने फसल अवशेष प्रबंधन एवं फसल अवशेष जलाने से होने वाले प्रदूषण की रोकथाम की व्यवस्था करते हुए कटाई के दौरान कंबाइन हार्वेस्टर के साथ स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस) का प्रयोग करने पर जोर दिया था। मगर, धरातल पर पराली जलाने को लेकर हालात बदल नहीं सके हैं।

जनपद में धान की कटाई के साथ पराली जलाने की घटनाएं भी प्रकाश में आने लगी है। हालांकि पराली जलाने वालों पर नजर रखने के लिए सैटेलाइट से निगरानी की जा रही है। रविवार को दोपहर बाद सैटेलाइट से बरखेड़ा क्षेत्र के गांव बकैनिया ताल्लुके महद में पराली जलाने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर राजस्व एवं कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम को खेत में पराली जलती मिली। सत्यापन के दौरान पाया गया कि चरनजीत कौर पत्नी सौदागर सिंह एवं सुरेंद्र सिंह पुत्र अवतार सिंह निवासी नदहा तहसील कलीनगर द्वारा खेत में पराली जलाई गई। तहसील प्रशासन ने दोनों किसानों से 2500 रुपये का जुर्माना वसूला है। दोषी किसानों की पीएम किसान सम्मान निधि के साथ-साथ विभिन्न विभागों की योजनाओं के लाभ से भी वंचित किया जाएगा। इधर, जिला प्रशासन ने पराली जलाने में दोषी पाए जाने पर संबंधित किसान का असलहा लाइसेंस निरस्त करते हुए सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी है।

प्रशासन की सख्ती के बाद भी जला दी गई पराली

"फसल अवशेष जलाने पर दो किसानों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। किसानों से अपील की कि धान की कटाई उपरांत पराली जलाएं नहीं बल्कि उसे खाद के तौर पर इस्तेमाल करें। किसान अपनी पराली को नजदीकी गोवंश आश्रय स्थल में दान कर सकते हैं। - संजय कुमार सिंह, जिला अधिकारी

किसानों पर पहले भी हो चुकी है कार्रवाई

पराली जलाने को लेकर वैसे तो हर साल आदेश दिए जाते हैं। राजस्व और पंचायत राज विभाग के अफसर-कर्मचारियों को भी जिम्मेदारी दी जाती है। मगर, खेतों में पराली जलाने की घटनाएं पहले भी होती रही है। बीते सालों में कई जिम्मेदारों पर निलंबन की कार्रवाई भी की गई थी। जागरुकता के लिए गांव-गांव जाकर अफसरों ने बैठकें कराई थी। इसके बाद सख्ती बढ़ी और किसानों पर मुकदमें दर्ज किए गए तो विरोध भी बढ़ा। जिसके बाद कहीं न कहीं मुहिम भी ठंडे बस्ते में जाती रही है।

माधोटांडा में लकड़ी लदी साइकिलें बरामद, ले जाने वाले आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः पीटीआर में तमाम बंदिशों के बीच जंगल से जलौनी लकड़ी निकलने पर डिप्टी डायरेक्टर ने कड़ी नाराजगी जताई है। लकड़ी लदी चार साइकिलें पकड़े जाने पर उन्होंने जंगल को हुए नुकसान की भरपाई के लिए संबंधित स्टाफ से वसूली करने के निर्देश दिए हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व में आम आदमी के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध है। जंगल में अवैध घुसपैठ रोकने के लिए लगातार गश्त करने के दावे भी किए जाते हैं। मगर जंगल में अवैध घुसपैठ के मामले अकसर प्रकाश आ रहे हैं।

रविवार सुबह वनकर्मियों की टीम ने माधोटांडा क्षेत्र में जंगल की लकड़ी लदी चार साइकिलें को पकड़ लिया। बताते है कि टीम को देखकर लकड़ी लेकर आ रहे ग्रामीण साइकिलें छोड़कर भाग निकले। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर लकड़ी लदी साइकिलों को रेंज कार्यालय लाया गया। इधर, मामला डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह के संज्ञान में आया तो खासी नाराजगी जताई। उन्होंने जंगल के नुकसान पर संबंधित क्षेत्र के स्टाफ से वसूली करने के निर्देश दिए।

जंगल से जाते समय पकड़ी गईं लकड़ी।

डिप्टी डायरेक्टर ने दिए वनकर्मियों से वसूली के निर्देश

"जंगल से जलौनी लकड़ी लाने का मामला संज्ञान में आया है। साइकिलों पर लकड़ी ले जाई जा रही थी। इस मामले में संबंधित स्टाफ से हुए नुकसान की वसूली करने के निर्देश दिए गए हैं। भविष्य में इस तरह के मामले प्रकाश आने पर संबंधित क्षेत्र के स्टाफ को जिम्मेदार मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। - मनीष सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

दोबारा केस मिलने पर कर्मचारी होंगे जिम्मेदार

प्रतिबंध के बावजूद जंगल से जलौनी लकड़ी निकलने की घटना के बाद डिप्टी डायरेक्टर एक्शन मोड में हैं। उन्होंने भविष्य में इस तरह का केस मिलने पर संबंधित क्षेत्र के स्टाफ को ही जिम्मेदार ठहराने की बात कही है। उन्होंने रेंज अफसर को वन वॉचरों की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए हैं। कहा कि यदि इस तरह की घटनाएं नहीं थमी तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सार-संक्षेप

महिलाओं को बताए अधिकार, पंपलेट बांटे

पीलीभीत। मिशन शक्ति फेज 05 के तहत एसपी अविनाश पांडेय के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत जनपद के समस्त थानों की पुलिस ने गांव-गांव जाकर महिलाओं को जागरूक किया। रविवार को विभिन्न गांवों में पुलिस कर्मी टीम बनाकर पहुंचे और महिलाओं संग बैठक की। उन्हें मिशन शक्ति अभियान से जुड़े पंपलेट वितरित किए। मिशन शक्ति को सफल बनाने की जिम्मेदारी महिला पुलिस कर्मियों को दी गई है। पुलिस कर्मी टीम बनाकर गांवों में जा रही हैं। रविवार को चौपाल लगाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान मिशन नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन को देखते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। हेल्पलाइन नंबर, महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, बाल श्रम उन्मूलन, वूमेन पावर लाइन, साइबर हेल्पलाइन, साइबर सुरक्षा, शिक्षा स्वास्थ्य, व आत्मरक्षा संबंधी टिप्स दिए गए। सरकार की योजनाओं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण मिशन, रानी लक्ष्मीबाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। एसपी अविनाश पांडेय ने बताया कि मिशन शक्ति फेस 05 के तहत शहरी व ग्रामीण अंचलों की महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है।

सर सय्यद डे से पहले कराई गईं प्रतियोगिताएं

पीलीभीत, अमृत विचारः शहर के एक बरात घर में 17 अक्टूबर को सर सय्यद डे मनाया जाएगा। इससे पहले रविवार को एएमयू ओल्ड बॉयज फोरम ने कला, निबंध, स्पीच, स्टैंडअप कॉमेडी प्रतियोगिताएं कराई। इस प्रतियोगिता में लायंस बाल विद्या मंदिर, लिटिल एंजेल्स स्कूल, एसएन इंटर कॉलेज, इकरा पब्लिक गर्ल्स इंटर कॉलेज, एचआरके पब्लिक स्कूल, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, गोस्वामी मॉन्स प्राइड स्कूल, जामए उ अनवर पब्लिक स्कूल, निसरा पब्लिक स्कूल, फलाए आम पब्लिक स्कूल, पुष्प इंस्टीट्यूट के बच्चों ने प्रतिभाग किया। एएमयू ओल्ड बॉयज फोरम के अध्यक्ष एमए जिलानी ने बताया कि विजेताओं को 17 अक्टूबर को डीएम पुरस्कृत करेंगे। उसी दिन स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इसमें केजीएमसी लखनऊ, एम्स दिल्ली, मुंबई, बरेली व पीलीभीत मेडिकल कॉलेज के चिकित्सक जांच कर दवाएं वितरित करेंगे। इस मौके पर आरिज अली, मतलूब, अख़लाक़ खान, डॉ. सलमान, मेराज हुसैन, प्रतिभा सेठ, असद जका आदि मौजूद रहे।

अवैध खनन की सूचना पर छापा, 8 ट्रैक्टर-ट्राली सीज

बीसलपुर, अमृत विचारः क्षेत्र में अवैध खनन का धंधा लगातार जारी है। अवैध खनन की सूचना मिलने पर पुलिस ने भड़रिया मोड़ पर छापा मारकर मिट्टी लदी आठ ट्रॉलियां पकड़ लीं, जिन्हें ट्रैक्टर समेत सीज कर दिया। रविवार को बीसलपुर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि रसाया खानपुर मार्ग पर मिट्टी लदे अवैध खनन के वाहन दौड़ रहे हैं। इस पर कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला के निर्देश पर एसएसआई जितेंद्र सिंह रावत, चीनी मिल चौकी प्रभारी आयुष कुमार ने पुलिस बल के साथ बरेली मार्ग पर भड़रिया मोड़ के पास देर रात दबिश दी। यहां से टीम ने मिट्टी लदी आठ ट्रैक्टर ट्रालियों को पकड़ लिया। कोतवाल ने बताया कि पकड़ी गई ट्रैक्टर ट्रॉलियों को सीज कर कोतवाली में लाकर सीज किया गया है।

राष्ट्रीय समूह ज्ञान प्रतियोगिता में कई स्कूलों के बच्चों ने किया प्रतिभाग

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचारः भारत विकास परिषद की ओर से रविवार को शहर के बेनहर पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय समूह ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बरेली, बदायूं, पूरनपुर, पीलीभीत की टीमों ने भाग लिया।

सर्वप्रथम मां सरस्वती व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। फिर वंदेमातरम गीत का गायन हुआ। समस्त टीमों ने संस्कृत के गीत प्रस्तुत किए। संस्कार पर्यवेक्षक के रूप में मुरादाबाद से आए रीजनल सचिव अजय बिश्नोई ने भारत विकास परिषद टाइगर शाखा पीलीभीत की प्रशंसा की। कार्यक्रम में सहयोग के लिए पुष्प इंस्टीट्यूट के प्रशासक अनुज भटनागर, बेनहर स्कूल के एमडी डॉ. परविंदर सिंह सैहमी, सुमन कंप्यूटर के संचालक सौरभ सक्सेना, संतोष सिंह का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि रीजनल अध्यक्ष आगरा के डॉ. तरुण शर्मा ने बच्चों से और अधिक मेहनत करने को कहा। हिंदी का गायन सभी टीमों ने किया। इसके बाद प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे। ● अमृत विचार

चिरौंजीलाल वीरेंद्रपाल सरस्वती विद्या मंदिर की टीम रही विजेता

चिरौंजीलाल वीरेंद्रपाल सरस्वती विद्या मंदिर की टीम विजेता रही। शाखा की ओर से आगामी मुरादाबाद में होने वाले रीजनल क्रांति सामूहिक प्रतियोगिता में रुहेलखंड पूर्व प्रांत की ओर से ये टीम भाग लेगी। समस्त टीमों को ट्रॉफी एवं सर्टिफिकेट दिए गए। इस मौके पर डॉ. अनिल सक्सेना, विशाखा प्रसाद, मुकंदीलाल पांडे, किरण डावर संजीव जॉली, डॉ. अनुरिता सक्सेना, शशि गुप्ता बाला, उर्मिला शर्मा, मंजू सक्सेना, राहुल यदुवंशी, जगदीश सक्सेना अशोक शर्मा, लक्ष्मीकांत शर्मा आदि मौजूद रहे।

तटबंध को लेकर धरना-प्रदर्शन जारी

पूरनपुर, अमृत विचारः शारदा पार इलाके धनाराघाट से खिरकिया बरगदिया तक पक्का तटबंध बनाने की मांग की जा रही है। इसे लेकर भाकपा (माले) का गांव राहुल नगर में बेमियादी धरना प्रदर्शन चल रहा है, ताकि क्षेत्र को बाढ़ से बचाया जा सके। इसके स्थायी इंतजाम हो। नौवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। सभा करते हुए अपनी बात रखी गई। हालांकि अभी तक किसी जिम्मेदार अफसर के न पहुंचने पर नाराजगी भी जताई। कहा कि शारदा नदी हर साल क्षेत्र में तबाही मचाती है। ऐसे में जरूरी है कि बाढ़-कटान से निजात दिलाने के लिए गांव चंदिया हजारा से खिरकिया बरगदिया तक पक्का तटबंध बनाया जाए। साथ ही किसानों की शारदा नदी में समाई जमीन के बदले जमीन और बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाया जाए। मगर इस ओर गंभीरता नहीं बरती जा रही है। इस मौके पर शीतल, पूजा, कल्पना, मनीषा, रानी, खुशबू, ममता, रिंकी, नाजमा, विजय लक्ष्मी, राजमती, सपना, निर्मला, आफरीन, राजमती, सरस्वती, गुंजा, मनीषा आदि रहे।

गोपी टॉकीज मार्ग से हटी सब्जी मंडी, नई जगह लगी

मोहल्ला दुर्गा प्रसाद में लगीं सब्जी की दुकानें। ● अमृत विचार

संवाददाता, बीसलपुर

अमृत विचारः बारह पत्थर चौराहे से गोपी टॉकीज मार्ग पर लगने वाली सब्जी मंडी को नगर पालिका प्रशासन ने दीपावली से पहले रविवार को शिफ्ट कर दिया। अब नए स्थान पर सब्जी विक्रेताओं की दुकानें लगवाई गई हैं।

बारह पत्थर चौराहे से गोपी टॉकीज मार्ग तक सब्जी व फल विक्रेता कई वर्षों से सड़क पर अवैध कब्जा कर दुकानें लगा रहे थे। इससे आवागमन बाधित होता था। व्यापारी नेता राकेश मित्तल के नेतृत्व में पिछले दिनों व्यापारियों ने सब्जी मंडी को हटवाने का आग्रह पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अमन जायसवाल उर्फ निक्की से किया था। जनहित में समस्या को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन ने दीपावली से पहले रविवार को सब्जी मंडी व फल की दुकानों को हटवा दिया। मोहल्ला दुर्गा प्रसाद स्थित नई सब्जी मंडी स्थल पर दुकानों को लगवाया गया है। चेतावनी दी गई है कि गोपी टॉकीज मार्ग पर दोबारा दुकानें व ठेले लगाने पर कार्रवाई होगी।

नजदीक आया करवाचौथ का त्योहार, चमकने लगा बाजार

कार्यालय संवाददाता पीलीभीत

अमृत विचारः नवरात्रि और दशहरा पर्व होने के बाद भी बाजार में उछाल बरकरार है। अब सुहागिनों का पर्व करवा चौथ नजदीक आने से बाजार में रौनक बढ़ गई है। खासकर साड़ी और कॉस्मेटिक सामान की खरीदारी ने तेजी पकड़ी है। व्यापारियों ने भी ग्राहकों को लुभाने का खास इंतजाम कर रखा है।

करवा चौथ के लिए पूजन का सामान खरीदतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

जेपी रोड स्थित शोरूम में साड़ियों की खरीददारी करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

श्राद्ध पक्ष में बाजार सुस्त रहा। नवरात्रि से त्योहारी सीजन की शुरुआत हुई। धीरे-धीरे व्यापारियों के चेहरे पर खुशी दिखाई देने लगी है। नवरात्रि और दशहरा के मौके पर काफी खरीदारी हुई। 20 अक्टूबर को करवा चौथ पर्व मनाया जाएगा। ये पर्व सुहागिनों के लिए सबसे खास रहता है। इसकी तैयारियां सुहागिनों की ओर से शुरू कर दी गई हैं। बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। पति की दीर्घायु के लिए, सुहागिनें करवा चौथ का व्रत रखती हैं। इस बार खास तरह की कांच की फैंसी चूड़ियां, कंगन, बिंदी बाजार में आ गए हैं। करवा चौथ से आठ दिन पहले रविवार को बाजार में इसकी खरीदारी बढ़ गई। दुकानों पर ग्राहकों के बीच अधिकांश महिलाएं खरीदारी करती दिखीं। शहर के स्टेशन रोड, जेपी रोड, चौक बाजार, लाल रोड, नौंबू मंडी के आसपास की दुकानों पर अधिक भीड़ रही। व्यापारियों का भी मानना है कि करवा चौथ पर अच्छी बिक्री होगी। साड़ी से लेकर चूड़ी बाजार तक सब चमक उठा है। दुकानदारों के मुताबिक पहले बाजार में मेटल के कड़े ज्यादा पसंद किए जाते थे, लेकिन इस बार महिलाओं में कांच के कड़े पहली पसंद बने हुए हैं। इस बार नग वाले समस्त कलर में साड़ी के रंगों से मैच करते हुए कड़े, मल्टी कलर कड़े बाजार में 50 रुपये से लेकर 450 रुपये तक उपलब्ध है। वहीं कॉस्मेटिक की दुकानों पर भी भीड़ है। महिलाएं अपने सौंदर्य प्रसाधन के सामान को जमकर खरीदारी कर रही हैं। साड़ी सूट की दुकान गुलजार है।

मिट्टी के सजावटी कलश की बिक्री शुरू

करवा चौथ पर बाजार में मिट्टी और स्टील के कलश की बिक्री हो रही है। मिट्टी के कलश के साथ सजावटी कलश भी आए हुए हैं। मिट्टी का सामान्य कलश 20 रुपये और सजावटी कलश 40 रुपये में बिक रहा है। सजावटी कलश भी मिट्टी का बना है। हालांकि माना जा रहा है कि अभी दामों में बढ़ोतरी भी होगी। उस पर कपड़े की आकर्षक सजावट की गई है। इसके अलावा सजावटी थाली भी महिलाएं खरीद रही हैं।

साड़ी की दुकानों पर उमड़ने लगी भीड़, कॉस्मेटिक की खरीदारी बढ़ी

जरकन वाली फैंसी चूड़ियों की मांग ज्यादा

कास्मेटिक विक्रेता सलीम अंसारी ने बताया कि प्लेन चूड़ी से लेकर डिजाइन वाली चूड़ियां बिक रही हैं। मगर, सबसे ज्यादा जरकन वाली चूड़ी पसंद की जा रही है। 25 से 450 रुपये तक की चूड़ी उपलब्ध है। साड़ी से मैच करती चूड़ियां सुहागिनें खरीद रही हैं। कॉस्मेटिक की खरीदारी करने आईं पूनम ने बताया कि उसने साड़ी के रंग के मैच की चूड़ियां और कांच के कड़े खरीदे हैं। इसके अलावा मेकअप के सामान की भी खरीदारी की है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ

डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रूहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली
मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक
- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।

संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

क्या आप नि:संतान हैं? आज ही सम्पर्क करें
माहेश्वरी अस्पताल एवं श्रद्धा IVF सेंटर

डा. श्रद्धा माहेश्वरी
Senior IVF Consultant,
Gynaecologist & IVF Specialist
: सम्पर्क सूत्र :
9548521316
0581-3583111
पता: बन्नूवाल नगर, ट्यूलिप ग्रांड के सामने पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
बाँझपन के प्रमुख कारण:-
महिलाओं में:-
- समय पर महावारी न होना
- असंतुलित हार्मोन्स
- अण्डो का न बनना
- अधिक उम्र
- नलों का बंद होना
पुरुषों में:-
- शुक्राणु निल होना
- शुक्राणु का कम होना
- शुक्राणुओं की गति धीमी होना

उपलब्ध सुविधाएं
- IUI - IVF - ICSI
- Hysteroscopy - Laparoscopy
IVF/IUI मेगा फ्री कैम्प
सेंटर की शानदार सफलता और वर्षगांठ के शुभ अवसर पर आईवीएफ निसंतान दंपत्तियों के लिए
-: दिनांक :-
14/15/16 अक्टूबर 2024 पर विशेष छूट
सभी बच्चेदानी व अंडेदानी की गांठ/ रसौली का ऑपरेशन दूरबीन विधि द्वारा उपलब्ध।
Artificial Insemination, Egg/Sperm Donor Facility Available
नि:संतान दम्पत्तियों के लिए पहला परामर्श
सोमवार से शनिवार प्रात: 10:00 बजे से 6:00 बजे तक
बरेली में विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित IVF लैबऔर उच्च सफलता दर वाला IVF सेन्टर
लोकेशन के लिए स्कैन करें

कोच तैनात न होने से दम तोड़ रहीं खेल प्रतिभाएं

स्पोर्ट्स स्टेडियम में नौ खेलों के सापेक्ष सिर्फ चार कोच तैनात, 20 साल में भी तैयार नहीं हुआ गोला में स्टेडियम

संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: जिले की खेलों का बुरा हाल है। इसकी वजह प्रतिभाओं को तराशने के लिए कोचों का न होना है। यही वजह है कि खेल संबंधी बेहतर प्रशिक्षण के अभाव जिले प्रतिभाएं खेलों में देश एवं प्रदेश स्तर पर स्थान तक नहीं बना पा रही हैं। स्पोर्ट्स स्टेडियम को नौ खेल आवंटित है, जिसमें से कोच सिर्फ चार के ही तैनात हैं। हालांकि कुछ प्रतिभाओं ने स्वयं की मेहनत के दम पर खेलों में कामयाबी जरूर पाई है।

एक तरफ खेलों को बढ़ावा देने से लेकर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए सरकारें खेलेगा इंडिया तो जीतेगा इंडिया कार्यक्रम शुरू कर इस पर करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। तो वहीं दूसरी तरफ लालपुर में स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में सभी खेलों के कोच तक नियुक्त नहीं हो सके। कोच के अभाव में संशाधनों में भी कमी है। ऐसे में सुबह-शाम खेलों का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों के निराशा ही हाथ लगती है। कोच, संशाधन एवं सुविधाओं के अभाव में जिले की खेल प्रतिभाएं दम तोड़ रही हैं।

जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम लालपुर। ● अमृत विचार

बिना जानकारी नहीं हो सकता खेलों में बेहतर प्रदर्शन

पूर्व हॉकी खिलाड़ी तृप्ति अवस्थी बताती हैं कि हर खेल के अपने नियम और कायदे हैं, जिनकी बारीकियों के बारे में संबंधित कोच ही बता सकता है। बिना खेल के नियम जाने और प्रतिभागिता की पूर्ण जानकारी के अभाव में खिलाड़ी मैदान पर बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकता। जिला मुख्यालय पर स्पोर्ट्स स्टेडियम तो है। मगर, आधे से अधिक खेलों के कोच ही नहीं है। जिसके चलते खिलाड़ियों को प्रशिक्षण तक नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है जिले की खेल प्रतिभाएं उचित मार्गदर्शन, प्रशिक्षण आदि न मिलने पर अपनी प्रतिभा निखारने में असफल रहते हैं।

जिले में खेल सुविधाएं

- जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम -लालपुर लखीमपुर
- राजेंद्रगिरि स्पोर्ट्स स्टेडियम गोला- अधूरा

जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में इन खेलों की सुविधा

जिला खेल कार्यालय में एथलेटिक्स, वालीबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, हॉकी, फुटबॉल, बैडमिंटन, तैराकी, क्रिकेट खेल की सुविधा है, लेकिन कोर्च सिर्फ फुटबॉल, हैंडबॉल, एथलेटिक्स और हॉकी के तैनात हैं। अन्य खेलों के कोच लंबे समय से नहीं है।

स्टेड़ियम न बनने से खेल प्रतिभाएं मायूस

करीब 20 साल पहले पब्लिक इंटर कॉलेज परिसर में स्वर्गीय राजेंद्र गिरि के नाम से स्टेडियम बनाने की नींव रखी गई, लेकिन खिलाड़ियों को इसकी सौगात आज तक नहीं मिल पाई है। जबकि इस पर करीब 86 लाख रुपये खर्च तक हो चुके हैं। बता दें कि साल 2003 में तत्कालीन विधायक अरविंद गिरि ने पब्लिक इंटर कॉलेज में स्टेडियम निर्माण की नींव रखी, जिसका शिलान्यास पांच नवंबर 2003 को तत्कालीन संसदीय कार्य एवं नगर विकास मंत्री आजम खां ने किया था। इसका निर्माण शुरू कराने के लिए विधायक अरविंद गिरि ने 2004 में अपनी निधि से 10 लाख रुपये दिए। इसके बाद 2006 में 19 .95 लाख, 2007 में 20 लाख, 2008 में 17 .73 लाख, 2010 में 18 .51 लाख रुपये और दिए गए। इन पैसों से स्टेडियम का मुख्य द्वार एवं अंदर पांच अन्य द्वार बनने के साथ आधे मैदान पर सीढ़ियों ही का निर्माण हुआ। मगर, इसके बाद इसमें एक ईंट तक न लगी। इस बीच विधायक अरविंद गिर की मौत हो गई। इससे न तो उनका ही सपना पूरा हुआ और न ही गोला नगर की खेल प्रतिभाओं का।

अभी हाल में ही स्पोर्ट्स स्टेडियम में तैनाती हुई है। हमको मिलाकर सिर्फ चार खेलों के ही कोच हैं। भले ही अन्य खेलों के कोच न हो, लेकिन बच्चों को उनके बारे में जानकारी देकर अभ्यास कराया जाता है। हालांकि जिन खेलों के कोच नहीं है। इसके लिए शासन को लिखा गया है। **-मोहम्मद इरफान,** उपक्रीड़ा अधिकारी एवं अंतर राष्ट्रीय कोच हैंडबॉल

13 दिन बाद दर्ज हुई चोरी की रिपोर्ट

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भल्लिया बुजुर्ग में 13 दिन पूर्व हुई लाखों की चोरी की रिपोर्ट पुलिस ने बमुश्किल दर्ज की है। भल्लिया बुजुर्ग निवासी नसीम खान एडवोकेट ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसके घर में 30 सितंबर की रात चोरों ने घर के अंदर घुसकर अलमारी का ताला तोड़ एक जोड़ी सोने की झुमकी, सोने के दो हार, दो मंगलसूत्र, पांच रत्ती सोने के दो जोड़ी झाले, 6 अंगूठी, दो मटर माला, सोने के चार कंगन, एक सोने की चेन, एक जोड़ी कुंडल, 2 जोड़ी चांदी पायल, दो जोड़ी पतली पायल, कपडे और 28 हजार रूपये की नगदी चोरी कर लिए थे। पीड़ित रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए हैदराबाद थाना से लेकर अधिकारियों तक के चक्कर लगाता रहा लेकिन पुलिस 12 दिनों तक हीला हवाली करती रही।

पत्नी की पिटाई कर घर से निकाला

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बक्खारी की विवाहिता को उसके पति ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। विवाहिता की मां ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बक्खारी निवासी शत्रोहन की पत्नी रेखा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि शुक्रवार को उसकी पुत्री सरोजनी को घरेलू हिंसा में दामाद सुनील ने मारा पीटा और घर से निकाल दिया। जब उसकी पुत्री मायके आ गयी तो दामाद सुनील भी पीछे से आया और उसने उसके ऊपर ईंट से प्रहार कर घायल कर दिया। बीच बचाव करने आई उसकी पुत्री को फिर मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

शोभायात्रा के साथ देवी प्रतिमाओं का विसर्जन

सड़कों पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, अबीर-गुलाल उड़ाते हुए नाचते-गाते गए भक्त

भैंठिया के वैष्णो दरबार की मूर्ति बड़ी नहर में विसर्जित करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

रजागंज में मूर्ति विसर्जन करने जाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, मूड़ा सवारान

अमृत विचारः ग्राम पंचायत भैंठिया में शारदीय नवरात्र पर सजाए गए मां वैष्णो दरबार की प्रतिमाओं का विसर्जन बैंड बाजों के साथ किया गया। वैष्णो दरबार से देवी-देवताओं की प्रतिमाओं को फूलों से सजी ट्राली पर रखकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

ग्राम पंचायत भैठिया में सजाए गए 31वें वैष्णो दरबार में स्थापित प्रतिमाओं को सजी ट्रॉली पर रखकर शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में सबसे आगे महिलाएं सड़क पर झाड़ू लगाते चल रही थी, भक्तों द्वारा पानी का छिड़काव किया जा रहा था। शोभा यात्रा में सबसे आगे बैंड बाजों के साथ बजरंगबली की सजीव झांकी उसके बाद पुष्प वर्षा कर मां की झांकी से सजी ट्राली चल रही थी। ट्राली के पीछे अबीर गुलाल उड़ाते श्रद्धालु महिलाएं और पुरुष चल रहे थे। साथ ही एक कुंटल 51 किलो लड्डू के भोग का प्रसाद बांटा गया। कई जगह मटकी फोड़ का कार्यक्रम भी रखा गया। शोभा यात्रा कई गांव से गुजरते हुए शारदा ब्रांच की नहर के घाट पहुंची जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती कर भक्तों ने मां से क्षमा याचना कर प्रतिमाओं को जयकारों के साथ विसर्जित किया। इस दौरान साथ में पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा। रामराखन राठौर, सचिन सोनी, कमलेश गुप्ता, प्रमोद सोनी, सुशील सोनी, राजेश नंद, विशाल राठौर, सत्यम सोनी, शुभम गुप्ता, सार्थक सोनी सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

मइया के नाम की माला जपेगा कोई दिलवाला...

बिझौली, अमृत विचार : शारदीय नवरात्र के समापन पर बिझौली, चिंतापुरवा, बरगदिया रजागंज आदि स्थानों पर दूर्गा पूजा महोत्सव के पांडालों से माता रानी का जुलूस धूमधाम के साथ निकला। जूलूस जमुनहा, रमुआपुर बिझौली, चिंतापुरवा, लखैया सहित कई ग्रामों के प्रमुख मार्गो से होते हुए उल्ल नदी के मनवापुर घाट विसर्जन स्थल पंहुचा, जहां देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। दुर्गा पूजा महोत्सव के अंतिम दिन मइया के नाम की माला जपेगा कोई दिलवाला और अशोक वाटिका में हनुमान के किरदार में हरिओम मौर्या ने खूब वाहवाही लूटी। कन्हैया तेरे प्यार में लुट गए बीच बाजार में, शिव तांडव, शिव विवाह आदि की झांकी प्रस्तुत की तो चिंतापुरवा में मैया यशोदा ये तेरा कन्हैया, शिव बारात, कान्हा बरसाने में आय जइयो बुलाई गई राधा प्यारी, शिखा, साक्षी वर्मा ने श्याम बंशी बजाते हो सहित कई भक्ति गीतों पर श्रोता झूमते रहे। साथ मे धर्मेंद्र यादव, रूपराम कश्यप, रामेश्वर सिंह, विपिन सिंह, चंदन सिंह, आशीष कश्यप, नंदकिशोर, हरिओम मौर्य, नंदकिशोर वर्मा, शिवम वर्मा, पं लक्ष्मीकांत मिश्रा, पुजारी रविंद्र वर्मा, पूर्व प्रधान राजेश वर्मा, हुकुमचंद्र आदि शोभायात्रा में मौजूद रहे।

शारदा में विसर्जन को ले जाई गईं देवी मूर्तियां

पलिया कलां, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम मटहिया, बोझवा ,पटिहन, पलिया देहात आदि स्थानों पर नवरात्रि में जगह-जगह सजाए गए पंडालों की देवी मूर्तियां नवरात्रि समाप्ति पर ढोल- नगाड़ों के साथ शारदा नदी पर पहुंचाकर विसर्जित कर दी गईं। इस अवसर पर मटहिया ,बोझवा के देवी भक्त विनोद गुप्ता, मयंक गुप्ता, नीरज, मनोज कश्यप ,अमरीक सिंह, संजय मौर्य, श्री कृष्णा शुक्ला, प्रदीप कश्यप, रंगोली शास्त्री कथावाचक आदि मौजूद रहे।

भरत मिलाप लीला का मंचन देख दर्शक हुए भाव विभोर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचारः शहर की ऐतिहासिक रामलीला में रविवार को भरत मिलाप प्रसंग का मंचन हुआ। इसका आयोजन गल्ला मंडी में हुआ। राजा रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान राम, लक्ष्मण और सीता के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या लौटते हैं। वहां पर राम और भरत का मिलाप देखकर दर्शक भाव विभोर हो जाते हैं।

रामलीला के 11वें दिन भरत मिलाप का मंचन शहर के पुरानी गल्ला मंडी में हुआ। इसके लिए पुरानी गल्ला मंडी को अयोध्या नगरी का रूप देकर सजाया संवारा गया। राम, लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न, सीता और हनुमान की सवारी रविवार देर शाम पुरानी गल्ला मंडी पहुंची। वहां पर व्यापारियों ने उनका स्वागत किया। पूजा अर्चना और आरती के बाद भरत मिलाप की लीला का मंचन हुआ। रावण वध के बाद राम, लक्ष्मण और सीता के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या पहुंचे। भगवान राम के स्वागत के लिए अयोध्या को दुल्हन की तरह सजाया गया था।

रामलीला में भरत मिलाप का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

अयोध्या पहुंचकर भगवान राम राजभवन न जाकर सबसे पहले वहां पर जाते हैं जहां पर 14 साल से भरत एक बैरागी की तरह कुटी में रहकर जीवन यापन कर रहे थे। राम, लक्ष्मण और सीता को देखकर भरत उनके चरणों में लेट जाते हैं। राम उठाकर उन्हें गले से लगाते हैं। दोनों भाइयों की आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगती है। राम और भरत के इस मिलन को देखकर दर्शक भी भाव विभोर हो उठे। संचालन सेठ गयाप्रसाद ट्रस्ट के विपुल सेठ, किशनजी सेठ और कैलाश नाथ सेठ ने किया।

बच्चों ने बनाया रावण का पुतला, किया दहन

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला मुन्नूगंज में बच्चों ने विजयदशमी का पर्व मनाते हुए रावण का पुतला दहन किया। मुन्नूगंज मोहल्ले के निखिल गुप्ता, जितेंद्र शुक्ला, बादल वर्मा, सुमित आर्य, कृष्ण रस्तोगी, कुंज गुप्त, वंश गुप्ता आदि ने आपस में चंदा कर रावण का पुतला बनवाया और फिर विजयदशमी के पर्व पर विधि विधान से रावण के पुतला दहन कर बुराइयों को त्यागने का संकल्प भी लिया। निखिल गुप्ता ने कहा कि जिस तरह रावण में तमाम बुराइयां थी उनका अंत हो गया। इसी तरह हम सबको भी अपनी एक-एक बुराई को खत्म करने का संकल्प लेना होगा। पुतला दहन करने पर मोहल्ले वालों ने बच्चों की प्रशंसा की।

विधायक ने वापस किए गनर, मनाने पहुंचे एएसपी

थप्पड़ कांड: पुलिस व प्रशासन के कार्रवाई न करने से आहत होकर उठाया कदम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: पुलिस और प्रशासन के कार्रवाई न करने से क्षुब्ध सदर विधायक योगेश वर्मा ने रविवार को दो गनर वापस कर दिए। इससे पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना पाकर एएसपी पूर्वी उन्हें मनाने पहुंचे, लेकिन सदर विधायक ने उनकी एक नहीं सुनी। इस पर एएसपी बैरंग वापस लौट आए।

अर्बन कोआपरेटिव बैंक के नामांकन के दौरान सदर विधायक की पिटाई कर दी थी। इसके बाद एसपी ने सदर विधायक की सुरक्षा बढ़ाते हुए दो अन्य गनर बढ़ाए थे। लेकिन घटना के पांच दिन बाद भी आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करने से आहत सदर विधायक का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। उन्होंने सुरक्षा में तैनात किए गए गनर मुकेश और विक्की सागर को वापस कर दिया। इसकी जानकारी जब एएसपी पवन गौतम को हुई तो वह सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी के साथ विधायक के आवास पर पहुंचे और उन्हें मनाने की कोशिश की, लेकिन विधायक ने दोनों सुरक्षाकर्मियों को लेने से मना कर दिया। काफी मान मनौव्वल के बाद भी जब विधायक नहीं माने तो एएसपी और शहर कोतवाल वापस लौट गए।

एएसपी पवन गौतम ने बताया कि सदर विधायक ने दोनों गनर वापस कर दिए हैं। विधायक के गनर वापस करने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई। पुलिस अफसर अभी उन्हें मनाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन विधायक ने दो टूक सुरक्षा लेने से मना कर दिया है।

व्यापारी से मारपीट के विरोध में आज बंद रहेगा बाजार

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: संयुक्त व्यापार मंडल ने व्यापारी समाज के सम्मान के लिये सोमवार को आंदोलन का निर्णय लेकर बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। जिलाध्यक्ष विनोद मिश्र ने बताया कि अर्बन कोआपरेटिव बैंक की निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान नौ अक्टूबर को व्यापार मंडल के प्रांतीय संगठन मंत्री राजू अग्रवाल के साथ नामांकन के दौरान बैंक की पूर्व अध्यक्ष पुष्पा सिंह एवं उनके साथियों ने अपशब्द प्रयोग कर मारपीट के लूट तक की गई, जिसकी तहरीर राजू अग्रवाल ने दूसरे दिन कोतवाली में दी। मगर, अभी तक की गई कार्रवाई से व्यापार मंडल को अवगत नहीं कराया गया है। इसके विरोध में समस्त व्यापार मंडल ने बैठक कर जनहित, व्यापारिक हित के साथ सरकार को होने वाले राजस्व की हानि पर गंभीरता से विचार कर सोमवार यानि 14 अक्टूबर को सांकेतिक बाजार बंदी का निर्णय लिया है। यदि इसके बाद भी प्रशासन ने वैधानिक कार्यवाही न की तो व्यापारी समाज की रक्षा के लिये संयुक्त व्यापार मंडल अनिश्चितकालीन बन्दी करने के बाध्य होगा। हालांकि इस दौरान आवश्यक सेवाएं बंदी से मुक्त रहेंगी। बैठक में श्याम कुमार तिवारी, युवराज शेखर, अभिजात मिश्र, राजू अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अजय गोयल, देवेश गुप्त, शरद मेहरोत्रा, सुमित मिश्र, सुजीत कुमार, मीनू गुप्ता, रश्मि महेन्द्रा, रूपाली शास्त्री, अजय अग्रवाल, सनी डुकराल, शशांक वैश्य आदि मौजूद रहे।

● सभी व्यापारी संगठनों ने संयुक्त रूप से लिया निर्णय

कारण बताओ नोटिस का समय पूरा, नहीं आया फरमान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● प्रदेश संगठन के निर्णय पर टिकीं भाजपा नेताओं समेत सभी की नजरें

अमृत विचार: विधायक थप्पड़ कांड में भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस का समय पूरा हो चुका है, लेकिन अभी तक प्रदेश संगठन ने अपना कोई निर्णय नहीं दिया है। सभी की निगाहे संगठन के फैसले की तरफ टिकी हुई हैं। उधर सदर विधायक के साथ मारपीट करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने से भाजपा समेत अन्य कई संगठनों में रोष बढ़ता जा रहा है।

बता दें कि बुधवार को शहर में अर्बन कोआपरेटिव बैंक कमेटी गठन की नामांकन प्रक्रिया चल रही थी। भाजपा नेत्री पूर्व बैंक अध्यक्ष पुष्पा सिंह भी अध्यक्ष पद पर चुनाव लड़ रहीं थीं। पर्चा छीने जाने को लेकर वहां मौजूद भाजपा के ही सदर विधायक योगेश वर्मा और भाजपा नेत्री के पति भाजपा नेता जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह के ही तीखी तकरार हो गई थी।

इस पर अवधेश सिंह ने सदर कोतवाल अंबर सिंह के सामने ही विधायक को थप्पड़ जड़ दिया था। उनके समर्थकों ने भी सदर विधायक व व्यापारी नेता राजू अग्रवाल के साथ जमकर मारपीट की थी। पुलिस मौके पर खड़ी तमाशा देखती रही थी। राजू अग्रवाल भी नामांकन कराने के लिए पर्चा खरीदा था। सदर विधायक की पिटाई से लोग आक्रोशित हो गए थे। भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने प्रदेश संगठन को पत्र भेजकर पूरे मामले की जानकारी दी थी। प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर 10 अक्टूबर को प्रदेश महामंत्री गोविंद नारायण शुक्ल ने कारण बताओ नोटिस जारी कर अवधेश सिंह, पुष्पा सिंह, जिला उपाध्यक्ष अनिल यादव व ज्योति शुक्ला से दो दिन में जवाब मांगा था।

इसकी समय सीमा शनिवार को समाप्त हो गई। भाजपा नेताओं और लोगों को उम्मीद थी कि प्रदेश संगठन रविवार को कोई अपना निर्णय देगा, लेकिन रविवार की देर शाम तक संगठन का कोई निर्णय नहीं आया है। सभी की निगाहे निर्णय पर टिकी हुई है।

विधायक समर्थकों की सोशल मीडिया पर जंग जारी

सदर विधायक थप्पड़ कांड को लेकर उनके समर्थकों की सोशल मीडिया पर जंग जारी है। एक्स पर एक समर्थक ने पोस्ट करते हुए लिखा है कि कल मुख्यमंत्री से सदर विधायक मुलाकात करेंगे और अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता है तो विधायक सदर इस्तीफा देकर खुद धरने पर बैठेंगे। घटना के पांच दिन बीतने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने से लोगों में रोष बढ़ता जा रहा है।

एक नजर

पूर्व ब्लॉक प्रमुख का निधन

भीरा, अमृत विचार: पूर्व ब्लाक प्रमुख बिजुआ, सहकारी गन्ना विकास समिति अध्यक्ष सत्येंद्र प्रकाश शर्मा (83) का निधन हो गया। इससे समूचे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह छाजू राम केन ग्रोवर्स इंटर कॉलेज एवं स्मृति महाविद्यालय के प्रबंधक भी थे। उनका अंतिम संस्कार गांव बोझवा के निकट उनके फार्म हाउस पर साई धाम मंदिर के पास किया गया।

बरम बाबा स्थान पर भंडारा

भीरा, अमृत विचार: लखीमपुर भीरा मार्ग पर स्थित प्राचीन बरम बाबा स्थान पर नौ दिनों तक चली पूजा अर्चना के बाद मां दुर्गा कमेटी के सदस्यों ने भंडारे का आयोजन किया, जिसमें विधायक रोमी साहनी के साथ ही भारी संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से विमल सिंह, महेश सिंह, कमलेश सिंह, सतनाम सिंह, डॉ. रमेश सिंह, राधेश्याम सिंह रहे।

डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार की मौत

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: केला भरकर जा रही डीसीएम ने थाना खमरिया क्षेत्र के गांव समर्दा के निकट एक बाइक में टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। बाइक पर सवार महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक युवक सीतापुर जिले का रहने वाला था। वह बाइक से रिश्तेदारी में जा रहा था। घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीतापुर जिले के थाना तंबौर के गांव गौर गोनिया निवासी धर्मेंद्र यादव (18) अपने गांव से बाइक पर सवार होकर परसा रिश्तेदारी में जा रहा था। उसकी बाइक पर महिला सुमी भी सवार थी। गांव समर्दा के निकट केला लेकर जा रही डीसीएम ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक समेत अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। डीसीएम की चपेट में आने से धर्मेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। महिला सुमी गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया है। परिवार वालों को हादसे की सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

मंच पर बार संघ अध्यक्ष के पहुंचते ही लगे शेर आया... शेर आया... के नारे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● विजय दशमी पर्व पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम में पहुंची करणी सेना

● नौरंगाबाद के चंदेल मैरिज लॉन में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमृत विचार: विजयदशमी पर्व पर हर साल की तरह इस बार भी शस्त्र पूजन कार्यक्रम नगर के एक मैरिज लॉन में हुआ। इसमें करणी सेना के पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में बार संघ अध्यक्ष अवधेश सिंह एवं विधायक को तमाचा मारने के आरोपी के पहुंचने पर शेर आया - शेर आया के नारों से पंडाल गूंज उठा। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो लोगों में चर्चा का विषय रहा है।

करणी सेना की आयोजित शस्त्र पूजन का कार्यक्रम रविवार को एक मैरिज लॉन में हुआ। इसमें क्षत्रिय समाज के लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान बार संघ अध्यक्ष एवं सदर विधायक को कुछ दिन पहले तमाचा मारने के आरोपी अवधेश सिंह के मंच पर पहुंचते ही देखो देखो कौन आया, शेर आया- शेर आया के नारे पंडाल में गूंज उठे। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जो शहरवासियों में चर्चा का विषय बन गया। हालांकि हर साल क्षत्रिय समाज की ओर से शस्त्र पूजन का कार्यक्रम होता है।

शस्त्र पूजन कार्यक्रम में मंच पर मौजूद क्षत्रिय समाज के लोग। ● अमृत विचार

आयोजन स्थल के प्रबंधक को नोटिस जारी

विजयदशमी पर्व पर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम नौरंगाबाद स्थित चंदेल लॉन में हुआ। जहां पर शेर आया शेर आया के नारे लगे। बताते हैं इसके बाद देर शाम को चंदेल लॉन के प्रबंधक को पुलिस की ओर से नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब तलब किया गया है। उधर, चंदेल लॉन के अनुराग चंदेल ने इस संबंध में जानकारी होने से इनकार किया है। वहीं कार्यक्रम को लेकर परमीशन कराने के मामले में भी जानकारी न होना बता रहे हैं।

कार्यक्रम में कुछ चेहरों का न होना बना चर्चा का विषय

शस्त्र पूजन कार्यक्रम में जहां जिले भर के क्षत्रिय सम्मिलित हुए तो वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ. नरेंद्र सिंह, मोहम्मदी विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह आदि की गैर मौजूदगी चर्चा का विषय बनी रही।

शस्त्र पूजन में श्री राम के आदर्शों पर चलने का संकल्प

पलियाकलां, अमृत विचार: क्षत्रिय महासभा ने शस्त्र पूजन किया। क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण अवतार सिंह ने कहा कि शस्त्र व शास्त्र की निपुणता वर्तमान परिवेश की आवश्यकता है। असत्य पर सत्य की विजय का यह पर्व हम सभी को श्रीराम के पगचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित करता है। प्रदेश महामंत्री उदयवीर सिंह ने कहा कि यह पर्व बताता है कि आसुरी शक्तियों का विनाश एक दिन अवश्य होता है। कार्यक्रम का शुभारम्भ भगवान श्रीराम व भारतमाता की वंदना तथा शस्त्र पूजन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन नगर अध्यक्ष अंकुर सिंह ने किया। इस अवसर पर लक्ष्यप्रताप, आशीष सिंह, चंदभान सिंह, राजेश शाही, कपिलमुनि सिंह, सतेन्द्र सिंह, रुद्रप्रताप सिंह, वैभवप्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

पलिया में शस्त्र पूजन करते क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

लखीमपुर खीरी, अमृत विचार: लखीमपुर-देवकली रेल प्रखंड पर शनिवार देर शाम पैदल आ रहे एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। शव की पहचान शहर के मोहल्ला गोकुलपुरी निवासी सदावृक्ष (50) के रूप में हुई है। मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में चीख पुकार मच गई।

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
डी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
बी.फार्मा (60), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (9210550404)
E-mail: rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
कोर्स
प्रवेश प्रारम्भ 2024-25
डिप्लोमा इन एक्स रे टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
डिप्लोमा इन डायलिसिस टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
डिप्लोमा इन एमआरआई टेक्निशियन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
डिप्लोमा इन एमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
सर्टिफिकेट इन सैनिटेशन (30), योग्यता- 10+2 PCB/PCM
शेष सीटों के लिए सीधे प्रवेश
सम्पर्क सूत्र:- डॉ. आशीष शर्मा (9410088866)
डॉ. रिचा गुप्ता (9210550404)
E-mail: bareillyrcps@gmail.com | Website: www.biu.edu.in
पता:- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड अस्पताल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

अमृत विचार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

पूर्व सैनिकों ने रतन टाटा को बताया अनमोल रत्न, दी श्रद्धांजलि

गोला में रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते पूर्व सैनिक। ● अमृत विचार

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक कुंभी ब्लॉक सभागार में हुई, जिसमें पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। साथ ही रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा उनके निधन से देश का अनमोल रत्न चला गया है।

परिषद के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा, प्रेमकुमार ने कार्यालय के लिए जगह का प्रस्ताव देते हुए चर्चा की। संरक्षक राजेश्वर सिंह ने मेडिकल सम्बन्धी सुविधा, पैनल हॉस्पिटल का लाभ लेने, नवम्बर माह में जीवन प्रमाण पत्र भरने की चर्चा की। बैठक में भारत रत्न रतन टाटा को श्रद्धांजलि देने के लिए पदाधिकारियों ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। बैठक में प्रमोद कुमार, प्रेमचंद वर्मा, खगेश्वर प्रसाद, इंद्रपाल वर्मा, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, राकेश कुमार यादव, जगदेव सिंह, देवप्रकाश वर्मा, विनोद कुमार वर्मा, नारायणलाल वर्मा, हरपाल सिंह, लालबिहारी आदि पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

सड़क दुर्घटना में 10 लोग घायल, तीन रेफर

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: क्षेत्र में अलग-अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में 10 लोग गंभीर घायल हो गये, तीन को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है। थाना मितौली के लक्ष्मीपुर गांव निवासी विजय बहादुर (72), प्रहलाद सिंह (45) पुत्र विजय बहादुर, हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम कुन्हुपुर निवासी राहुल कुमार (20) पुत्र राजेश कुमार, संजय गुप्ता (42), रामबेहड़ गांव निवासी रामपाल (54), अमन वर्मा (22) पुत्र मनोज वर्मा, मोहल्ला लक्ष्मीनगर कालोनी निवासी कन्हैयालाल (45) पुत्र रामराघव दिवेद्वी, मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी कमल गुप्ता (39), सीतापुर जिले के रालामऊ निवासी मनोज कुमार (28) पुत्र गयाराम, अशीरवती (45) सड़क दुर्घटना में घायल हो गई है, जिन्हे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार में मनोज कुमार, अशीरवती और अमन वर्मा की हालत गंभीर भांपकर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

सार-संक्षेप

मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

मितौली, अमृत विचार: क्षेत्र के मढ़िया बाजार स्थित मिश्रीलाल हाई स्कूल के मेधावी छात्रों को खीरी सांसद उत्कर्ष ने अधिकतम अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। जिसमें निशा देवी, अवंतिका, शिवांगी वर्मा, सलोनी देवी। लुबना, अंबिका देवी, आफरीन खातून, शिवानी देवी, महजबीन खातून इन सभी बालिकाओं को ग्यारह- ग्यारह सौ रुपये की चेक दी गई। छात्रों में पीयूष को अधिकतम अंक पाने पर 2100 रुपए का चेक दिया गया। शेष अभिषेक कुमार, नितिन कुमार, आमान खां, अरशद खां, रमाशंकर, विशाल कुमार, सचिन कुमार, अनुराग गुप्ता, नितिन कुमार, शिवम राज, आयुष कुमार, सचिन कुमार, अभिषेक कुमार, अमन कुमार, अनुराग कुमार को आदि सभी को ग्यारह- ग्यारह सौ रुपये के चेक देकर सम्मानित कर उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष की स्मृति में कवि सम्मेलन

बरवर, अमृत विचार: पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विनोद कुमार द्विवेदी की स्मृति में उनकी पुण्यतिथि पर शनिवार की रात एक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। पुत्र नितिन द्विवेदी की ओर से आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व दीप प्रज्वलित कर की। कवि सुनीत बाजपेयी के संचालन में मां सरस्वती की वंदना मैगलगंज के गीतकार अरविन्द कुमार पढ़कर वाहवाही लूटी। संयोजक कवि सतीश शुक्ला की अध्यक्षता में कवि राघव शुक्ला, अतुल मधुकर, शांतनु त्रिवेदी, अरविंद सोनी, योगेश गुप्त, पवन पाल, कवयित्री अंजली वर्मा ने सुंदर रचनाओं का काव्य पाठ कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रोताओं ने तालियां बजाकर कवियों की रचनाओं की खूब तारीफ की।

युवतियों को बहला फुसलाकर ले गए दूसरे समुदाय के युवक

बेहजम, अमृत विचार: थाना नीमगांव क्षेत्र की युवती और उसकी चचेरी 16 वर्षीय बहन को दूसरे समुदाय के दो युवक बहला फुसलाकर भगा ले गए, जिन्हें पुलिस ने बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती और उसकी चचेरी बहन के परिजन हरियाणा में रहकर मजदूरी करते हैं। दूसरे समुदाय के शकील और रिजवान निवासी बबीना थाना मितौली कार से घुमाने के बहाने बहला फुसलाकर ले गए थे। इसकी जानकारी जब लड़कियों के परिवार वालों को हुई तो उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। एसओ सुनीता कुशवाहा ने बताया कि पुलिस ने दोनों लड़कियों को मुखबिर की सूचना पर लखीमपुर मैगलगंज रोड से बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

भाई पर लिखाई मारपीट की रिपोर्ट

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: मोहल्ला सर्वोदय नगर में भाइयों ने अपने भाई और उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। सुंदरलाल वर्मा के बेटे राहुल ने अपने भाई आकाश और रवि वर्मा पर पत्नी रीना वर्मा, उसके साथ मारपीट, गाली गलौज और घर से निकाल देने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बेटे का अपहरण कर हत्या की आशंका, नहीं लिखी रिपोर्ट

बेहजम, अमृत विचार: थाना नीमगांव के गांव पिपरी कलां निवासी कमाल अहमद का 15 वर्षीय पुत्र नवशाद आठ अक्टूबर से लापता है। पीड़ित परिवार ने पुलिस को तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी भी दर्ज नहीं की। परिवार वालों ने बेटे का अपहरण कर हत्या होने की आशंका जताई है।

गांव पिपरी कलां निवासी कमाल अहमद अहमद दोनों आंखों से सूर हैं। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र नवशाद (15) आठ अक्टूबर की दोपहर करीब 12 बजे घर से लापता है। रात तक घर नहीं आया तो गांव और आसपास खोजबीन की। रिश्तेदारियों आदि में भी पता किया। पूरी रात तलाश करने के बाद बेहजम चौकी पुलिस को सूचना दी, लेकिन पुलिस ने गुमशुदगी भी नहीं लिखी। शनिवार को सीओ मितौली और एसओ नीमगांव सुनीता कुशवाहा बेहजम चौकी पहुंचे। पीड़ित कमाल को बुलाकर मामले की जानकारी ली। पीड़ित पिता ने पुत्र का अपहरण कर हत्या करने की आशंका जताई है।

कार से आए चोरों ने ई रिक्शा के चार बैटरे खोले

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

● सीसीटीवी में कैद हुई चोरी की वारदात

अमृत विचार: मोहल्ला शिवकालोनी में शनिवार की रात कार से आए चोर नहर पटरी के किनारे खड़े एक ई रिक्शा के चार बैटरा खोल ले गए। रिक्शा मालिक को इसकी जानकारी सुबह हुई। चोरी की ये वारदात घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मौका-मुआयना किया है।

शिव कॉलोनी निवासी सुधीर कोटवा गांव का मूल निवासी है। यहां वह शिवधर्म कांटे के पास अपने फूफा ओमप्रकाश जायसवाल के घर रहता है और शहर में ई रिक्शा चलाने का काम करता है। सुधीर ने बताया शनिवार को दिन भर रिक्शा चलाने के बाद शाम सात बजे घर के सामने लाकर खड़ा कर दिया था। रात में पौने दो बजे के बाद आए चोरों ने बड़ी सफाई से एक्साइड कंपनी के चार बैटरा खोल कर चलते बने। रविवार की सुबह घटना की जानकारी हुई तो घर के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया, उससे पता चला कि नकाबपोश चार चोर कार से आए और बैटरा खोल ले गए। मुंह पर गमछा ढका होने से चेहरा पहचान में नहीं आ रहा। पीड़ित ने संकटा देवी पुलिस चौकी पर तहरीर दी है। सुधीर ने बताया हाल ही में उसने 41500 के नए बैटरे रखवाए थे।

घटना की जानकारी देता ई-रिक्शा मालिक।

गश्त व्यवस्था पर सवाल

मोहल्ले वासियों का कहना है गश्त व्यवस्था सुधारू न होने से कई चोरी घटनाएं हो चुकी हैं। एक माह पहले नहर पटरी के किनारे कन्हैया टिम्बर की दुकान में भी चोरों ने हाथ साफ किए थे। इस घटना का पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई है।

अपहृत युवती बरामद आरोपी गिरफ्तार

सिंगाही, अमृत विचार: थाना सिंगाही पुलिस ने चार दिन पहले बहला फुसलाकर ले जाई गई युवती को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रविवार को आरोपी का चालान भेजा है। पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के एक गांव की 19 वर्षीय युवती को दूसरे समुदाय का अभिषेक अली उर्फ अभिषेक बहला फुसलाकर भगा ले गया था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे के नौरंगाबाद तिराहा के पास से युवती को बरामद कर आरोपी अभिषेक अली उर्फ अभिषेक को गिरफ्तार किया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी इण्टरमीडिएट वर्ष 2021 -22 अनुक्रमांक 2225670535 का अंकपत्र वास्तव में खो गया है।
अनन्त मिश्रा पुत्र त्रिजनाथ मिश्रा नि. मदरा खेल थाना कोतवाली तहसील सदर शाहजहांपुर

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

दुकानों का विवाद सुलझाने मेला मैदान पहुंचा तहसील प्रशासन

दशहरा मेला: नगर पालिका प्रशासन ने चार नयी दुकानें लगवाने का फंसाया पेंच, सर्वराकार बोले- पुराने दुकानदारों को नजरअंदाज नहीं होने देंगे

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: दशहरा मेला में दुकानें लगवाने को लेकर शुरू हुई रार अब तक खत्म नहीं हो पाई है। ऐसे में एक सप्ताह से मेला मैदान में डेरा डाले व्यापारी दुकानें लगाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। हालांकि रविवार को तहसील प्रशासन ने मेला मैदान पहुंचकर पालिका प्रशासन और ट्रस्ट के सर्वराकार से बात की।

इस दौरान कुछ हद तक बात बनी भी, लेकिन पालिका प्रशासन का पांच पुराने दुकानदारों की जगह पर नयी दुकानें लगवाने के इरादे से पेंच फिर फंस गया, जिसका ट्रस्ट के सर्वराकार विरोध कर रहे हैं। मेले में दुकानें लगवाने के लिए पालिका प्रशासन और ट्रस्ट के बीच शुरू हुई जंग थमती नहीं दिख रही है।

- **दुकान लगाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे बाहर से आए कारोबारी**

दोनों के बीच शुरू हुई रार में व्यापारी परेशान और असमंजस में हैं। ट्रस्ट के सर्वराकार जहां दुकानें लगाने के लिए कह रहे हैं तो वहीं पालिका प्रशासन का कहना है कि दुकानें वही व्यापारी लगाएंगे, जिन्होंने पालिका की रसीद कटवाई है। हालांकि तमाम दुकानदार ऐसे हैं, जिनके पास सिर्फ ट्रस्ट की रसीद हैं। ऐसे में दुकानें लगाने की हिम्मत तक व्यापारी नहीं कर पा रहे हैं। पालिका प्रशासन और ट्रस्ट की बीच मची खींचतान को देखते हुए रविवार को तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों से वार्ता की। इस दौरान काफी हद तक मामला सुलट गया। इस पर क्राकरी, चूड़ी, जनरल स्टोर आदि के व्यापारियों ने दुकानें भी लगानी शुरू कर दीं, लेकिन पांच दुकानों को लेकर सहमति नहीं बन सकी। इन दुकानदारों को लेकर पालिका प्रशासन और ट्रस्ट के सर्वराकार एक बार फिर आमने सामने हैं।

> नगर पालिका प्रशासन का साथ लेकर ट्रस्ट पर दबाव बना रही है। जो दुकानदार सालों से दुकान लगाते आए हैं उन्हें पहली प्राथमिकता मिलनी चाहिए। मगर, पालिका प्रशासन ऐसा न करके नए व्यापारियों से मोटा पैसा लेकर जगह उन्हें देकर मेले का स्वरूप बिगाड़ने का प्रयास कर रहा है। यदि पुराने दुकानदारों को जगह न दी गई तो धरने पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। **-विपुल सेठ, सर्वराकार**

> गत वर्षों की भांति इस बार भी परंपरागत तरीके से मेले का आयोजन कराया जाएगा। किसी भी प्रकार से मेले को प्रभावित नहीं होने दिया जाएगा। जो दुकानदार सालों से मेले में दुकानें लगाते आए हैं उनको प्राथमिकता मिलेगी। **- अश्वनी कुमार सिंह एसडीएम सदर**

मेला मैदान में वार्ता के दौरान नगर पालिकाध्यक्ष एवं ट्रस्ट के सर्वराकार। ● अमृत विचार

मेला मैदान में दुकानदार से वार्ता करते एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह।

पुराने दुकानदारों की अनदेखी पर देंगे धरना : सेठ

तहसील प्रशासन की मौजूदगी में दुकानों को लेकर चल रहा विवाद काफी हद तक सुलट गया। मगर, पालिका प्रशासन ने सालों से दुकानें लगाते आ रहे सॉफ्टी, खाजा, चाट एवं झूले वालों की जगह पर नए दुकानदारों का पेंच फंसा दिया। सालों से दुकान लगाने वालों को पालिका प्रशासन द्वारा नजरअंदाज करना ट्रस्ट के सर्वराकार को अखर गया है, जिससे बार फिर से बात बिगड़ गई। सर्वराकार विपुल सेठ का कहना है कि मेले में दुकानदार सालों से दुकानें लगाते आ रहे हैं, जिन्हें सदैव प्राथमिकता दी गई है। इस बार इन्हें प्राथमिकता मिलनी चाहिए। यदि पालिका प्रशासन मनमानी कर पुराने दुकानदारों को नजरअंदाज कर इनकी जगह पर नयी दुकानें लगवाएगा तो हम धरना देने के लिए मजबूर होंगे।

मेला मैदान में दुकानों के लिए जगह की नपाई करता पालिका कर्मी। ● अमृत विचार

स्पष्ट निर्णय न होने से मायूस बैठे दूर दराज से आए दुकानदार। ● अमृत विचार

देवर ने विधवा भाभी से किया दुष्कर्म, बनाये अश्लील वीडियो

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार: मैलानी थाना क्षेत्र के एक गांव में देवर ने अपनी विधवा भाभी को हवस का शिकार बना डाला और शादी का झांसा देकर रोज संबंध बनाता रहा। जब महिला ने शादी का दबाव बनाया तो वह मुकर गया। पीड़िता ने तहरीर पुलिस को दी है।

थाना क्षेत्र के गांव निवासी महिला का कहना है कि एक माह पूर्व उसके पति की मौत हो चुकी है। वह अपने बच्चों के साथ घर में सोई थी तभी उसके देवर प्रदीप ने चारपाई पर दबोच लिया और तमंचा दिखाकर बेटे को जान से मार देने की धमकी देते हुए उससे दुष्कर्म किया। साथ ही अश्लील वीडियो भी बना लिए। विरोध करने पर उसने आश्वासन दिया कि वह उससे विवाह कर लेगा। महिला का कहना है कि वह रोज संबंध बनाता रहा, जब उसने विवाह के लिए कहा तो वह मुकर गया। तब महिला ने अपने दूसरे देवर पंकज, ननद रेनू, अनीता और पंकज की पत्नी कामिनी से शिकायत की तो उन लोगों ने भी उसके साथ मिलकर मारपीट की। इससे अब उसे जान माल का खतरा हो गया है। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

सार-संक्षेप

मोतियाबिंद से ग्रसित मिले 50 बुजुर्ग, होगा ऑपरेशन

सिंगाही,अमृत विचार : नगर पंचायत के मैरिज हाल में रविवार को निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगा। इसमें नेत्र चिकित्सकों ने बुजुर्गों का परीक्षण कर मोतियाबिंद से ग्रसित 50 बुजुर्ग चिन्हित किया। इनका ऑपरेशन सीतापुर आंख अस्पताल में होगा। शिविर का शुभारंभ नगर पचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने किया। इसमें 250 लोगों के आंखों की जांच की गई। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि सिंह ने बताया कि नेत्र शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए इसकी देखभाल में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। समय-समय आंखों की निरंतर जांच करानी चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष मोहम्मद क़य्यूम ने समय पर जांच और इलाज के माध्यम से आंखों को बीमारियों से बचाया जा सकता है। डॉ. निधि सिंह ने बताया कि परीक्षण में 50 बुजुर्ग मोतियाबिंद से ग्रसित मिले हैं। इन सभी को सीतापुर आंख अस्पताल ले जाकर नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा। लिपिक अखिलेश अवस्थी, आरिफ बुशरा, शैलेन्द्र शुक्ला, मिथलेश, खुशी, नसीम, रोहित, गोविंद, तानिया मौजूद रहे।

धारदार हथियार समेत बाइक सवार दो लोग गिरफ्तार

भीरा, अमृत विचार : थाना भीरा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपियों के कब्जे से धारदार हथियार बरामद हुए हैं। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान भेजा है। प्रभारी निरीक्षक पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि पुलिस टीम ने लखीमपुर-भीरा हाईवे के पास सुशील व आकाश निवासी ग्राम राणा देवरिया को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से बांका व तलवार बरामद हुई है। दोनों आरोपी हत्या के मामले में वांछित है।

पानी की टोंटी लगाने के विवाद में आधा दर्जन नामजद

गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार : हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मढ़िया सड़क में रोड पर पानी की टंकी लगाने के लेकर विवाद हो गया। विवाद बढने पर लाठी डंडां से मारपीट हुई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आधा दर्जन लोगों के नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना क्षेत्र के ग्राम मढिया सड़क निवासी जयपाल पुत्र भगवती प्रसाद ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांव निवासी प्रकाश नारायण उर्फ साधु, सुनील कुमार, तेज नारायन, श्याम सुंदर पुत्रगण रूपचंद, रूपचंद एवं धर्मेंद्र कुमार पुत्र नोखेलाल उसके घर के सामने सड़क खोदकर पानी की टंकी लगा रहे थे, जबकि उन लोगों का मकान रोड के दूसरी तरफ हैं। जब टोटी लगाने का विरोध किया तो सभी लोग गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन लोगों ने लात घूसों, लाठी डंडों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

मंदिर में दो महिलाओं की चेन चोरी

शाहजहांपुर, अमृत विचार : रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी विवेक कुमार मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार की सुबह साढ़े आठ बजे उसकी पत्नी सुरचना मिश्रा मोहल्ला बिसरात में काली माता मंदिर में पूजा करने के लिए गयी। वह दो तोले की सोने की चेन पहनी हुई थी। परिसर में काफी भीड़ थी। किसी ने उसके गले से चेन निकाल ली। पत्नी परिसर से बाहर आयी तो देखा कि उसके चेन गायब थी। इसी बीच चौक कोतवाली के मोहल्ला हयातपुरा निवासी अजय त्रिवेदी की पत्नी निधि त्रिवेदी भी शुक्रवार को करीब साढ़े आठ बजे मंदिर गयी। भीड़ में उसकी पत्नी की भी गले से किसी ने सोने की चेन चुरा ली। उनकी पत्नी पूजा करके हटी तो देखा कि ढाई तोले की सोने की चेन गले से गायब थी। दोनों चेन की कीमत करीब ढाई लाख रुपये होगी।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

पुवायां, अमृत विचार : पुवायां से शाहजहांपुर की जा रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। पीलीभीत के थाना माधोटांडा क्षेत्र के गांव खीरी नौरामाद निवासी गुरजंट सिंह (27) रविवार सुबह बाइक से घर से शाहजहांपुर जा रहा था। गुरजंट के पिता बक्शीस सिंह ने बताया कि उनका बेटा शाहजहांपुर में ट्रक ड्राइवर है और वह सुबह घर से लगभग आठ बजे शाहजहांपुर जाने के लिए निकला था। वह बाइक से लगभग 10 बजे पुवायां-शाहजहांपुर रोड पर भूड़ा मैनारी गांव के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें गुरजंट गंभीर रूप से घायल हो गया।

दो दुकानों का ताला तोड़कर हजारों की चोरी

लखीमपुर खीरी,अमृत विचार: शनिवार की रात सीतापुर फोर लेन पर चोरों ने एक देशी शराब समेत दो दुकानों का ताला तोड़ दिया। चोर शराब की दुकान से नगदी, सीसीटीवी कैमरे और पास की सरिया सीमेंट की दुकान से करीब पांच हजार रुपये चोरी कर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

शहर के मोहल्ला राजगढ़ निवासी मंजीत सिंह सलूजा की सीतापुर फोरलोन पर एलआरपी पुलिस चौकी क्षेत्र में गांव मुड़िया खेड़ा के पास देशी शराब की दुकान है। बगल में एक अन्य की सरिया सीमेंट की दुकान हैं। फोरलेन पर पूरी रात वाहनों का आना-जाना रहता है। पुलिस पिकेट, हाईवे पैट्रोलिंग भी रहती है। पुलिस से बेखौफ चोरों ने शनिवार की रात देशी शराबा और सरिया सीमेंट की दुकान में लगे शटर का ताला तोड़ दिया और अंदप घुस गए। देशी शराब की दुकान के मालिक मंजीत सिंह सलूजा ने बताया कि चोर उनकी दुकान से करीब 10 हजार रुपये की नगदी, सीसीटीवी कैमरे आदि चोरी कर ले गए। पड़ोस की दुकान से करीब पांच हजार रुपये की नगदी ले जाने में सफल रहा।

कोल्हू मालिक कर रहे गन्ना किसानों का शोषण

संवाददाता, रजागंज

- **160 से 250 रुपये प्रति क्विंटल गन्ना खरीद रहे, किसान परेशान**

अमृत विचार: घर की जरूरतें पूरा करने की मजबूरी में आर्थिक संकट से जूझ रहे गन्ना किसानों का कोल्हू मालिकों ने शोषण करना शुरू कर दिया है। इन पर शासन-प्रशासन का कोई अंकुश भी नहीं है। चीनी मिलों के चलने में हो रही देरी भी किसानों की समस्या बढ़ा रही है। किसान अपनी गन्ने की फसल आधे रेट पर बेचने को मजबूर हैं। कोल्हुओं पर 160 से 250 रुपये प्रति क्विंटल के मनमाने मूल्य पर गन्ने की खरीद की जा रही है।

सरकार ने इस साल 340 रूपये रेट घोषित किया है, लेकिन पिछले वर्ष के मूल्य 325 रुपये से आधे मूल्य पर गन्ने की उपज किसानों को बेचनी पड़ रही है। पिछले पेराई सत्र 2023-24 में सामान्य गन्ने का मूल्य 315 रुपये और शीघ्र प्रजाति गन्ने का मूल्य 325 रुपये प्रति क्विंटल था। मिलें चलने में देरी और पैसों की जरूरत ने किसानों को शोषण का शिकार बनने के लिए मजबूर कर दिया है। कोल्हू पर पहुंचने वाले किसानों के गन्ने में खराबी बताकर बोर्ड पर लिखे मूल्य से भी कम दर पर गन्ना खरीदा जाता है। बजाज शुगर चीनी मिल गोला क्षेत्र में करीब 145 कोल्हू लगे हुआ है। इन दिनों प्रतिदिन किसान 10 से 15 हजार क्विंटल गन्ना खडसारी को बेच रहे हैं। किसान संदीप वर्मा, हीरा लाल, पिन्टू वर्मा कहते हैं कि इस समय किसानों को अपने खेतों में मंसूर, सरसों, गेहूं की बुवाई, स्कूल फीस सहित त्योहारी खर्चे समेत अन्य कार्यों के लिए रुपये की जरूरत है। किसानों को अपना गन्ना आधे से भी कम रेट पर बेचना पड़ रहा है। किसान रामेश्वर संतकुमार छोटे किसान दूसरी फसल जैसे लाही, मसूर आदि की बुवाई के लिए भी खेत खाली कर रहे हैं। रबी फसल की बुवाई के लिए धन की आवश्यकता और खेतों को खाली करने के लिए किसान अपने गन्ने को बेचने पर मजबूर हैं। कोल्हू पर किसानों पर दोहरी मार झेल रहे है। किसानों से गन्ना उतारने के नाम पर भी कटौती की जा रही है।

जलालपुर में गन्ने पिराई करता होल्हू पर गन्ना गिराता किसान ● अमृत विचार

शराब उधार नहीं दी तो दुकान में लगा दी आग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: शहर के सेठ घाट रोड पर स्थित देशी शराब की दुकान में शराब लेने गया युवक उधार शराब न देने से भड़क गया। उसने नगद रुपये देकर शराब ली और उसे दुकान में छिड़ककर आग लगा दी। इससे वहां हड़कंप मच गया। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है, लेकिन अभी कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।

शहर के सेठ घाट रोड पर देशी शराब की दुकान हैं। शुक्रवार की देर शाम एक युवक उधार शराब लेने गया था। बताते हैं कि वह उधार शराब देने की जिद कर रहा था। सेल्समैन ने बिना रुपये के शराब देने से इंकार कर दिया। इससे युवक भड़क गया। उसने रुपये देकर शराब ली। बाद में उसे दुकान के अंदर ही गिरा दिया और आग लगा दी। दुकान में आग लगते ही अफरा तफरी मच गई। सेल्समैन ने जैसे तैसे दुकान से बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। घटना के बाद तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। सेल्समैन ने आस पास के लोगों की मदद से आग बुझाई। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने भीड़ द्वारा पकड़कर रोके गए एक आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। दुकान में आग लगने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक सदर अंबर सिंह ने बताया कि दुकान में शराब डालकर आग लगाने की सूचना मिली है। जांच की जा रही है।

शराब की दुकान में धू-धू कर जलती आग।

- **आग लगाने का सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल, आरोपी हिरासत में**

मैलानी-नानपारा के बीच तीन माह बाद दौड़ी ट्रेन, यात्री खुश

संवाददाता पलिया कलां

अमृत विचार: रविवार से मैलानी नानपारा के बीच ट्रेन संचालन फिर से शुरू हो गया। तीन माह बाद स्टेशन पर नानपारा की ओर जाने के लिए आई ट्रेन देखकर कस्बावासियों से लेकर यात्रियों में चेहरों पर खुशी छा गई। बता दें कि बाढ़ आने की वजह से जुलाई माह के पहले सप्ताह में पलिया -भीरा के बीच प्रेम नगर के पास रेलवे ट्रैक कट गया था। तब से इस रूट पर ट्रेनों का संचालन बंद था।

मैलानी से नानपारा जा रही पैसेंजर ट्रेन रविवार सुबह 10:25 पर पलिया स्टेशन पहुंची। इससे बेलरायां, तिकुनियां, बिछिया, मिहींपुरवा, नानपारा की ओर जाने वाले यात्रियों से लेकर रेलवे स्टेशन चौराहे पर स्थित दुकानदार खुश हो गए। सहायक स्टेशन मास्टर अजीत कुमार ने ट्रेन पहुंने पर लोको पायलट का स्वागत किया। स्टेशन के बाहर स्थित होटल संचालक पप्पू सहित उत्तम नाग, पान वाले संजय चौरसिया, पवन, वीरेंद्र नाग आदि ने बताया कि ट्रेन न चलने से कामधाम काफी प्रभावित था।

मैलानी से नानपारा जाने के लिए पलिया स्टेशन पर खड़ी ट्रेन।

ग्राम पंचायत तुसौरा में दर्जनों लोग बुखार से पीड़ित

संवाददाता, केशवापुर

- **जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, गांव की नालियों में गंदगी का अंबार**

अमृत विचार: सदर ब्लॉक की ग्राम पंचायत तुसौरा में गंदगी का अंबार लगा है, जिससें दर्जनों लोग डेंगू, मलेरिया जैसे खतरनाक बुखार से पीड़ित हैं।

ग्रामीणों की माने तो यहां सफाई कर्मी आता ही नहीं है और न ही मच्छरों के लिए एंटी लारवा का छिड़काव कराया गया है, जिस कारण दर्जनों लोगों की जिंदगी दांव पर लगी है। ग्रामीणों की जिंदगी से खिलवाड़ करना कहीं भारी न पड़ जाए। बुखार पीड़ित ग्रामीणों अश्मित वर्मा, अंजली वर्मा, परशुराम वर्मा, शिवम वर्मा, संजीत चौधरी, शेखर चौधरी, मधु गौतम, अनुराग वर्मा आदि ने बताया कि गांव में दर्जनों लोगों के बीमार होने के बाद भी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचना दी गई, लेकिन गांव में न तो कैंप कराया गया और न ही टीकाकरण हुआ है। आर्थिक रूप से सम्पन्न कुछ मरीज निजी अस्पतालों में इलाज कराकर ठीक भी हो गए हैं। तमाम लोगों को अभी भी बुखार आ रहा है। ग्राम प्रधान शालिनी वर्मा के प्रतिनिधि पप्पी वर्मा ने गांव में साफ सफाई चाकचौबंद होने की बात कही है। बताया कि एंटीलार्वा का छिड़काव अभी नहीं किया गया है। फरधान सीएचसी के डॉक्टर सैम्पल ले गए हैं, ग्रामीण गलत आरोप लगा रहे हैं। ग्राम पंचायत अधिकारी मीतू मिश्रा ने बताया कि सफाईकर्मी रोस्टर के तहत सफाई करते हैं। कई बार मजदूरों से भी सफाई कराई गई है। फिर भी साफ सफाई कराकर एंटीलार्वा, फागिंग कराई जाएगी।

> तुसौरा गांव में कुछ लोग खांसी, बुखार से पीड़ित थे। गांव मे कैंप लगाकर जांच, उपचार कर दवाओं का वितरण किया गया है। **- डॉ अमित कुमार बाजपेयी सीएचसी प्रभारी फरधान।**

तुसौरा में गंदगी से बजबजाती नालियां। ● अमृत विचार

मेला देखने उमड़ी भीड़ को पुलिस ने खदेड़ा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: शहर में रावण दहन के दौरान उमड़ी भीड़ पर पुलिस ने जमकर लाठियां चलाईं और भीड़ को खदेड़ दिया। बताते हैं कि लाठीचार्ज में कुछ लाग चोटिल भी हुए हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सड़कों पर डंडे फटकारे गए हैं। भीड की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

शनिवार की देर शाम शहर में रावध दहन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ मौजूद थी। रावण का पुतला जलते ही पटाखा तेज आवाज से साथ फटने लगे। इस पर पीछे हटी भीड़ लकड़ियां बीनने के लिए पुतला की तरफ दौड़ पड़ी। मौके पर मौजूद पुलिस ने भीड़ को रोकने के लिए लोगों पर जमकर डंडे बरसाए और उन्हें काफी दूर तक खदेड़ दिया। पुलिस की पिटाई से कुछ लोगों के हल्की फुल्की चोटें आने की भी खबर है। हालांकि पुलिस का कहना है कि उसने भीड़ पर लाठियां नहीं चलाई। भीड़ जब अनियंत्रित होने लगी तो सड़कों पर डंडा फटकार कर उसे नियंत्रित करने की कोशिश की गई। पुलिस के लाठीचार्ज का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है, जो पुलिस के बयानों की खुद ब खुद पोल खोल रहा है।

लाठियां फटकार कर लोगों को खदेड़ती पुलिस।

- **पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल**

महेवागंज चौकी इंचार्ज ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी से की मारपीट

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: रास्ते में कार खड़ी करने को लेकर महेवागंज चौकी इंचार्ज और खाद्य सुरक्षा अधिकारी के बीच विवाद हो गया। इससे नाराज चौकी इंचार्ज अपने सिपाहियों के साथ एलआरपी चौकी क्षेत्र में पहुंचे और खाद्य सुरक्षा अधिकारी व उनके परिवार वालों के साथ मारपीट की। पीड़ित खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने आरोपी चौकी इंचार्ज के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है।

महेवागंज चौकी इंचार्ज दीपक तिवारी का परिवार एलआरपी चौकी क्षेत्र की बसंत बिहार कॉलोनी में रहते हैं। उनके घर से कुछ दूरी पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. रविंद्र नाथ वर्मा भी परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहे हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी की पत्नी रेशमा वर्मा ने बताया कि घटना शनिवार की रात की है। चौकी इंचार्ज की कार रास्ते में खड़ी थी। उन्होंने कार हटाने को कहा। इसी पर परिवार वाले भड़क गए और गाली गलौज करने लगे। मोबाइल पर कॉल कर चौकी इंचार्ज दीपक तिवारी को बुला लिया। रविंद्रनाथ वर्मा की पिटाई करने का आरोप है।

> खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शराब पी रखी थी। उन्होंने मेरे पिता से गाड़ी हटाने को लेकर अभद्रता की थी। सूचना पाकर हम मौके पर गए थे। बाद में समझौता हो गया था। मारपीट का आरोप निराधार है। हमने किसी से कोई मारपीट नहीं की। **-दीपक तिवारी चौकी इंचार्ज महेवागंज**

माशिसं का धरना-प्रदर्शन 22 को लखनऊ में

संवाददाता, बरवर

अमृत विचार: नगर के आदर्श इण्टर कालेज में उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई, जिसमें 22 अक्टूबर को लखनऊ में होने वाले धरना प्रदर्शन पर विचार किया गया। साथ ही वित्त विहीन शिक्षकों की समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

बैठक में उपस्थित मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रांतीय निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय और उसके बाद संयुक्त शिक्षा निदेशक कार्यालय पर सफल धरना प्रदर्शन के बाद आगामी 22 अक्टूबर को शिविर कार्यालय परिसर में विशाल धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने धरने में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की शिक्षकों से अपील की। कहा कि यह धरना प्रदर्शन पहले से चली आ रही संगठन की नौ सूत्रीय मांगों को है। जिला मंत्री वीर प्रताप सिंह ने सदस्य संख्या बढ़ाने का मुद्दा रखा जिस पर सहमति बनी कि वित्त विहीन शिक्षकों को सदस्य बनाकर सदस्य संख्या बढ़ाई जाए। वित्त विहीन शिक्षक रमेश चंद्र ने कहा कि उन्हें पहले शिक्षक तो माना जाए तो आगे की समस्याएं हल होंगी। रविशंकर शुक्ल ने कहा कि वित्त विहीन प्रत्याशी को यह समझ कर वोट दिया था कि जीतने के बाद वित्त विहीन शिक्षकों की समस्याओं का हल होगा लेकिन वह सरकार की गोद में जा बैठे। बैठक में उपाध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, अनुज अवस्थी, राम सागर, सरोज कुमार, अर्पित कुमार, रवि कांत मिश्र, आकाश कुमार, विश्वनाथ प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार, देव कुमार व संयोजक, अनीत अग्निहोत्री ने भी विचार व्यक्त किए।

माशिसं की बैठक को संबोधित करते मंडल अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

मुरादाबाद-रामपुर से मुंबई की सीधी ट्रेन

बरेली, अमृत विचार : मुरादाबाद और रामपुर के लोगों की बरसों पुरानी मुराद पूरी होने जा रही है। अब रामपुर और मुरादाबाद के यात्रियों को मुंबई के लिए सीधे ट्रेन मिलेगी। रविवार को मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन से बांद्रा-लालकुआं ट्रेन का इनॉगरल रन किया गया। रेलवे प्रशासन ने अभी इस ट्रेन का नियमित शेड्यूल तो नहीं जारी किया है, लेकिन नियमित नंबर जारी कर उसे सप्ताह में एक दिन चलाने का एलान कर दिया है। इस ट्रेन का लाभ बरेली को भी मिलेगा। रेलवे ने जानकारी दी है कि यात्रियों की सुविधा के लिए नियमित साप्ताहिक ट्रेन 22544/22543 लालकुआं-बांद्रा-लालकुआं जल्द ही शुरू की जाएगी। इससे पहले रविवार को ये ट्रेन स्पेशल नंबर 09015 के साथ इनॉगरल रन के तौर पर बांद्रा स्टेशन से लालकुआं के लिए चलाई गई। रेलवे के मुताबिक यह एक सुपरफास्ट मेल एक्सप्रेस ट्रेन होगी। रविवार को बांद्रा से 16:20 बजे रवाना की गई यह ट्रेन वापी, सूरत, वड़ोदरा, गोधरा, रतलाम, नागदा, कोटा, सवाई माधोपुर,भरतपुर के रास्ते सोमवार को मथुरा, पलवल, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, रुद्रपुर और लालकुआं पहुंचेगी। सोमवार को मुरादाबाद पहुंचने का समय 17:10 बजे और रामपुर पहुंचने का समय 17:45 बजे है।

शाहजहांपुर के लोगों ने बिहार और बंगाल से फैलाया ठगी का नेटवर्क

लंबे समय से अपराधियों के पीछे लगी थी पुलिस और साइबर सेल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- एक साल से ज्यादा समय से ठगी करने की आशंका

अमृत विचार : शाहजहांपुर के ठगों का गिरोह बिहार और वेस्ट बंगाल में बैठकर 12 राज्यों में अपना जाल फैलाए हुए था। फोन व इंटरनेट कॉल के जरिये गिरोह के सदस्य लोगों को अपने जाल में फांसते थे, फिर उनसे अपने किराए पर लिए गए खातों में पैसा ट्रांसफर करवा लेते थे। बाद में यह पैसा खुद निकाल लेते थे। खाता धारकों को थोड़ा बहुत दे देते थे। ठग गिरोह के सदस्य बिहार और वेस्ट बंगाल में भी थे। पुलिस को आशंका है कि आरोपी एक साल से भी ज्यादा समय से ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। एक आरोपी अब भी फरार चल रहा है।

एएसपी सिटी संजय कुमार ने बताया कि अब तक कुल 32 खातों का विश्लेषण किया गया है, जिसमें 1 करोड़ 55 लाख रुपये के करीब फ्रॉड कराए जाने के तथ्य पाए गए हैं। इसके अलावा बैंकों में जितने भी बैंक अकाउंट, एटीएम कार्ड व पासबुक मिले हैं, उनका विश्लेषण किया जा रहा है। जैसे- जैसे खाते प्राप्त होंगे, फ्रॉड की सही राशि का आकंलन तभी किया जाना संभव है। आरोपी तीन स्तर पर ठगी करते थे। प्रथम स्तर पर ऑनलाइन अथवा मोबाइल नंबर पर विक्टिम से संपर्क कर उन्हें फर्जी ऑनलाइन वेबसाइट से भ्रमित कर , डरा कर अथवा ज्यादा रुपये कमाने का लालच देकर, लोन देने के नाम पर रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर करना। द्वितीय स्तर पर

नयी उम्र के लड़कों, गरीब वर्ग के अनपढ़ लोगों या महिलाओं को लालच देकर उन्हें अपने आधार / पैन कार्ड लेकर बैंक या ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से बैंक अकाउंट खुलवाना। अकाउंट खुल जाने पर पासबुक, एटीएम और बैंक में जुड़े मोबाइल नंबर का सिम इन लोगों से ले लेना और इसके बदले इन्हें 2000 से 4000 रुपये प्रति खाता देना। इस तरह से कूटरचित खातों की डिटेल पासबुक, एटीएम और फर्जी सिम बिहार और पश्चिम बंगाल व अपने गिरोह के सदस्यों को 4000 से 8000 रुपये के बदले उपलब्ध कराना था। तृतीय स्तर पर अपने साथियों द्वारा उपलब्ध कराए गए फर्जी बैंक खातों व सिम का प्रयोग कर किसी अन्य जगह पर एटीएम अथवा वॉलेट के माध्यम से रुपये निकाल कर फर्जीवाड़े के उद्देश्य को पूर्ण करते थे। मोहन सक्सेना व चंदन मिश्रा उर्फ हर्षित गिरोह के मुख्य कर्ता-धर्ता हैं। अनुभव गौतम व समीर गुप्ता फील्ड एजेंट का काम करते थे। अर्जुन शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी में अपराध करने वाले एजेंटों के बीच मीडियेटर का काम करता था। अभिषेक, जावेद व केशव केवट खाता खुलवाने का कार्य करते थे।



देश के कई राज्यों में फैला था नेटवर्क।

कम उम्र में जल्द अमीर बनने की चाहत ने बना दिया अपराधी

साइबर ठगी करने के मामले में पकड़े गए शाहजहांपुर के इन युवकों में कम उम्र में ही जल्द अमीर बनने और अन्य सारे शौक पूरे करने की चाहत ने अपराध की दुनिया में धकेल दिया। पकड़े गए हुसैनपुर के चंदन मिश्रा उर्फ हर्षित मिश्रा(24) बाबूजई निवासी मोहन सक्सेना(25), बिजलीपुरा निवासी समीर गुप्ता(21), रोशनगंज निवासी अभिषेक यादव उर्फ अपराधी(18), मघईटोला निवासी अनुभव गौतम(20), बड़ी विसरात निवासी केशव केवट(20), किला निवासी जावेद हसन(26), मोहम्मदजई निवासी अर्जुन(20), हुसैनपुरा निवासी करन राजपूत(20) और बाबूजई निवासी मोनू रस्तोगी की उम्र 18 वर्ष है।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद हुआ सामान। ● अमृत विचार

तीन स्तर पर देते थे ठगी की वारदात को अंजाम

प्रथम स्तर :- ऑनलाइन अथवा मोबाइल नंबर पर विक्टिम से संपर्क कर उन्हें फर्जी ऑनलाइन वेबसाइट से भ्रमित कर , डरा कर अथवा ज्यादा रुपये कमाने का लालच देकर, लोन देने के नाम पर रुपये अन्य खातों में ट्रांसफर करना।

द्वितीय स्तर :- नयी उम्र के लड़कों, गरीब वर्ग के अनपढ़ लोगों या महिलाओं को लालच देकर उन्हें अपने आधार / पैन कार्ड लेकर बैंक या ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से बैंक अकाउंट खुलवाना। अकाउंट खुल जाने पर पासबुक, एटीएम और बैंक में जुड़े मोबाइल नंबर का सिम इन लोगों से ले लेना और इसके बदले इन्हें 2000 से 4000 रुपये प्रति खाता देना। इस तरह से कूटरचित खातों की डिटेल पासबुक, एटीएम और फर्जी सिम बिहार और पश्चिम बंगाल व अपने गिरोह के सदस्यों को 4000 से 8000 रुपये के बदले उपलब्ध कराना था।

तृतीय स्तर :- अपने साथियों द्वारा उपलब्ध कराए गए फर्जी बैंक खातों व सिम का प्रयोग कर किसी अन्य जगह पर एटीएम अथवा वॉलेट के माध्यम से रुपये निकाल कर फर्जीवाड़े के उद्देश्य को पूर्ण करते थे।

पुलिस ने भांजी लाठियां, महिला और बच्चों को आई चोटें

संवाददाता, मोहम्मदी

अमृत विचार: मोहल्ला बाजारगंज स्थित महाराज हरदेव बाबा स्थान पर कश्यप समुदाय के लोगों ने शनिवार रात मां दुर्गा की मूर्ति एवं शिवलिंग की स्थापना कर कन्या भोज का आयोजन किया। मूर्ति स्थापना की सूचना मिलने पर पालिकाध्यक्ष मौके पर पहुंच गए। इस पर दोनों के बीच विवाद होने लगा। पालिकाध्यक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आयोजकों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात न बनने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। इसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन लोगों को हिरासत में लिया है।

जमीन का विवाद मोहल्ला बाजारगंज खुर्द निवासी कश्यप समुदाय के एक धार्मिक स्थल से जुड़ा है। समुदाय के लोग बताते हैं कि महाराज हरदेव बाबा का स्थान करीब सौ साल पुराना है। यह जमीन राजा सैयद शाह अली ने बाबा के नाम दी थी। समुदाय के लोगों ने बताया कि स्थान के पीछे की जमीन का सौदा पालिकाध्यक्ष कर रहे हैं। शनिवार देर शाम कश्यप समुदाय के लोग स्थान पर मूर्ति स्थापना कर कन्या भोज करवा रहे थे। इसकी सूचना पर पालिकाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा साथियों संग मौके पर पहुंच गए। इस दौरान उन्होंने कश्यप समुदाय को इस जमीन के बदले दो गुनी जमीन और पांच लाख रुपए देने की बात कही। मगर, कश्यप समुदाय के लोग तैयार नहीं हुए। इस पर दोनों के बीच बहस होने लगी।मामला बढ़ता देख समुदाय के तमाम लोग इकट्ठा हो गए। पालिकाध्यक्ष की सूचना पर पुलिस पुलिस ने समझाया बुझाया, लेकिन बात न बनने पर लाठी चार्ज कर दोनों तरफ के तमाम लोगों का शांति भंग में नामजद किया है।

महाराज हरदेव बाबा स्थान।

> रात गश्त के दौरान एसआई को पालिकाध्यक्ष ने सूचना दी कि कश्यप समाज के कुछ लोग बिना अनुमति खाली पड़ी जमीन पर मूर्ति रखकर पूजा कर रहे हैं। मौके पर दोनों के बीच विवाद होने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। मगर, एक पक्ष के लोगों द्वारा शांति व्यवस्था भंग होने संभावना देखकर पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा। - **इंद्रजीत सिंह प्रभारी निरीक्षक, कोतवाली मोहम्मदी**

> तीन दिन पहले कश्यप समुदाय को ढाई बीघा जमीन हरदेव बाबा स्थान से पीछे देने और स्थान का सौंदरीयकरण कराने के लिए पांच लाख रुपए दिलाने का आश्वासन दिया था। मगर, वह लोग शनिवार रात मूर्ति स्थापना करने लगे। मौके पर जाकर समझाना चाहा, लेकिन जब नहीं माने तो पुलिस को बुलाना पड़ा। हालांकि अब कश्यप समुदाय के लोग हमारे प्रस्ताव पर सहमत हैं। **-संदीप मेहरोत्रा, अध्यक्ष नगर पालिका मोहम्मदी**

कार ने दो भाइयों को कुचला, एक की मौत

नवाबगंज, अमृत विचार : कस्बे में मेला देखने आ रहे पीलीभीत निवासी चचेरे-तहेरे भाइयों को तेज रफ्तार कार ने रौंदा दिया। हादसे में तहेरे भाई की मौत हो गई। पीलीभीत के गांव आलम डांडी निवासी अमन (22) चचेरे भाई सतीश (16) के साथ रविवार रात करीब आठ बजे कस्बे में मेला देखने जा रहे थे। रास्ते में गांव गरगइयां के समीप तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। कार के पहिया के नीचे आने से अमन की मौके पर ही मौत हो गई।

धराशायी होने की कगार पर पहुंचा पशु अस्पताल भवन

संवाददाता, मूड़ा सवारान

- कागजों पर संचालित है खंडहर भवन, कैसे हो पशुओं का इलाज

अमृत विचार: ब्लाक बिजुआ क्षेत्र के मूड़ा सवारान का पशु चिकित्सालय भवन खंडहर होकर धराशायी होने की कगार पर पहुंच गया है। वर्षों से अस्पताल इसी भवन में केवल कागजों पर संचालित हो रहा है। छत से टूटकर गिर रहे प्लास्टर के चलते कर्मचारी यदि इस भवन में बैठें तो अभिलेख से लेकर दवाओं के रखरखाव तथा खुद को बचाना मुश्किल है। भवन की मरम्मत के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे हैं।

मूड़ा सवारान में लगभग चार दशक पूर्व बना पशु चिकित्सालय भवन आज धराशाही होने की कगार पर खड़ा है। कभी यह भवन पशुओं को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए पूरे क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण केंद्र हुआ करता था।

परंतु जिम्मेदारों की उदासीनता और संसाधनों की कमी से अब यह पर अस्पताल अपनी पहचान खोता जा रहा है। वर्तमान समय में यह पशु चिकित्सालय पूरी तरह से बदहाल स्थिति में है। क्षेत्र की दर्जनों ग्राम पंचायतों के पशुओं के इलाज तथा टीकाकरण का जिम्मा इसी अस्पताल के भरोसे है। सरकार द्वारा अस्पताल को संसाधन तो मुहैया कराए गए मगर भवन की जर्जर दशा पर किसी अधिकारी की कभी नजर नहीं पड़ी। भवन के दरवाजा, खिड़की फाटक सड़, गलकर गायब चुके हैं। इस भवन में सामान सुरक्षित रखना चुनौती से कम नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण के बाद से भवन की कभी भी मरम्मत नहीं हुई। क्षेत्रीय ग्रामीण के पशुओं के बीमार होने पर ग्रामीण पशुओं का इलाज नहीं करवा पाते जिससे पशुओं की मृत्यु तक हो जाती है।

मूड़ा सवारान का जर्जर पशु चिकित्सा भवन। ● अमृत विचार

> मैं जब तक वहां पर रहा, तब तक क्षेत्र वासियों को मोबाइल सेवा देता रहा। मेरे स्थानांतरण होने के बाद वहां पर कोई भी तैनात नहीं है। बिजुआ के डॉक्टर के पास वहां का चार्ज है। **- डॉ रामनरेश वर्मा पशुधन प्रसार अधिकारी।**

सेंट्रल जेल से फरार कैदी हरपाल पर 25 हजार का इनाम घोषित

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- कैदी की जेल की टीम के साथ एसओजी और पुलिस कर रही तलाश

अमृत विचार : सेंट्रल जेल के कृषि फार्म से फरार कैदी हरपाल का चार दिन बाद भी जेल की चार टीमें, पुलिस और एसओजी पता नहीं ला सकी हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने हरपाल पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

फतेहगंज पूर्वी के खनी नवादा गांव निवासी हरपाल हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। उसे जिला जेल से जुलाई 2023 में सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया गया था। वह गुरुवार को जेल के कृषि फार्म में ट्रैक्टर से जुताई करते समय फरार हो गया था। उसकी तलाश के लिए जेल की चार टीमें, पुलिस और एसओजी लगाई गई है लेकिन अब तक उसका कोई सुराग नहीं लगा है। अब हरपाल पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। पुलिस जांच में आया कि जिस दिन हरपाल फरार हुआ था, उस दिन उसकी पत्नी और बेटी उससे मिलने जेल में आने वाली थी। देर होने की वजह से वह नकटिया में अपने मायके में रुक गई थी। पुलिस ने पत्नी और परिवार के कई लोगों के नंबर सर्विलांस पर लगाए लेकिन कोई सुराग नहीं लगा।

पहले मदरसों का इतिहास पढ़ें फिर उनके बारे में बात करें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मौलाना शहाबुद्दीन ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष को दी सलाह

अमृत विचार: आल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी ने राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष को मदरसों का इतिहास पढ़ने के बाद ही उनके बारे में बात करने की सलाह दी है। मौलाना ने उनके बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि वह हमेशा किसी न किसी मदरसे के खिलाफ जांच करने के साथ कोई न कोई बहाना बनाकर मदरसों को कटघरे में खड़ा करते रहते हैं। पहले जम्मू-कश्मीर के मदरसों पर आपत्ति की, फिर असाम के 14 सौ मदरसों को बंद कराया, अब उत्तर प्रदेश के मदरसों पर सवाल खड़ा कर रहे हैं।

मौलाना ने कहा कि मदरसों ने आजादी की लड़ाई में बड़ा योगदान दिया है। 1857 की क्रांति में अंग्रेजों के खिलाफ जामा मस्जिद दिल्ली से फतवा देने वाले मौलाना फज्ले हक खैराबादी और मौलाना रजा अली खां बरेलवी मदरसे के ही छात्र थे। लाखों मदरसों में अगर कोई एकाध मदरसा गलत काम करता है तो सिर्फ उसी के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

मौलाना ने कहा कि चंद दिनों पहले एक शख्स ने पैगंबर ए इस्लाम की शान में गुस्ताखी की। अब कुछ लोग मदरसों को बंद कराने की बात कह रहे हैं लेकिन फिर भी अखिलेश यादव खामोश है। मौलाना ने कहा कि विधानसभा हो या लोकसभा चुनाव, मुसलमानों ने सपा को झोली भरके वोट दिए। इस समय अखिलेश यादव को मुसलमानों की आवाज संसद में उठाने की जरूरत है।

त्योहारों के लिए बसों को ठीक कराने में जुटा परिवहन निगम

बरेली, अमृत विचार : दिवाली और दूसरे त्योहारों पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने की संभावना देखते हुए परिवहन निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अफसरों के मुताबिक वर्कशॉप में खराब खड़ी बसों की मरम्मत कराने का अभियान शुरू कर दिया गया है ताकि त्योहारों से पहले उनकी कमियों को दुरुस्त किया जा सके। लखनऊ और दिल्ली के साथ छोटे रूटों पर 20 अक्टूबर से बसों के फेरे भी शुरू करा दिए जाएंगे। दिवाली पर बसों की वजह से यात्रियों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए अधिकारियों ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत वर्कशाप में खराब खड़ी बसों को ठीक कराया जा रहा है ताकि त्योहारों न बसों की कमी पड़े न वे रास्ते में खड़ी हों। बरेली रीजन में 600 से अधिक सरकारी और अनुबंधित बसें हैं। बरेली, रुहेलखंड, बदायूं और पीलीभीत डिपो की बसें लखनऊ, दिल्ली, उत्तराखंड, जयपुर समेत कई लंबे रूटों पर चलती हैं। त्योहारों में यात्रियों की संख्या कई गुना ज्यादा हो जाती है, इसी कारण परिवहन निगम की तरफ से 20 अक्टूबर से लंबे रूटों पर अतिरिक्त बसें चलाने का फैसला लिया गया है।

भांजों ने लाठी से पीटकर की मामा की हत्या

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

अमृत विचार: थाना मितौली क्षेत्र के गांव कचियानी में मामा व भांजों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। इससे नाराज भांजों ने मामा की लाठियों से जमकर पिटाई कर दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें परिवार के लोग अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में मामा ने दम तोड़ दिया। सीओ व एसओ ने मौका मुआयना किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गांव कचियानी पुरवा निवासी रामकुमार भार्गव (48) व उनके भांजों का आसपास में ही मकान है। बताते हैं कि पड़ोसी प्रेमचंद विश्वकर्मा का रामकुमार भार्गव से काफी लगाव था। इसलिए वह अक्सर राम कुमार के यहां आते-जाते थे। और घंटों बैठे भी रहते थे। जबकि उसके भांजों की प्रेमचंद से नहीं बनती थी। इसी बात को लेकर रामकुमार व उनके भांजों में मनमुटाव चला आ रहा था। रविवार को जब प्रेमचंद, रामकुमार के यहां पहुंचा तो भांजों ने इसका विरोध किया। इस पर वाद विवाद बढ़ गया। धीरे-धीरे विवाद मारपीट में बदल गया।

भांजों ने रामकुमार को लाठियों से पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी और उन्हें मरणासन्न हालत में लेकर सीएचसी पहुंचे, जहां से डॉक्टर ने हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में रामकुमार की मौत हो गई। इस मामले में रामकुमार की पत्नी फूलमती ने मितौली थाने में दोपहर को ही रमाकांत, तन्नू व अंकित के खिलाफ मारपीट की रिपार्ट दर्ज कराई थी। परिजन रविवार देर शाम शव लेकर घर पहुंचे। इससे कोहराम मच गया। सीओ शमशेर बहादुर सिंह व प्रभारी निरीक्षक राजू राव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी घर से फरार हैं। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं

मौके पर मौजूद सीओ मितौली व अन्य लोग। ● अमृत विचार

दीक्षा समारोह आज, 94 टॉपर्स को मिलेंगे पदक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 187 शोधार्थियों को उपाधि भी वितरित की जाएंगी
- रविवार को रिहर्सल कर तैयारियां की गईं पूरी

अमृत विचार: रुहेलखंड विश्वविद्यालय का 22वां दीक्षांत समारोह सोमवार को अटल सभागार में होगा। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में 94 टॉपर्स को स्वर्ण पदक और 187 शोधार्थियों को उपाधि वितरित की जाएंगी। समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। रविवार को पदक और उपाधि वितरण का रिहर्सल किया गया।

कुलपति प्रो. केपी सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया कि बीआर अंबेडकर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जालंधर के निदेशक प्रो. बिनोद कन्नौजिया मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने कहा कि यह अवसर न केवल उपलब्धियों का जश्न मनाने का है, बल्कि यह प्रेरणा देने का भी है कि नए विद्यार्थी भी अपनी मेहनत और समर्पण के माध्यम से सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचें।

समारोह का लाइव प्रसारण भी किया जाएगा। रविवार को रिहर्सल के दौरान सांकेतिक टॉपर्स को पदक और शोधार्थियों को उपाधियां वितरित की गईं। सांस्कृतिक क्लब की छात्राओं ने पर्यावरण गीत चल मिलकर लेते हैं ये कसम, पेड़ लगाएं मिलकर हम प्रस्तुत किया, जिसे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के स्वागत के समय गाया जाएगा।

दीक्षांत समारोह में सुबह 11 बजे पहुंचेंगी राज्यपाल

बरेली, अमृत विचार : राज्यपाल आनंदी बेन पटेल का दीक्षांत समारोह का मिनट टू मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया गया। वह सोमवार सुबह 10:10 बजे चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट लखनऊ से विमान से त्रिशूल एयरफोर्स के लिए उड़ान भरेंगी। सुबह करीब 10:45 बजे उनका विमान त्रिशूल एयरपोर्ट पर लैंड होगा। इसके बाद वह 10:50 बजे कार से निकलेंगी और सुबह 11 बजे रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अटल सभागार में पहुंचेंगी। वह करीब पौने दो घंटे तक कार्यक्रम में रहेंगी। दीक्षांत समारोह के बाद वह आंगनबाड़ी किट का भी वितरण करेंगी। वह 2:25 बजे एयरफोर्स के लिए चली जाएंगी। वहीं राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि प्रतिभाग करेंगी। वह हरदोई से स्टाफ कार से सुबह 8 बजे बरेली के लिए प्रस्थान करेंगी और सुबह करीब 10.30 बजे समारोह में पहुंचेंगी।

ई-कार्ट से अटल सभागार तक पहुंचे कुलपति

दीक्षांत के रिहर्सल के दौरान कुलपति प्रो. केपी सिंह ई-कार्ट से अटल सभागार तक पहुंचे। अटल सभागार में तैयारियों को जानकारी ली। इसके बाद सभागार के अंदर की व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराया। रिहर्सल में बताया कि अटल सभागार में प्रवेश के दौरान सबसे पहले कुलसचिव, वित्त अधिकारी, विद्या परिषद व कार्य परिषद के सदस्य, संकायाध्यक्ष, कुलपति, राज्यपाल, मुख्य अतिथि व अन्य रहेंगे। वापसी में सबसे पहले राज्यपाल, मुख्य अतिथि, कुलपति, विशिष्ट अतिथि, कार्य परिषद व अन्य रहेंगे।

सपा पार्षद को हाउस अरेस्ट करने पर पुलिस से नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मौलानगर के पार्षद उमान रजा लखनऊ जा रहे थे विरोध जताने
- पैगंबर के मुद्दे पर सपा नेताओं की खामोशी पर सवाल उठाए

अमृत विचार: लखनऊ में यति नरसिंहानंद का विरोध करने जा रहे सपा के मौलानगर के पार्षद उमान रजा को पुलिस ने सुर्खा में हाउस अरेस्ट कर दिया। इस पर उनकी पुलिस से नोकझोंक हुई। उनके समर्थन में 50-60 लोग पहुंचे और पार्षद ने निकलने की कोशिश की तो पुलिस ने सख्ती कर रोक दिया।

उमान रजा पैगंबर के खिलाफ टिप्पणी के मामले में सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से आवाज उठाने की मांग कर रहे है। इसके लिए वह लखनऊ में सपा कार्यालय पर जाना चाहते थे लेकिन पुलिस ने उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात इंस्पेक्टर ने उमान रजा को बुलाकर समझाया था लेकिन वह लखनऊ जाने की जिद पर अड़े रहे। रविवार की सुबह सुर्खा में रजा चौक स्थित उनके घर पर आधा दर्जन पुलिस वाले तैनात कर दिए गए। उनके हाउस अरेस्ट की सूचना पर मोहल्ले के 50-60 लोग पहुंचे। उमान घर से बाहर निकल आए और लखनऊ जाने की कोशिश की तो पुलिस ने नोकझोंक हुई और पुलिस ने उन्हें घर में वापस भेज दिया और अन्य लोगों को भी हटा दिया। पार्षद उमान रजा का कहना है कि मुसलमानों ने समाजवादी पार्टी को झोली भरकर एकतरफा वोट दिया लेकिन पैगंबर के मुद्दे पर उनकी खामोशी समाज को अखर रही है और लोग उनसे सवाल कर रहे हैं। उन्होंने सपा के स्थानीय नेताओं से भी इस मुद्दे पर खुलकर बोलने की मांग रखी थी।

5 वर्ष की बालिका से 70 वर्षीय वृद्ध ने किया दुष्कर्म

बिलासपुर(रामपुर), अमृत विचार : नगर निवासी महिला ने अपनी 5 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म किए जाने का आरोप 70 वर्षीय वृद्ध पर लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। इसके आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला रोते हुए कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उसने बताया कि वह एक वृद्ध के मकान में किराए पर रहती है। शनिवार को उसका पति के साथ झगड़ा हो गया था। इसकी वजह से पति घर छोड़कर चला गया था। वह अपने पति को ढूंढने गई थी। इस दौरान वृद्ध ने उसकी 5 वर्षीय पुत्री को बुरी नीयत से दबोच लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी फरार हो गया। बच्ची से दुष्कर्म की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी वृद्ध के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

भाजपा ब्लॉक प्रमुख के पति समेत चार के खिलाफ रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- अहलादपुर के प्रधान ने राइफल तानकर मारपीट करने का लगाया आरोप
- भाजपा सदस्यता अभियान के दौरान 15 दिन पहले ब्लॉक में हुई थी मारपीट

अमृत विचार : बिथरी चैनपुर ब्लॉक प्रमुख के कार्यालय पर भाजपा के सदस्यता अभियान के दौरान हुए विवाद के मामले में पुलिस ने अपर पुलिस महानिदेशक के आदेश पर दूसरे पक्ष की ओर से भी रिपोर्ट दर्ज कर ली है। अहलादपुर के प्रधान सियाराम की ओर से लिखाई गई इस रिपोर्ट में ब्लॉक प्रमुख के पति हरेंद्र पटेल समेत चार लोगों पर राइफल तानने और बलवे समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

इज्जतनगर के गांव अहलादपुर के ग्राम प्रधान सियाराम साहू ने एडीजी से शिकायत की थी कि 30 सितंबर को वह दोपहर 1 बजे ग्राम पंचायत के काम से बिथरी चैनपुर ब्लॉक गए थे। उनके साथ उनके भाई प्यारेलाल और भतीजे सोनू साहू, अजय साहू के अलावा सौरभ भी थे। आरोप है कि शौचालय की सूची जमा करने जब वह ब्लॉक कार्यालय पहुंचे तो कुर्सी पर ब्लॉक प्रमुख के बजाय नवदिया झादा निवासी उनके पति हरेंद्र पटेल बैठे हुए थे। उनके साथ पंकज, सौरभ, सुरेंद्र, मनीष भी थे जिनके पास राइफल थी। सियाराम का आरोप है कि उन्होंने हरेंद्र पटेल से पूछा कि ब्लॉक प्रमुख कहां हैं तो वह नाराज हो गये। बोले, तेरी हिम्मत कैसे हुई, मुझसे इस तरह बात करने की। कुछ देर नोकझोंक के बाद गुस्साए हरेंद्र पटेल और उनके साथी सुरेंद्र और पंकज ने उन पर गैर लाइसेंसी राइफल तानकर गालीगलौज शुरू कर दी। आरोप है कि सुरेंद्र ने राइफल से फायरिंग भी की जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी उन्होंने पुलिस को सौंपी है। उनके विरोध करने पर हरेंद्र पटेल और उनके साथियों ने उन्हें और उनके भाइयों के साथ जमकर मारपीट की। सियाराम का आरोप है कि हरेंद्र पटेल ने सत्ता का हवाला देते हुए उन्हें धमकियां दीं और पुलिस बुलाकर शांतिभंग में चालान भी करा दिया।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः॥

विद्या का अहंकार, धन-संपति का अहंकार, कुलीनता का अहंकार तथा सेवकों के साथ का अहंकार बुद्धिहीनों का होता है, सदाचारी तो दमन द्वारा इनमें भी शांति खोज लेते हैं।

संपादकीय

पीएम गति शक्ति पहल

देश में विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करने के उद्देश्य से शुरू की गई पीएम गति शक्ति योजना के तीन वर्ष पूरे हो गए हैं। इस बीच देश के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इसमें वैश्विक रैंकिंग में सुधार, डिजिटलीकरण प्रयास और दक्षता में वृद्धि शामिल है। पीएम गति शक्ति और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी प्रमुख पहलों ने प्रतिस्पर्धात्मकता और व्यापार सुविधा को बढ़ाने में योगदान दिया है। 44 से अधिक केंद्रीय मंत्रालय और 36 राज्य व केंद्र शासित प्रदेश इसमें शामिल हुए। यह एकीकरण भारत की 2070 तक नेट ज़ीरो प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति (एनएलपी) के साथ मिलकर, पीएम गतिशक्ति ने महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने, लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने और भारत के लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। गति शक्ति की बदौलत देश विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए तेज गति के साथ आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, एंटरप्रेन्योरशिप और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा।

एक अध्ययन के अनुसार, भारत में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 13 प्रतिशत है, जो कि विकसित देशों की तुलना में काफी अधिक है। उच्च लॉजिस्टिक लागत के कारण भारत के निर्यात प्रतिस्पर्द्धात्मकता बहुत कम हो जाती है। वास्तव में पीएम गतिशक्ति ने लॉजिस्टिक्स लागत को कम किया है और बेहतर सेवा वितरण को सक्षम किया है। बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके में एक बड़ा बदलाव आया है। एक समग्र एवं एकीकृत परिवहन कनेक्टिविटी रणनीति ने 'मेक इन इंडिया' का समर्थन किया है और परिवहन के विभिन्न तरीकों को एकीकृत किया है, जो आत्मनिर्भर भारत दृष्टिकोण के लिए महत्वपूर्ण है। इससे कई लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। यह पहल भारत के बुनियादी ढांचे को और ज्यादा स्मार्ट तथा मजबूत कर रही है। साथ ही भारत में आर्थिक विकास को बढ़ावा और विकास के भविष्य को आकार दे रही है। इसके अलावा लंबे समय से चली आ रही समस्याओं जैसे- असंबद्ध योजना, मानकीकरण की कमी, मंजूरी संबंधी चुनौतियां दूर करने के साथ-साथ समय पर बुनियादी अवसंरचना की क्षमता के निर्माण एवं उपयोग में मदद मिली है। कुल मिलाकर पीएम गति शक्ति सही दिशा में उठाया गया एक कदम साबित हुआ है। हालांकि इसे उच्च सार्वजनिक व्यय से उत्पन्न संरचनात्मक और व्यापक आर्थिक स्थिरता संबंधी चिंताओं को दूर करने की आवश्यकता है।

मिलजुल कर काम करेंगे एआई युक्त रोबोट्स और मानव

डॉ. राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

अब तक 20 करोड़ से अधिक प्रकार के प्रोटीन्स खोजे जा चुके हैं। 2003 में डेविड बेकर ने इन खंडों का उपयोग करके एक नया प्रोटीन तैयार किया, जो किसी अन्य प्रोटीन जैसा नहीं था। तब से उनके शोध समूह ने एक के बाद एक नवीन प्रोटीन संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं।

हमारी पृथ्वी पर जीवन के लाखों प्रकार के रूप दिखाई पड़ते हैं। इन सभी रूपों को बनाने के लिए प्रोटीन्स का बहुत बड़ा महत्व है। ये हमारे जीवन के आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक्स हैं। ये हमारे जीवन की ईंटें हैं। प्रोटीन्स हमारे शरीर के रासायनिक उपकरणों के रूप में अत्यंत अद्भुत क्षमता रखते हैं। वे उन सभी रासायनिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित और संचालित करते हैं, जो मिलकर जीवन का आधार बनाती हैं।

प्रोटीन्स हार्मोन, सिग्नल पदार्थ, एंटीबॉडीज और विभिन्न ऊतकों के निर्माण के खंडों के रूप में भी कार्य करते हैं। ये पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीवन के लिए आवश्यक हैं। ये पृथ्वी पर जीवन के अरबों वर्ष के विकास के परिणामस्वरूप विकसित हुए हैं। ये प्रोटीन्स करोड़ों प्रकार के पाए जाते हैं। कोई हमारी मांसपेशियां बनाता है, कोई सींग, बाल, पंख, हार्मोन्स, एंटीबॉडीज, एंजाइम्स, खून, विष, हड्डियां और शरीर के तमाम अन्य अंग। ये हमारी कोशिकाओं का साइटोप्लाज्म और उसकी कोशिका झिल्ली बनाते हैं। ये कोशिका झिल्ली पर बैठकर विभिन्न रिसेप्टर्स बनाते हैं। ये विभिन्न संचार चैनल्स बनाते हैं। इनके कामों का अंत ही नहीं है। हमारे जीन्स इनका नियंत्रण करते हैं। ये हमारी कोशिकाओं के राइबोसोम्स में बनते हैं। हमारे जीवन के लिए इतने महत्वपूर्ण घटक प्रोटीन्स की संरचना के बारे में जानना हमें जीवन के बारे में बहुत कुछ बताता है। यह हमारे लिए अनेक प्रकार से बहुत महत्वपूर्ण है, बहुत आवश्यक है।

इस बार का केमिस्ट्री का नोबेल पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को प्रोटीन्स की संरचना की खोज के लिए दिया गया है। ये वैज्ञानिक हैं डेविड बेकर, ब्रिटन डेमिस हसाबिस और जॉन एम. जंपर। इन वैज्ञानिकों की खोजों ने इन अद्भुत प्रोटीनों के निर्माण के बारे में बहुत कुछ बताया है। इसके अतिरिक्त इन खोजों ने 50 साल पुराने सपने को साकार किया है और वह सपना है- एमिनो एसिड्स के परस्पर जुड़ने के अनुक्रमों से प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी करना। इन दोनों खोजों ने व्यापक संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। सामान्यतः प्रोटीन्स 20 विभिन्न एमीनो एसिड्स से मिलकर बने होते हैं, जिन्हें जीवन के निर्माण खंडों के रूप में वर्णित किया जा सकता है। ये मोटे-मोटे 20 एमीनो एसिड्स विभिन्न संख्याओं और विभिन्न अनुक्रमों में जुड़कर करोड़ों प्रकार के प्रोटीन्स बनाते हैं।

प्रोटीन्स की इस खोज में कृत्रिम बुद्धि अर्थात एआई का बहुत बड़ा हाथ है। यह हमारा एक यंत्र है, एक टूल है, एक उपकरण है। इस कृत्रिम बुद्धि को मानव ने बनाया है और अब यह मानव की अनेक प्रकार से सहायता कर रही है। कभी मानव ने आग को पाया था, उसने पहिए की खोज की थी, उसने पत्थर के अनगढ़ औजार बनाए थे और इन चीजों ने उसकी कितनी सहायता की थी। अब मशीन द्वारा मानव को दी जा रही इन सहायताओं में कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग एक बहुत बड़ा उपकरण बन कर उभरा है। निश्चित रूप से हम आगे चलकर एक ऐसा समाज देखेंगे, जिसमें कृत्रिम बुद्धि युक्त रोबोट्स और मानव मिलजुल कर मानव के हित में काम करेंगे। मानव अपने कदम निरंतर आगे बढ़ा रहा है।

अब तक 20 करोड़ से अधिक प्रकार के प्रोटीन्स खोजे जा चुके हैं। 2003 में डेविड बेकर ने इन खंडों का उपयोग करके एक नया प्रोटीन तैयार किया, जो किसी अन्य प्रोटीन जैसा नहीं था। तब से उनके शोध समूह ने एक के बाद एक नवीन प्रोटीन संरचनाएं बनाई हैं, जिनमें ऐसे प्रोटीन शामिल हैं, जिन्हें औषधियों, टीकों, नैनोमटेरियल्स और छोटे सेंसरों के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। दूसरी खोज प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी से संबंधित है। प्रोटीन्स में एमीनो एसिड्स लंबी श्रृंखलाओं में जुड़े होते हैं, जो तीन आयामी संरचना बनाने के लिए मुड़ते हैं और यह संरचना प्रोटीन की कार्यक्षमता के लिए, उसके किसी विशेष कार्य के लिए, निर्णायक होती है।

1940 के दशक से शोधकर्ता एमीनो एसिड अनुक्रमों से प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन यह अत्यधिक कठिन साबित हुआ। सन 1950 में कैंब्रिज विश्वविद्यालय के जॉन केंडू और मैक्स पेरुट्ज ने एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी का प्रयोग करके प्रोटीन के थ्री आयामी मॉडल बनाने में सफलता प्राप्त की थी। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार भी दिया गया था, लेकिन एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी से प्रोटीन्स की संरचना के बारे में जानना एक कठिन कार्य था। इससे अपेक्षाकृत बहुत कम संख्या में प्रोटीन्स के बारे में जाना जा सका था। अब से चार साल पहले एक आश्चर्यजनक सफलता मिली।

सन 2020 में डेमिस हसाबिस और जॉन जंपर ने गूगल की एक शाखा डीप माइंड में काम करते हुए एक आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस (एआई मॉडल) प्रस्तुत किया, जिसे अल्फा फोल्ड-2 कहा जाता है। इसकी मदद से वे उन लगभग 20 करोड़ प्रोटीनों की संरचना की भविष्यवाणी करने में सक्षम हुए हैं, जिन्हें शोधकर्ताओं ने पहचाना है। उनकी इस सफलता के बाद, अल्फा फोल्ड-2 का उपयोग 190 देशों के बीस लाख से अधिक लोगों द्वारा किया गया है।

प्रोटीन्स की संरचना जानना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि विभिन्न संरचना के प्रोटीन्स विभिन्न कार्य करते हैं। एमीनो एसिड्स की श्रृंखलाएं विशेष प्रकार से मुड़कर विशेष प्रकार के प्रोटीन्स का निर्माण करती हैं। किस प्रकार के एमीनो एसिड्स को किस प्रकार जोड़ने पर वह किस प्रकार मुड़ेंगे और कौन सी प्रोटीन बनाएंगे, यह जानना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इन वैज्ञानिकों के कार्यों ने हमारे लिए वह रास्ता खोल दिया है।

अब अनेक वैज्ञानिक अनुप्रयोगों में शोधकर्ता एंटीबायोटिक प्रतिरोध को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और ऐसे एंजाइमों की छवियां बना सकते हैं, जो प्लास्टिक को विघटित कर सकते हैं। वह अनेक प्रकार के एंजाइम्स और हार्मोन्स बना सकते हैं। वह जीवन के बिल्डिंग ब्लॉक्स बना सकते हैं। पृथ्वी पर जिस प्रकार का जीवन हम जानते हैं, वह जीवन प्रोटीनों के बिना संभव नहीं हो सकता। अब जब हम प्रोटीन संरचनाओं की भविष्यवाणी कर सकते हैं और अपने स्वयं के प्रोटीन डिजाइन कर सकते हैं तो यह ज्ञान मानवता के लिए बहुत बड़ा लाभ प्रदान करता है। इन वैज्ञानिकों की ये खोजें वास्तव में क्रांतिकारी खोजें हैं। इस बार का मेडिसिन या फिजियोलॉजी का नोबेल पुरस्कार भी माइक्रो आरएनए की खोज के लिए दिया गया है। यह भी हमारे जींस के नियंत्रण के लिए एक बहुत आवश्यक चीज है। इस बार फिजिक्स का नोबेल पुरस्कार भी कृत्रिम तंत्रिका जाल, कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग में विशेष खोजों के लिए दिया गया है।

प्रोटीन्स की इस खोज में कृत्रिम बुद्धि अर्थात एआई का बहुत बड़ा हाथ है। यह हमारा एक यंत्र है, एक टूल है, एक उपकरण है। इस कृत्रिम बुद्धि को मानव ने बनाया है और अब यह मानव की अनेक प्रकार से सहायता कर रही है। कभी मानव ने आग को पाया था, उसने पहिए की खोज की थी, उसने पत्थर के अनगढ़ औजार बनाए थे और इन चीजों ने उसकी कितनी सहायता की थी। अब मशीन द्वारा मानव को दी जा रही इन सहायताओं में कृत्रिम बुद्धि और मशीन लर्निंग एक बहुत बड़ा उपकरण बन कर उभरा है। निश्चित रूप से हम आगे चलकर एक ऐसा समाज देखेंगे, जिसमें कृत्रिम बुद्धि युक्त रोबोट्स और मानव मिलजुल कर मानव के हित में काम करेंगे।

मानव अपने कदम निरंतर आगे बढ़ा रहा है। वह एक गुफा मानव की स्थिति से आज की स्थिति तक अपनी इस जिज्ञासा, लगन और परिश्रम से पहुंचा है। हमें मानव के स्वयं और इस विश्व को समझने के प्रयासों और परिश्रम को नमन करना चाहिए।

प्रसंगवश

जीवन का सत्य

बीते दिनों लखनऊ के गोमतीनगर स्थित सहारा मुख्यालय के सामने से गुजरते समय सहाराश्री की याद आ गई। इस विशाल परिसर में कभी सहाराश्री सुब्रत राय अपने अधीनस्थों के साथ राजसी शान से रहा करते थे। इस परिसर में होने वाले आयोजनों में मुख्यमंत्री से लेकर बड़े-बड़े नौकरशाह तक उपस्थित होने में अपना गौरव समझते थे। आज यह परिसर वीरान और श्रीहीन पड़ा है।

अभी कुछ दिन पूर्व रतन टाटा भी दिवंगत हुए। वह अविवाहित थे, लेकिन उनके सत्कर्मों के कारण उनकी मृत्यु पर पूरा देश दुखी था। हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी।

बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

सुब्रत राय ने अपनी पोंजी योजनाओं से गरीब जनता की अपार धनराशि एकत्र कर विशाल साम्राज्य खड़ा किया था। वक्त की ऐसी मार पड़ी कि गरीबों का पैसा न वापस करने पर सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें सालों जेल में रखा और अंत में असहाय अवस्था में बीमारी से वह दिवंगत हो गए और उनके अंतिम संस्कार में विदेश में रह रहे उनके बेटे भी सम्मिलित होने नहीं आए। कितने दुर्भाग्यशाली थे वे! कबीर ने सही कहा है-"निर्बल को न सताइए,जाकी मोटी हाय,/ मुई खाल की स्वांस से, सार भस्म हो जाए।" अभी कुछ दिन पूर्व रतन टाटा भी दिवंगत हुए। वह अविवाहित थे, लेकिन उनके सत्कर्मों के कारण उनकी मृत्यु पर पूरा देश दुखी था। हर क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी थी।

जीवन का सत्य यही है कि प्रत्येक व्यक्ति खाली हाथ ही अंतिम यात्रा पर प्रस्थान करता है। किसी के जाने पर लोग दुःखी होते हैं और किसी के जाने पर ...? सब देखते, जानते हुए भी हम अनैतिक कार्यों से धन संचय करने में लिप्त रहते हैं। स्वार्थ के वशीभूत होकर दूसरों का नुकसान करते हैं। परंतु क्यों? यही यक्ष प्रश्न है।

शेयर बाजार और गांधी का सूत्र

डॉ. अशोक कुमार शुक्ला
सहायक भूमि व्यवस्था आयुक्त, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश

सेबी का यह विचार था कि शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का प्रतिभाग बढ़ जाने से बाजार में बढ़ी धनराशि शेयर बाजार में योजित हो सकेगी।

सेबी की हालिया रिपोर्ट के अनुसार छोटे निवेशकों के मध्य भारतीय शेयर बाजार की बढ़ती हुई लोकप्रियता ने जहां एक ओर देश के छोटे-छोटे कस्बे तक अपनी पहुंच बनाई है, वहीं दूसरी ओर कम समय में बड़ी धनराशि अर्जित करने के मोह के चलते 91.1 प्रतिशत छोटे निवेशकों को अपनी छोटी-छोटी पूंजी से भी हाथ धोना पड़ा। सेबी की रिपोर्ट बताती है कि देश में इस वर्ष मात्र नौ प्रतिशत से भी कम निवेशकों द्वारा ही शेयर मार्केट से लाभ अर्जित किया गया है, जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में छोटे निवेशकों के मध्य अपनी पूंजी गंवाने का यह आंकड़ा 89 प्रतिशत के लगभग था।

देश के लिए यह गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए कि जहां हम संसार की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं और विश्व के बड़े धन्नासेठों की सूची में भारतीयों के नाम तेजी से बढ़ते जा रहे हैं, वहीं देश में छोटे निवेशकों का 91 प्रतिशत से अधिक हिस्सा अपनी पूंजी गंवाता जा रहा है। आर्थिक असमानता की यह बढ़ती हुई खाई निश्चित रूप से गंभीर चिंता का विषय है, ऐसे में शेयर बाजार में लागू नीतियों के संबंध में महात्मा गांधी द्वारा कहा गया वह सूक्त वाक्य अवश्य याद किया जाना चाहिए, जिसमें उन्होंने देश के नीति-नियंताओं को किसी भी नीति के क्रियान्वयन से पूर्व इस कसौटी पर परखने की आवश्यकता बताई थी कि वह नीति देश के सबसे निचले तबके के व्यक्ति पर क्या प्रभाव डालने वाली है।

सेबी ने पिछले वर्ष ही शेयर बाजार को विभिन्न सूचकांकों में विद्यमान वायदा एक्सपायरी के लिए इतनी अधिक साप्ताहिक तिथियां तय कर दी थीं कि सप्ताह के प्रत्येक दिन किसी न किसी सूचकांक में वायदा कारोबार की एक्सपायरी होने लगी थी। इतना ही नहीं वायदा कारोबार में छोटे निवेशकों के प्रतिभाग को बढ़ाने के लिए निफ्टी, बैंक निफ्टी सहित अनेक सूचकांकों में वांछित न्यूनतम धनराशि को भी कम कर दिया था।

सेबी का यह विचार था कि शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का प्रतिभाग बढ़ जाने से बाजार में बढ़ी धनराशि शेयर बाजार में योजित हो सकेगी, परंतु इस नीति को लागू करने से पहले सेबी ने इसे गांधी की उस सूक्ति की कसौटी पर नहीं कसा, जिसमें नीति के क्रियान्वयन से पूर्व समाज के सबसे निचले तबके पर उसके प्रभाव का आकलन किया जाना चाहिए था। इसका परिणाम यह हुआ कि सेबी द्वारा शेयर बाजार की पहल पर लागू की गई इस नीति के चलते देश के तीन प्रतिशत अतिरिक्त छोटे निवेशकों को उनकी पूंजी गंवाने में सहयोगी की भूमिका का निर्वहन किया।

सेबी द्वारा हाल में ही नए निर्देश जारी करते हुए भारतीय वायदा कारोबार में निवेश की सीमा को तीन गुना तक बढ़ाने और प्रति एक्सचेंज एक ही साप्ताहिक एक्सपायरी रखने के निर्देश जारी किए हैं। इस प्रकार अब से केवल निफ्टी सूचकांक में साप्ताहिक एक्सपायरी होगी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ने 10 अक्टूबर को जारी अपने एक ज्ञापन में यह जानकारी दी है कि आगामी 13, 18 और 19 नवंबर से बैंक निफ्टी, निफ्टी मिडकैप सेलेक्ट और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज के साप्ताहिक वायदा संविदाओं (डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट्स) को बंद कर दिया जाएगा।

ध्यान देने योग्य तथ्य यह है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 से लेकर वित्त वर्ष 2023-24 तक 1.13 करोड़ छोटे निवेशकों ने इस वायदा कारोबार में ट्रेडिंग करते हुए पर 1.81 लाख करोड़ रुपये की अपनी गाढ़ी कमाई को गंवा दिया है। अकेले वित्तीय वर्ष 23-24 में ही छोटे निवेशकों द्वारा अपनी गाढ़ी कमाई के 75 हजार करोड़ रुपये गंवाए जा चुके हैं। इस वित्तीय वर्ष में शेयर बाजार के छोटे निवेश के प्रत्येक कारोबारी द्वारा औसतन एक लाख बीस हजार का वार्षिक नुकसान किया गया है। चूंकि शेयर बाजार का वायदा कारोबार "जीरो सम गेम" होता है अर्थात शेयर बाजार में विद्यमान कारोबारियों के मध्य हानि और लाभ का योग शून्य होता है, इसलिए छोटे निवेशकों को जितनी हानि होती है उतना ही लाभ बड़े निवेशकों को होता है। इसके चलते विगत वित्तीय वर्ष में छोटे निवेशकों की जेब से निकला 75 हजार करोड़ रुपया बड़े निवेशकों की जेब में जा चुका है।

बहरहाल अब 20 नवंबर से सभी एक्सचेंजों में एक ही साप्ताहिक एक्सपायरी होगी, परंतु इस निर्णय को लागू करने से पहले भी हमने इसे महात्मा गांधी द्वारा निर्देशित उस सूक्ति वाक्य की कसौटी पर कसने की औपचारिकता का निर्वहन नहीं किया है, इसलिए छोटे निवेशकों के हित में इसकी सफलता प्रश्नचिन्हित हो सकती है।

सोशल फोरम

सिर्फ कमियां देखने वाले

हर इंसान की जिंदगी के अच्छे और बुरे पक्ष को बता सकता हूं, जो लोग किसी की भी जिंदगी में बुरे पक्ष को ही उजागर करते हैं, वह तो पहले ही अपनी बुराई का पता दे देते हैं। बेचारे अपनी कमजोरियों से इतने लाचार हैं कि किसी के लिए दो अच्छे शब्द भी बोलने पर उनका वजूद बिखरने को होता है।

यह अजीब चलन सा निकल भी आया है कि अपनी टांग अलग से दिखाओ। जब तारीफ हो किसी की, तो उसका बुरा पक्ष दिखाओ।

हफीज किदवई
लेखक

यह मक्खी सिफत लोग होते हैं, जो गंदगी ढूंढकर, उस पर अपने पर फैलाकर भुन-भुन करते हैं। इनके पास लोगों की जिंदगी में अच्छाई नजर नहीं आती। यह सिर्फ बुराई ही देख पाते हैं। जब जमाना किसी को अच्छा कहता है, तब यह बताते हैं कि फलानी रात में, फलानी जगह यह गलत पाए गए थे। अबे कभी तो किसी के लिए मुंह से दो-चार अच्छे शब्द भी बोल दिया करो। यह न करके तुम अपनी तरबियत का पता देते हो, जो यही है कि सिर्फ कमियों पर निगाह रखो। मेरे एक दोस्त हैं, जिन्हें दुनिया की कोई फिल्म अच्छी नहीं लगती। खासकर जिसकी सब तारीफ करें, उसकी बुराई में तो वह बरस भी निकाल सकते हैं। भाईसाहब को जब कोई फिल्म की कहानी, एक्टिंग सब भी ठीक लगे, तो डायरेक्टर की निजी जिंदगी की खामी निकालकर उसे बुरा कहेंगे। अब इनका क्या ही किया जाए, सिवाए इसके की इनकी इस गंदगी के साथ इन्हें बर्दाश्त करो।

यह अजीब चलन सा निकल भी आया है कि अपनी टांग अलग से दिखाओ। जब तारीफ हो किसी की, तो उसका बुरा पक्ष दिखाओ। यह जो अलग दिखने की चाह है, यही उन्हें अक्सर इंसानी जात से भी अलग कर देती है। यह लोगों के चर्चा में आने का इंतजार करते हैं, वह चर्चा चाहे सफलता की हो या मौत की, मगर इन्हें इसी चर्चा में अपने हिस्से को उड़ेलना होता है। जबकि उसी पैमाने पर खुद की जिंदगी को रखकर देखें तो बचपन में पढ़े इस मुहावरे का अर्थ भी और सूरत भी दिख जाए-सूप तो सूप, चलनी बोले, जिसमें बहत्तर छेद।

-फेसबुक वॉल से

कम होती सामाजिकता की गुंजाइश

दो दिन पहले शहर में कहीं जाना था। शाम का समय। एक मांगलिक कार्यक्रम में। पहले सोचा अपनी गाड़ी से जाएं, लेकिन फिर शहर में गाड़ी खड़ी करने की समस्या और दीगर बातें सोचकर तय किया कि ओला से चले जाएं। गाड़ी बुक की। तीन बार। तीनों बार ड्राइवर बोला -'आपकी लोकेशन से दूर हैं। कुछ पैसे राइड के अलावा दें तो आएं।' हमने राइड कैंसल कर दी। ये ओला/उबर/रैपिडो वाली गाड़ियां बुक होती हैं तो गाड़ी वालों को पैसा वहीं से मिलता, जहां से सवारी उठाते हैं। सवारी तक पहुंचने की दूरी उनको अपने खर्चे पर तय करनी होती है। कई बार ऐसा भी होता है कि पांच किलोमीटर की दूरी के लिए पांच से ज्यादा किलोमीटर तय करना होता है। ड्राइवर मनाकर देता है या ज्यादा पैसे मांगता है। कंपनियों को इसका इलाज करना चाहिए कुछ।

बहरहाल राइड कैंसल करने के बाद तय किया अपनी गाड़ी से ही चलते हैं। निकल ही रहे थे कि फौन आया-"कहां आना है? किस जगह है घर आपका?" पता चला कि हमारे राइड कैंसल करने के बाद भी अगली गाड़ी बुक हो गई। पता नहीं कैसे? जबकि हमने बुकिंग से मना किया था। खैर हम इंतजार कर रहे थे। गाड़ी नक्शे पर आती दिखी। पास आ गई, लेकिन कहीं कोई कार दिखी नहीं। हमने फोन किया तो पास आ गए दुपहिया वाहन का ड्राइवर बोला -'आ गए। चलिए।' हमारे लिए ताज्जुब की बात थी। अपनी समझ में हमने कार की बुकिंग की थी। वो भी करके कैंसल कर दी थी। ये दुपहिया कहां से बुक हो गई? "हो जाती है जब आप कोई भी गाड़ी का विकल्प क्लिक करते हैं।"-हेलमेट लगाते हुए दुपहिया सवार बोला। हम बमुश्किल तमाम बैठे पीछे। सीट काफी ऊंची लगी। पैर घुमा के बैठने में लगा कि जांघ का जोड़ हिल गया। शायद इसीलिए महिलाएं एक तरफ ही पैर करके बैठती हैं दुपहिया गाड़ियों में। दुपहिया चालक बालक ही था। बताया कि दादानगर में एक कंपनी काम करता है। एकाउंटेंट का। बीकॉम किया है। शाम को कुछ देर गाड़ी भी चला लेता है।

अनूप शुक्ल
कानपुर

ऐसे तमाम लोग मेरी जानकारी में भी हैं, जो किसी बड़े काम लायक काबिल नहीं लगते, लेकिन कोई दूसरा काम करना नहीं चाहते। हाथ में आए काम से बढ़िया काम की तलाश में निठल्ले बैठे हैं, लेकिन सामने दिखने वाले काम को शुरू नहीं करते।

अक्सर दादानगर से कल्याणपुर घर जाते हुए बीच की सवारी उठा लेता है। कभी घर से भी निकल जाता है गाड़ी लेकर। महीने में पांच-सात हजार कमाई हो जाती है इससे। उसको शेयर मार्केट में लगा देता है। पैसा कमाता है, पैसा बचाता है। एक कंपनी के शेयर के बारे में बताया। पंद्रह हजार में शेयर खरीदे थे। सत्रह हजार का फायदा हुआ। वो फायदा निकाल लिया हमने। फिर खरीद लिए दूसरे शेयर। अपने पैसे निकाल लिए। अब पड़े रहेंगे। कुछ न कुछ देंगे ही फायदा। शादी अभी नहीं हुई है। कह रहा था -"अभी कुछ कमाई कर लें। फिर शादी भी हो जाएगी।" बालक ने बताया -"काम की कमी नहीं है आज भी। लड़के करते नहीं। वो घर बैठे आराम का पैसा चाहते हैं। लगी-लगाई नौकरी चाहते हैं, जिसमें कोई मेहनत न करनी पड़े। बस पैसा मिलता रहे, चाहे कम मिले।" अपने भाई के बारे में भी बताया-"वो कुछ करता नहीं। बस टाइम बरबाद करता रहता है।"

ऐसे तमाम लोग मेरी जानकारी में भी हैं, जो किसी बड़े काम लायक काबिल नहीं लगते, लेकिन कोई दूसरा काम करना नहीं चाहते। हाथ में आए काम से बढ़िया काम की तलाश में निठल्ले बैठे हैं, लेकिन सामने दिखने वाले काम को शुरू नहीं करते। गंतव्य पर पहुंचने पर बिल आया 41 रुपए। सात किलोमीटर दूरी तय की थी 41 रुपए में। हमें याद आया कि कार के 150 से ऊपर दिखा रहा था। सौ रुपए बचे। नया अनुभव हुआ सो अलग।

बालक ने हमको छोड़ा उस समय रात के करीब साढ़े नौ बज रहे थे। उसके काम का समय सुबह ग्यारह से शाम चार बजे तक का है। मतलब लगभग दस बजे सुबह से रात दस तक काम में जुटा रहता है बालक। आज के समय शहरों में तमाम युवा ऐसी जिंदगी जी रहे हैं। दिन भर काम। मैं यह सोच रहा था कि जिंदगी की सबसे चमकदार उम्र में उनके मनोरंजन और आनंद के मौके एकदम सिमट गए हैं। सामाजिकता की गुंजाइश कम से कम होती जा रही है। युवाओं के ऐसी जिंदगी कितनी सुकूनदेह है?

रावण दहन : सिर्फ एक परंपरा

हमने दशहरा यानी विजयादशमी का पर्व मना लिया। देश में रावण के करोड़ों पुतले जलाए गए, यह मानकर कि उस दिन भगवान राम ने रावण का वध किया था और यह तिथि उसी की वार्षिकी है। हालांकि यह पड़ताल कभी नहीं की कि उस दिन रावण वध हुआ भी था या नहीं। देखें कि लगभग पौने नौ लाख साल पहले घटी इस घटना की वास्तविक तिथि क्या है और इसका वार्षिक पर्व मनाना कितना जरूरी है। श्रीराम त्रेता के अंत में हुए और अब कलियुग के पांच हजार वर्ष बीत चुके हैं। बीच में द्वापर होता है, जिसका शास्त्रीय परिमाण आठ लाख चौसठ हजार वर्ष है।

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इतनी पुरानी घटना की तिथि जानने के लिए हमें रामायणों और प्राचीन धर्म ग्रंथों का ही सहारा लेना पड़ेगा, वही प्रमाण हैं। हमारी गवेषणा में आश्विन शुक्ल दशमी को रावण वध कहीं नहीं हुआ। वाल्मीकि और तुलसीदास ने घटनाओं की तिथियां बारीकी से नहीं लिखीं, किंतु वर्णनों में साफ है कि इस तिथि तक तो सीता जी की खोज भी नहीं हुई थी। आश्विन यानी क्वार शरद ऋतु शुरू हो जाती है और श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण से कहते हैं "वर्षा विगत शरद ऋतु आई। सुधि न तात सीता कै पाई।" फिर, जैसा कि वाल्मीकि और तुलसी दोनों वर्णनों से साफ है कि लक्ष्मण सुग्रीव पर कोप करते हैं, सुग्रीव भयभीत हो देशभर में फैले वानरों को बुलवाते हैं, चारो ओर खोजी वानर दल जाता है, उसे एक महीने का समय दिया जाता है। दक्षिण दिशा में गया वानर दल, जिसमें हनुमान जी भी हैं, एक जगह यह बातें करता है कि "साथियों! निर्धारित एक मास की अवधि से ज्यादा तो हमें अब तक बीत चुका है और हम खाली हाथ हैं"। इस सब के चलते विजयादशमी को रावण वध का सवाल ही नहीं पैदा होता है। अलबत्ता उस दिन राम द्वारा विजय के लिए प्रस्थान के उल्लेख जरूर उपलब्ध हैं। देवी भागवत में नारद ने राम को शारदीय नवरात्र रखने की सलाह दी है, जो उन्होंने किए और नवमी तक व्रत करके दशमी को विजय मुहूर्त में लंका की ओर प्रयाण किया, क्योंकि जटायु यह तो बता ही चुके थे कि रावण ने सीताहरण किया है। ("समाप्य तद्वतं चक्रं प्रयाण दशमी दिने")। तुलसीकृत 'रामचरितमानस' से एक शताब्दी पूर्व बांग्ला में लिखी गई "कृत्तिवास रामायण" भी ऐसा ही कहती है,"दशमी ते पूजा करि विसर्जिया महेश्वरी संग्रामे चलिल रघुपति"। ऐसी दशा में इस तिथि को रावण वध मानना भ्रमोत्पादक है।

स्कंद पुराण में राम वन गमन से लेकर राजतिलक तक की तिथियां दी गई हैं। इसके अनुसार रावण वध चैत्र कृष्ण चतुर्दशी को और अंत्येष्टि अमावस्या को हुई। भगवान का हर अवतार दुष्टों का संहार करता रहा है। राम ने भी रावण के अलावा अन्य अनेक खल संहारे, जिनमें एक शंबूक भी है। श्रीकृष्ण ने कंस आदि कितनों का वध किया, लेकिन उनके पुतलों का वार्षिक दहन नहीं किया जाता और न माता दुर्गा के द्वारा मारे गए महिषासुर, शुंभ निशुंभ आदि के साथ ऐसा व्यवहार किया जाता है। यह बिंदु एक विमर्श की दरकार तो रखता ही है।

डिजिटल अरेस्ट कर पूर्व मेजर जनरल से दो करोड़ ठगे

पुलिस ने जयपुर से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया, ठगी की वारदात थाईलैंड में बैठे गिरोह ने की थी

नोएडा,एजेंसी

गौतम बुद्ध नगर की साइबर क्राइम थाना पुलिस ने सेवानिवृत्त मेजर जनरल को डिजिटल अरेस्ट कर दो करोड़ रुपये की ठगी करने के मामले मे तीन आरोपियों को जयपुर से गिरफ्तार किया है।

डिजिटल अरेस्ट में किसी शख्स को ऑनलाइन माध्यम से डराया जाता है कि वह सरकारी एजेंसी के माध्यम से गिरफ्तार हो गया है और उसे जुर्माना देना होगा। साइबर क्राइम पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने डिजिटल अरेस्ट कर धोखाधड़ी के लिए एक बैंक खाता उपलब्ध कराया था। ठगी की वारदात थाईलैंड में बैठे साइबर अपराधियों के गिरोह ने की थी। पुलिस उपायुक्त (साइबर क्राइम) प्रीति यादव ने शनिवार को बताया

कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जयपुर निवासी कानाराम (30), ललित कुमार (22) और सचिन कुमार (30) के रूप में हुई है।

उन्होंने बताया कि नोएडा के सेक्टर-31 निवासी सेवानिवृत्त मेजर जनरल ने 28 अगस्त को साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनके साथ दो करोड़ रुपये की ठगी हुई है। पीड़ित के अनुसार, उन्हें पांच दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा गया था। ठगी से पहले फोन करने वाले व्यक्ति ने खुद को एक कुरियर कंपनी का कर्मचारी बताया। उन्हें बताया गया कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर एक पार्सल ताइवान भेजा जा रहा था, जिसमें पांच पासपोर्ट, चार बैंक के क्रेडिट कार्ड, कपड़े, 200 ग्राम मादक पदार्थ और एक लैपटॉप समेत अन्य अवैध सामान है। शिकायत के अनुसार, पीड़ित से कहा गया कि अगर उन्हें ऐसा लग रहा है कि उनके आधार कार्ड के साथ छेड़छाड़ हुई है तो मुंबई अपराध शाखा में इसकी शिकायत करनी होगी। इसके बाद व्हाट्सएप कॉल के जरिये अजय कुमार बंसल नाम के कथित मुंबई पुलिस अधिकारी और शिकायतकर्ता का संपर्क कराया गया। जालसाजों ने पीड़ित के पास केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का एक फर्जी पत्र भेजा, जिसमें लिखा था कि अगर उसे जेल जाने से बचना है तो पूछताछ संबंधी कोई भी जानकारी परिवार के लोगों से साझा नहीं करनी होगी। कैमरे के जरिये ठग मेजर जनरल पर नजर गड़ाए रहे। इस दौरान दावा किया गया कि मेजर जनरल पर कभी भी हमला हो सकता है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि इसके बाद पुलिस अधिकारी बन कर ठग ने पीड़ित की वित्तीय जानकारियां पूछी और उन्हें रकम विभिन्न बैंक खातों में भेजने के लिए कहा। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर जुड़े अन्य आरोपियों का पता लगाने में जुटी है।

जालसाजों ने एएमयू की सेवानिवृत्त प्रोफेसर से भी ठगे 75 लाख

अलीगढ़, एजेंसी : अलीगढ़ में साइबर जालसाजों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी बनकर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की एक सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर से 75 लाख रुपये से अधिक की ठगी को अंजाम दिया। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि सिविल लाइंस थाना क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट में अकेली रहने वाली प्रोफेसर कमर जहां ने इस मामले में 11 अक्टूबर को साइबर अपराध थाने में मुकदमा दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद तुरंत संबंधित बैंकों को अलर्ट जारी किया और तफ्तीश में पता चला कि धोखाधड़ी की पूरी रकम 21 अलग-अलग बैंक खातों के माध्यम से भेजी गई हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप के कारण 13 लाख रुपये का लेन-देन रोक दिया गया। मामले की जांच कर रहे साइबर थाने के निरीक्षक वीडी पांडेय ने बताया कि पीड़िता के अनुसार जालसाजों ने उन्हें 10 दिनों से अधिक समय तक डिजिटल अरेस्ट में रखा और इस दौरान उन्होंने धन शोधन के मामलों में शामिल होने की बात कहकर गिरफ्तारी से बचने के लिए रकम देने के लिए दबाव बनाया। अधिकारी ने बताया कि 28 सितंबर को कमर जहां को फोन करने वाले ने खुद को ईडी का अधिकारी बताया और कहा कि उन्होंने धन शोधन से जुड़े कुछ संदिग्ध बैंक लेनदेन किए हैं और अगर उन्हें गिरफ्तारी से बचना है तो तुरंत बताये गये बैंक खातों में एक निश्चित धनराशि जमा करनी होगी। पांडेय ने बताया कि कमर जहां को इस लेनदेन के लिए कुछ बैंक खातों के नंबर दिए गए थे। उन्होंने बताया कि पीड़िता ने घबराकर जालसाजों की मांगें मान लीं और उनसे धीरे-धीरे कर 75 लाख से ज्यादा रुपये ऐंठ लिये। अधिकारी ने बताया कि दो दिन पहले ही पीड़िता को लगा कि उसके साथ धोखा हुआ है, जिसके बाद उन्होंने पुलिस का रुख किया।

सार-संक्षेप

शामली में बैंक लूट का आरोपी गिरफ्तार, 30 लाख रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद हुई

मुजफ्फर नगर,एजेंसी : शामली जिले में पुलिस ने एक निजी बैंक की शाखा से 36 लाख रुपये लूटने के आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर उसके पास से 30 लाख रुपये से ज्यादा की नकदी बरामद कर ली। सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार साहनी ने संवाददाताओं को बताया कि एक अक्टूबर को शामली जिले में एक्सिस बैंक की एक शाखा से 36 लाख रुपये लूट लिये गये थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में पुलिस ने अमरजीत नाम के बदमाश को उसके गांव लिलोन में गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने अमरजीत के पास से लूटे गये करीब 30 लाख रुपये, दो पिस्तौल और एक मोटरसइाकिल भी बरामद की।

धर्म परिवर्तन के आरोप में दो लोग हिरासत में

सुलतानपुर,एजेंसी : जिले में रविवार को अंधविश्वास के सहारे कथित तौर पर धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश कर रहे दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पंडित रामकिशोर त्रिपाठी कालोनी में दीपा मौर्या नाम की महिला के घर में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि गो रक्षा वाहिनी के अध्यक्ष सर्वेश सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि घर में 40 से 45 महिलाएं और पांच से सात पुरुष एकत्र हुए थे और जब उन्हें धर्म परिवर्तन से रोका गया तो उन्होंने दुर्व्यवहार करना शुरू कर दिया। नगर के क्षेत्राधिकारी (सीओ) प्रशांत सिंह ने बताया कि सालविन एवं सैनी को हिरासत में लिया गया, जो ईसाई धर्म का प्रचार-प्रसार कर वहां लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए मनाने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

कबाड़ हो चुकी पुरानी 108 एंबुलेंस हटेंगीं

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश में मरीजों को अस्पतालों तक पहुंचाने वाली '108 एंबुलेंस' सेवा में चलने वाली एंबुलेंस बदली जाएंगी। प्रथम चरण में 1205 वाहन खरीदे जाएंगे। इसके लिए राज्य सरकार ने दो अरब 32 करोड़ रूपए जारी किए हैं। स्वास्थ्य विभाग में विशेष सचिव अर्चना वर्मा द्वारा नई एंबुलेंस वाहन खरीदने के लिए दो अरब 31 करोड़ 66 लाख 72 हजार रूपए स्वास्थ्य महानिदेशक को जारी किए गए हैं। इस बजट में 1087 एंबुलेंस(बेसिक लाइफ सपोर्ट) और 118 एएलएस (एडवांस लाइफ सपोर्ट) एंबुलेंस खरीदी जाएंगी। नए वाहनों के आने से गोल्डेन ऑवर में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में सहजता रहेगी। मालूम हो कि मार्ग दुर्घटना में घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाने के लिए राज्य सरकार द्वारा नि:शुल्क 108 एवं 102 एंबुलेंस सेवा प्रदान की गई है। इसके लिए निजी संस्था को एंबुलेंस संचालन का जिम्मा दिया गया है। सेवा प्रदाता संस्थां जीवीके ईएमआरआई के सीनियर वाइस प्रेसीडेंट टीवीएसके रेड्डी ने बताया कि किसी भी फोन से 108 डायल करने पर अधिकतम 15 मिनट में निर्धारित स्थल तक पहुंचती है और एंबुलेंस में उपलब्ध प्रशिक्षित स्टाफ द्वारा न केवल प्राथमिक उपचार बल्कि नजरीकी सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचाया जाता है। उक्त सेवा से रोजाना सैकड़ों मरीजों को समय से इलाज उपलब्ध हो रहा है।

बिगड़ती कानून-व्यवस्था चिंताजनक : प्रमोद तिवारी

लखनऊ,अमृत विचार : लखनऊ। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि भाजपा सरकार में बिगड़ती कानून-व्यवस्था चिंताजनक है। उन्होंने यहां जारी बयान में मुम्बई में पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की निर्मम हत्या को निंदनीय बताते हुए कहा कि भाजपा के शासनकाल में विधायक तक सुरक्षित नहीं रह गए हैं। उन्होंने देश की लगातार खस्ताहाल हो रही अर्थव्यवस्था पर केंद्र सरकार पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सरकार के कुप्रबंधन के कारण देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट हो रही है। बिजली उत्पादन व आपूर्ति में सर्वाधिक खराब प्रदर्शन हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा आजादी में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान कर रही है। यह बंद नहीं हुआ तो कांग्रेस भी शालीनता के साथ आतंकवाद को लेकर भाजपा को सड़कों पर बेनकाब करेगी।

शादीशुदा बताकर संरक्षण मांगने वाले याचियों के मामले में मांगी रिपोर्ट

विधि संवाददाता,प्रयागराज : इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रेम विवाह के मामलों में दस्तावेजों की जांच कराने के सन्दर्भ में सख्त रुख अपनाते हुए एसएचओ, कोतवाली, प्रयागराज को अपने को शादीशुदा बताकर संरक्षण मांगने आए याची जोड़े की विस्तृत जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने कहा है कि याची जोड़े का पता किया जाए कि उनकी शादी किसने कराई और विवाह प्रमाणपत्र किस संस्था से किसने दिलाया। जिस पुरोहित ने शादी कराई उसका नाम, पता व मोबाइल नंबर सहित पूरी जानकारी इकट्ठा करें। कोर्ट ने याची जोड़े को जांच में सहयोग करने का निर्देश देते हुए कहा कि सहयोग न करें तो उन्हें अगली

- प्रेम विवाह के मामलों में दस्तावेजों को लेकर हाईकोर्ट सख्त

सुनवाई की तिथि पर कोर्ट में विस्तृत रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत किया जाए। याचिका की सुनवाई आगामी 16 अक्टूबर को होगी।

यह आदेश न्यायमूर्ति विनोद दिवाकर ने शिवानी केसरवानी व एक अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याची जोड़े का कहना था कि वे बालिग हैं। उन्होंने अपनी मर्जी से शादी की है। विपक्षियों से उन्हें जान को खतरा है और उन्हें धमकी दी जा रही है। जिस पर कोर्ट ने एसएचओ, कोतवाली से कथित शादी कराने वाली संस्था आर्य समाज, चौक, प्रयागराज के अध्यक्ष, सचिव व पुरोहित को कोर्ट में प्रस्तुत होने का निर्देश दिया। आर्य समाज की तरफ से अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि जो शादी का प्रमाणपत्र दाखिल किया गया है वह उनकी संस्था ने जारी नहीं किया है। उन्होंने रजिस्टर भी दिखाया। पुरोहित पंकज शुक्ल ने कहा कि उन्होंने याचियों की शादी नहीं कराई है और न ही विवाह प्रमाणपत्र पर हस्ताक्षर किया है। इस पर कोर्ट ने एसएचओ कोतवाली को याचियों से पूछताछ कर सच्चाई को उजागर करने का निर्देश दिया।

मुठभेड़ में 1.50 लाख का इनामी ढेर

लखनऊ,अमृत विचार : बुलंदशहर के अहार थानाक्षेत्र में रविवार तड़के हुई मुठभेड़ में पुलिस ने 1.50 लाख के इनामी राजेश जाटव को ढेर कर दिया। इस दौरान फायरिंग में एसओ अहार और सिपाही घायल हो गए। वहीं सीओ अनूपशहर और स्वाट प्रभारी बुलेटप्रूफ जैकेट के कारण बाल-बाल बचे। मुठभेड़ में ढेर बदमाश राजेश पर बुलंदशहर की पुलिस ने एक लाख और अलीगढ़ पुलिस ने 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। उस पर बुलंदशहर और अलीगढ़ में 48 मामले दर्ज थे। वहीं, दस प्रदेश के अन्य जिलों में दर्ज है। एसएसपी बुलंदशहर श्लोक कुमार के मुताबिक सीओ अनूपशहर गिरजा शंकर त्रिपाठी व थाना प्रभारी यंग बहादुर सिंह को राजेश की सूचना मिली थी।

धनराशि लेने पर तत्काल करना होगा एग्रीमेंट फॉर सेल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रेरा ने उल्लघंन पर बिल्डरों को चेतावनी देकर जारी किया आदेश
- 10 फीसद से अधिक धनराशि लेने के सामने आए मामले

अमृत विचार : घर खरीदारों से यूनिट की लागत का 10 फीसद से अधिक तथा 75 फीसद तक धनराशि लेने पर बिल्डरों को फौरन एग्रीमेंट फॉर सेल हस्ताक्षरित करना होगा। ऐसे न करने पर रेरा के नियमों का उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश रेरा ने जारी किया है।

अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने पीठ में आवंटियों की शिकायतों की सुनवाई में पाया कि कई मामलों में बिल्डरों द्वारा फ्लैट, रो-हाउस, टाउनशिप आदि की लागत का 10 फीसद से अधिक तथा 75 फीसद तक धनराशि एकत्रित कर ली गई, लेकिन आवंटियों के साथ एग्रीमेंट फॉर सेल यानी बीबीए हस्ताक्षरित नहीं किया गया है। अध्यक्ष ने ऐसे मामलों का संज्ञान लेते हुए बिल्डरों को फौरन आवंटी के साथ रेरा पोर्टल पर उपलब्ध कराए गए मॉडल एग्रीमेंट फॉर सेल के प्रारूप पर हस्ताक्षरित करने के आदेश जारी किया है। आदेश में यह भी अनिवार्य किया कि एग्रीमेंट फॉर सेल की एक कॉपी आवंटी को उपलब्ध कराई जाएगी और रेरा पोर्टल के कंप्लेंट पेज पर अपलोड की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

अगले दो दिन मौसम साफ रहने के आसार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में अगले दो दिन मौसम साफ रहने वाला है। हालांकि इस बीच बादलों की आवाजाही बनी रहेगी शनिवार को बस्ती प्रदेश में सर्वाधिक गर्म रहा। हालांकि पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट देखने को मिल रही है। उत्तर प्रदेश में बारिश का सिलसिला रुक चुका चुका है। लखनऊ स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, बरेली, मुजफ्फरनगर, मेरठ, नजीबाबाद जैसे इलाकों में रात का तापमान 17 से 19 डिग्री सेल्सियस के बीच रिकार्ड किया गया।

एमबीबीएस छात्र समेत तीन ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- हिन्द अस्पताल का है एमबीबीएस छात्र हिमांशु
- किसी भी घटना में परिजनों ने नहीं लगाया आरोप

अमृत विचार : एमबीबीएस छात्र समेत तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तीनों ही घटनाओं में परिजनों ने कोई आरोप नहीं लगाया है। हालांकि हिन्द अस्पताल में एक के बाद एक हो रही घटनाओं ने जरूर अस्पताल प्रशासन को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोतीलालपुरवा के रहने वाले प्रमोद कुमार का पुत्र हिमांशु वर्मा 19 नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मणपुरी कालोनी में शुभम अवस्थी के घर पर किराए पर रहता है। उसके साथ में बड़े पिता हृदयलाल का पुत्र दीपक कुमार भी रह रहा। हिमांशु ने दीपक को शनिवार शाम सब्जी लाने भेज दिया। दीपक वापस लौटकर आया तो उसने हिमांशु को कमरे में रस्सी से बने फंदे से लटकते देखा तो चीख पड़ा। आस पास से लोग एकत्र हो गए। वहीं सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक प्राइवेट जाब कर रहा था। शहर कोतवाली क्षेत्र में कस्बा सफेदाबाद स्थित हिंद मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के एक छात्र का शव फंदे से लटका पाया गया।

जानकारी के अनुसार वाराणसी जिले के थाना बड़ागांव क्षेत्र के खुशहालीपुर गांव निवासी डॉ. ओमप्रकाश यादव का पुत्र विकास प्रसाद यादव (26) हिन्द अस्पताल में एमबीबीएस द्वितीय वर्ष का छात्र है। शनिवार शाम हॉस्टल के कमरे में उसका शव लटका देखा गया। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। जैदपुर प्रतिनिधि के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत कोपवा गांव के रहने वाले अनिल गौतम उर्फ पिंटू का शव घर के अंदर पत्नी की साड़ी से बने फंदे से लटका मिला।

कबाड़ में रोजगार तलाश रहे दो युवक बन गए शूटर

बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

संवाददाता, लखनऊ/ बहराइच

अमृत विचार: मुंबई में पूर्व मंत्री व एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव के दो युवकों का नाम सामने आया। मुख्यालय से करीब 40 किमी दूरी पर स्थित यह गांव पूरे देश की सुर्खियों में आ गया। मुंबई पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों पुणे में कबाड़ का काम करते थे। इनका कनेक्शन लारेंस विश्नोई गिरोह से बताया जा रहा है। रविवार सुबह से बहराइच पुलिस और एसटीएफ की टीम पूछताछ और ब्योरा जुटाने में लगी हुई है।

कैसरगंज के मंझारा तौकली गांव निवासी शिवा गौतम का परिवार। ● अमृत विचार

मुंबई में एनसीपी नेता और बॉलीवुड के बेहद करीबी बाबा सिद्दीकी की शनिवार रात में गोली मारकर हत्या कर दी गई । इस मामले में बहराइच के कैसरगंज स्थित गंडारा गांव के धर्मराज और शिवा गौतम को गिरफ्तार किया है। इसकी जानकारी होते ही बहराइच पुलिस भी सक्रिय हो गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला को दी गई। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर कैसरगंज कोतवाली की पुलिस ने दोनों के घर पहुंच कर पूछताछ की है। माता पिता से उप निरीक्षक उमाशंकर सिंह समेत अन्य ने जानकारी हासिल की। लेकिन यहां से ज्यादा कुछ लोगों को पता नहीं चल सका है। परिवार के लोगों के मुताबिक दोनों युवक पुणे में कबाड़ बीनने और उसे बेचने के नाम पर यहां से गए थे। कोतवाल राजनाथ सिंह ने बताया कि शिवा गौतम के पिता बाल किशन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

- लारेंस विश्नोई गिरोह से कनेक्शन की बात सामने आई

नहीं है आपराधिक इतिहास : कैसरगंज कोतवाली पुलिस के अनुसार धर्मराज और शिवा कुमार के विरुद्ध कोई अपराधिक इतिहास नहीं है न ही उन दोनों के विरुद्ध कोई केस थाने में दर्ज है। दोनों सामान्य परिवार के युवा हैं। धर्मराज पांच भाइयों में सबसे छोटा है। जबकि शिवा सबसे बड़ा भाई है। दोनों को प्रधानमंत्री आवास मिल चुका है।

वर्ग पहेली-221

बाएं से दाएं

1.1. गीदड़, सियार 2. चरवाहा।

3.1. सुंदर, ख़ूबसूरत 2. अच्छी शक्लवाला, सुंदर आकृतिवाला 3. विद्वान।

5.1. साधन संबंधी, साधन का 2. (वह व्यक्ति) जो किसी राज्य या संस्था के प्रबंध

7.1. लकड़ी को छीलकर या गढ़कर दरवाज़े

8.1. किसी को कुढ़ाने या जलाने के लिए कही गई व्यंग्यपूर्ण बात 2. उक्त उद्देश्य हेतु दिखाया जाने वाला हाथ का अंगूठा, ठेंगा।

ऊपर से नीचे

2.1. एकत्र या संचित करना 2. उन्नति; बढ़ती, वृद्धि 3. राशि, ढेर 4. चयन, चुनना।

3.1. वह लेखक जो अच्छा तथा उत्तम लिखता हो 2. विख्यात लेखक या रचनाकार।

4.1. कुलीन या सम्मानित जन के पास उठने-बैठने वाला व्यक्ति 2. राजा का परामर्शदाता 3. ख़ुशामदी।

6.1. जिसके संबंध में विवाद हो; विवादास्पद 2. निज़ाअ संबंधी; निज़ाअ का।



वर्ग पहेली -220 का हल

	1 छु				
	2 अ	भं	3 ज	न	
	न		न		
4 ख़ा			यि		5 झ
6 न	चि	7 के	ता		प
दा		वाँ			का
नी		8 च	चो	ड़	ना

सुडोकू -134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

	7				8		9	6
		4					7	
8	6	9		5			1	
	4		8		7		2	
	9						3	
	1		9		2		4	
	8			4		9	6	3
	2					1		
4	3		6				5	

सुडोकू - 133 का हल

1	6	3	2	5	7	4	9	8
2	5	9	8	3	4	6	1	7
8	7	4	6	1	9	2	5	3
4	2	7	1	8	5	3	6	9
5	3	8	7	9	6	1	4	2
9	1	6	4	2	3	7	8	5
6	9	2	5	7	1	8	3	4
3	8	1	9	4	2	5	7	6
7	4	5	3	6	8	9	2	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 अक्टूबर सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-एकादशी 06.41 तक तत्पश्चात द्वादशी 15 अक्टूबर 03.42 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-शतभिषा 15 अक्टूबर 00.43 तक तत्पश्चात पूर्व भाद्रपद।

मेष — आज व्यापार में नए साझेदार जुड़ सकते हैं। कड़ी मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अपने विचारों में स्पष्टता रखें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आपको कुछ शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं।

वृष — आज जॉब में आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है। धन के लेन-देन को लेकर समझदारी रखें। नया निवेश करने से पहले आपको सभी पहलुओं पर विचार कर लेना चाहिये। व्यवसाय में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

मिथुन — आज आपकी दिनचर्या संयमित रहेगी। समाज के उच्च वर्ग के लोगों से आपका मेल-मिलाप बढ़ेगा। बौद्धिक चर्चाओं में आप भाग ले सकते हैं। बच्चे पढ़ाई में काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। परिजनों का व्यवहार आपके प्रति काफी विनम्र रहने वाला है।

कर्क — आज स्वार्थवश काम करने के कारण आपकी आलोचना हो सकती है। मित्रों के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी की भावनाओं का तिरस्कार न करें। यदि तनाव आपकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर रहा है तो मोटिवेशन वीडियोज का सहारा लें।

सिंह — आज दोपहर के बाद कहीं घूमने-फिरने की योजना बना सकते हैं। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास करना हानिकर हो सकता है। लड़कियों के विवाह को लेकर आ रही अड़चनें दूर होंगी। उच्च अधिकारी आपके अनुकूल रहेंगे।

कन्या — आज योजनाबद्ध तरीके से किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी। दूसरों के उलझे मामलों को आपको सुलझाना पड़ेगा। घरेलू खर्चों को लेकर थोड़ा तनाव उभर सकता है। जॉब में आपका वर्चस्व काफी अच्छा रहेगा।

तुला — आज शेयर मार्केट से काफी अच्छा धन लाभ हो सकता है। आलस्य और प्रमाद से आपको बचना चाहिए। किसी भी चलते कार्य को अधूरा छोडने की प्रवृत्ति से बचें। नई योजनाओं के विषय में मित्रों से चर्चा करेंगे। व्यवसाय में लाभ की स्थितियां बढ़ेंगी।

वृश्चिक — आज दिन थोड़ा उबाऊ रहेगा। लोग आपकी समस्याओं को हल्के में लेंगे, जिससे आपको बुरा लग सकता है। पैतृक संपत्ति के विवादों को लेकर शांत रहना ज्यादा हितकर है। व्यवसाय में अपेक्षानुकूल परिणाम न मिलने से मन थोड़ा निराश रहेगा।

धनु — आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। कारोबार को लेकर की गई यात्राओं से काफी अच्छा लाभ मिलेगा। आप अपने खर्चों पर नियंत्रण पाने का प्रयास करेंगे। कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपका काफी सहयोग करेंगे। व्यापार में नए अनुबंध हो सकते हैं।

मकर — आज पैसों के अभाव के कारण जो काम रुके थे वो शुरू हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। कानूनी विवादों का समाधान निकल सकता है। परिवार की जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वाह करें।

कुंभ — आज साझेदारी में आप काम शुरू कर सकते हैं। आपके मन में परोपकार की भावना रहेगी। आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना बन रही है। व्यावसायिक परेशानियों का निपटारा होगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा।

मीन — आज आपको दौड़धूप अधिक करनी पड़ेगी। आलस्य के कारण आपके प्रदर्शन में कमी आएगी। जल्दबाजी में आपको निर्णय लेने से बचना चाहिए। गूढ़ विषयों को लेकर नए अनुभव प्राप्त होंगे। समाज में सम्मानित लोगों को कुछ परेशानी का अनुभव होगा।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
लश्कर — सुबह : 09.00
हाफ गर्लफ्रेंड — शाम : 06.00

&pictures
अंदाज — सुबह : 10.56
सूर्या द सोल्जर — रात : 08.00

SONY PIX
द फाउंडर — सुबह : 11.30
व्हाइट हाउस डाउन — रात : 08.45

ZEE CINEMA
फटा पोस्टर निकला हीरो — सुबह : 08.40
खिलाड़ी 786 — शाम : 06.00

ZEE ACTION
चेंजिंग — सुबह : 11.27
सैमी 2 — रात : 07.30

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर शाम : 06.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

बिल्ली- तुम्हारी उम्र क्या है
हाथी - पांच साल
बिल्ली-लेकिन तुम तो बड़े दिखते हो
हाथी-आई एम ए कॉम्प्लान बॉय और तुम्हारी उम्र क्या है?
बिल्ली- 25 साल
हाथी- लेकिन तुम तो बहुत छोटी दिखती हो कैसे?
बिल्ली- झंडू केसरी जीवन,बढ़ती उम्र मानों थम सी जाए।

बीवी बादाम खा रही थी।
पति बोला- मुझे भी टेस्ट कराओ
बीवी ने एक बादाम दे दिया।
पति- बस एक
बीवी- हां, बाकी सबका भी ऐसा ही टेस्ट है।

परिवर्तनकारी पहल का उद्देश्य बदलाव लाना

पीएम गतिशक्ति : प्रधानमंत्री मोदी बोले- विकसित होने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- इसमें रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग हवाईअड्डे, परिवहन आदि
- 13 अक्टूबर 2021 को नेशनल मास्टर प्लान हुआ था शुरू

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांतिकारी बदलाव लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है तथा इससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और प्रभावी विकास हुआ है। पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान (पीएमजीएस-एनएमपी) विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों को मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने को 13 अक्टूबर 2021 को शुरू किया गया था। पीएम गतिशक्ति सात इंजनों - रेलवे, सड़क, बंदरगाह, जलमार्ग, हवाईअड्डे, बड़े पैमाने पर परिवहन और लॉजिस्टिक्स बुनियादी ढांचे द्वारा संचालित है।

मोदी ने एक्स पर कहा कि पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान भारत के बुनियादी ढांचे में क्रांति लाने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी पहल के रूप में उभरा है। इसने मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाया है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों में तेज और अधिक प्रभावी विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि विभिन्न हितधारकों के निर्बाध एकीकरण से लॉजिस्टिक्स को बढ़ावा मिला है, विलंब कम हुआ है और कई लोगों के लिए नए अवसर उत्पन्न हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि गतिशक्ति के कारण भारत विकसित भारत के हमारे सपने को पूरा करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह प्रगति, उद्यमशीलता और नवाचार को प्रोत्साहित करेगा। मोदी ने एक्स पर पोस्ट में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को भी टैग किया। गोयल ने इस पहल के तीन साल पूरे होने पर इसकी सराहना की।

योजना निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका : गोयल

गोयल ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान शुरू किए तीन साल पूरे हो गए हैं। लॉजिस्टिक्स को सुव्यवस्थित करने और कनेक्टिविटी को आगे बढ़ाकर, यह अग्रणी पहल तेजी से और अधिक कुशल परियोजना कार्यान्वयन सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा कि यह एक आधुनिक, परस्पर जुड़े बुनियादी ढांचे के नेटवर्क को विकसित करने, विकसित भारत के निर्माण के दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

हड़ताली लोगों को हिरासत में लेना लोकतंत्र पर धब्बा

- छह अक्टूबर से भूख हड़ताल कर रहे 20 लोगों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को लद्दाख भवन के बाहर केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में छह अक्टूबर से भूख हड़ताल कर रहे 20 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि प्रदर्शनकारियों को मंदिर मार्ग पुलिस थाना ले जाया गया है। सोनम वांगचुक ने वीडियो संदेश जारी कर लोगों को हिरासत में लिए जाने की घटना को लोकतंत्र पर धब्बा बताया है।

पुलिस ने इससे पहले कहा था कि हिरासत में लिए गए लोगों में सोनम वांगचुक भी शामिल है लेकिन बाद में नई दिल्ली पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि हिरासत में लिए लोगों में जलवायु कार्यकर्ता शामिल नहीं हैं। पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश महाला ने कहा कि हमने कुछ छात्रों को लद्दाख भवन के बाहर से हिरासत में लिया है। सोनम वांगचुक उनमें शामिल नहीं हैं।

एक सैनिक की जिंदगी दूसरे से अधिक मूल्यवान क्यों : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- अग्निपथ योजना पर फिर प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री से पूछे सवाल दो अग्निवीरों की मौत पर सरकार को घेरा

महाराष्ट्र के नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीरों की मौत के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सरकार को घेरते हुए रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से पूछा कि एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक की तुलना में अधिक मूल्यवान क्यों है। उन्होंने पूछा कि अग्निवीर के रूप में शहीद हुए दो सैनिकों के परिवारों को अन्य शहीद सैनिकों के समान पेंशन और लाभ क्यों नहीं मिलेंगे? उन्होंने कहा कि वह इस अन्याय के खिलाफ लड़ते रहेंगे।

गांधी ने कहा कि नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीर गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में पूछा कि यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भाजपा सरकार असफल रही है। क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? उन्होंने पूछा कि अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की जिम्मेदारियां और बलिदान समान हैं, तो उनकी शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों? गांधी ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय और जवानों की शहादत का अपमान है। प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है? आइए इस अन्याय के खिलाफ खड़े हों।

एक नजर

आबकारी घोटालाः व्यवसायी की जमानत पर सुनवाई आज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय सोमवार को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली की जमानत पर सुनवाई करेगा। वाद सूची के अनुसार न्यायमूर्ति एमएम सुन्दरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ द्वारा इस मामले पर सुनवाई किये जाने की संभावना है।

हेलीकॉप्टर क्रैशः 40 दिन बाद अरब सागर में मिला शव

धर्मशाला। गुजरात के पोरबंदर में देश सेवा के दौरान शहीद हुए हिमाचल के कांगड़ा के पायलट राकेश राणा का शव 40 दिन बाद बरामद हो गया है। राकेश (38) अरब सागर में लापता हो गए थे। राणा, कांगड़ा के चढियार क्षेत्र के बरवाल खड्ड गांव के निवासी थे। उनका हेलीकॉप्टर दो सितंबर को गुजरात में भारी बारिश के बीच राहत कार्यों के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

गुजरात के उप-जेल में कैदी ने आत्महत्या की

हिम्मतनगर। गुजरात के साबरकांठा जिले के हिम्मतनगर उप-जेल में 24 वर्षीय विचाराधीन कैदी ने बैरक के शौचालय में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने रविवार को बताया कि घटना शनिवार सुबह को हुई है। हिम्मतनगर जिला कारागार के अधीक्षक जेजी चावड़ा ने बताया कि विपुल मथासूलिया ने शनिवार सुबह आत्महत्या कर ली है।

सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्नी और सास की कर दी हत्या

अगरतला, एजेंसी

- शुक्रवार की देर रात यात्री ट्रेन खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी

पश्चिम त्रिपुरा में एक व्यक्ति ने सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर पत्नी और सास की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपी एक साल से पत्नी से अलग रह रहा था। इसने बताया कि सिपाहीजाला जिले के मधुपुर निवासी 51 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी दो बेटों के साथ मधुपुर में रह रहा था जबकि उसकी पत्नी डेढ़ साल से पश्चिमी त्रिपुरा जिले के नेताजीनगर में मां के साथ थी। आरोपी की पत्नी ने उसके खिलाफ तलाक का मामला दायर किया हुआ था। एसपी किरण कुमार ने बताया कि रविवार को उसकी पत्नी ने दुर्गा पूजा के दौरान अपने दो पुरुष मित्रों के साथ खींची तस्वीरें सोशल मीडिया पर अपलोड की थीं, जिसके बाद आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया।

4.5 करोड़ की हेरोइन जब्त, चार गिरफ्तार

गुवाहाटी। असम के करीमगंज जिले से रविवार को 4.5 करोड़ मूल्य का मादक पदार्थ जब्त कर चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। अभियान का नेतृत्व करने वाले करीमगंज के एसपी पार्थ प्रोतिम दास ने बताया कि सूचना के बाद मिजोरम से आ रहे एक वाहन को चेवली बील क्षेत्र में रोका गया। गहन तलाशी के बाद वाहन से 548.82 ग्राम (48 साबुन के डिब्बे) हेरोइन बरामद हुई। हमने इस संबंध में चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है।वाहन मिजोरम में पंजीकृत था और आइजोल से आ रहा था।

राव इंद्रजीत सिंह ने बगावत की खबरों को किया खारिज

- केंद्रीय मंत्री बोले- वह भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं

चंडीगढ़। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के खिलाफ उनके बगावत करने की खबरों को रविवार को खारिज किया और कहा कि वह अपनी पार्टी के साथ मजबूती से खड़े हैं।

सिंह ने एक्स पर कहा कि कुछ चैनल पर निराधार खबरें चलाई जा रही हैं, जिनमें मुझे नौ विधायकों के साथ बगावती दिखाया जा रहा है। यह सब तथ्यहीन, निराधार है। मैं और मेरे सभी साथी विधायक भाजपा के साथ मजबूती से खड़े हैं। हाल में संपन्न हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 48 सीट जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, जो कांग्रेस द्वारा जीती गईं सीट से 11 अधिक है। वहीं, जजपा और आप जैसे दलों का सफाया हो गया और इनेलो को सिर्फ दो सीट मिलीं।

जम्मू-कश्मीर जैसे आधे राज्य को चलाने में उमर ले सकते हैं सलाह : केजरीवाल

डोडा (जम्मू-कश्मीर), एजेंसी

- बोले- दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है क्योंकि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां हैं

आप नेता अरविंद केजरीवाल ने रविवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को विधानसभा चुनाव जीतने पर बधाई दी और कहा कि अगर जम्मू-कश्मीर जैसे आधे राज्य को चलाने में समस्या आती है तो उमर उनसे सलाह ले सकते हैं।

केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली को आधा राज्य इसलिए कहा जाता है कि मुख्यमंत्री के पास सीमित शक्तियां हैं। अब भाजपा ने जम्मू-कश्मीर को भी आधा राज्य बना दिया है, जिसका मतलब है कि निर्वाचित सरकार के पास न्यूनतम, जबकि उपराज्यपाल के पास अधिक शक्तियां हैं। केजरीवाल ने कहा कि मैं उमर से कहना चाहता हूं कि अगर उन्हें कोई कठिनाई आती है, तो मुझसे सलाह ले सकते हैं, क्योंकि मैंने दिल्ली में 10 साल तक सरकार चलाई है। केजरीवाल आप के मेहराज मलिक को जम्मू-कश्मीर में सदस्य चुने जाने पर डोडा में थे।

महाराष्ट्र की जनता परिवर्तन को लेकर उत्सुक : शरद पवार

- पवार ने कहा- हम वर्तमान सरकार से लोगों को मुक्ति दिलाना चाहते हैं

मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) प्रमुख शरद पवार ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के लोग राजनीतिक बदलाव को उत्सुक हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी राज्य विधानसभा चुनाव के नतीजों में यह भावना प्रतिबिंबित होगी। महा विकास आघाडी (एमवीए) के अन्य घटकों के नेताओं के साथ संवाददाता सम्मेलन में पवार ने दावा किया कि महायुति शासन के तहत राज्य प्रशासन का मनोबल गिर गया है जबकि महाराष्ट्र प्रशासन को देश में सर्वश्रेष्ठ माना जाता था। उन्होंने कहा कि हम लोगों को वर्तमान सरकार से मुक्ति दिलाना चाहते हैं और मुझे विश्वास है कि वे हमारा समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में एमवीए लोकसभा चुनाव जैसा प्रदर्शन दोहराएगा।

असम में 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए

गुवाहाटी। असम के उत्तर-मध्य हिस्से में रविवार सुबह 4.2 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस हुए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने बताया कि ब्रह्मपुत्र के उत्तरी किनारे पर उदलगुडी जिले में सुबह सात बजकर 47 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप का केंद्र गुवाहाटी से 105 किमी उत्तर और असम-अरुणाचल सीमा के पास तेजपुर से 48 किमी पश्चिम में स्थित था। आसपास के दरांग, तामुलपुर, सोनितपुर, कामरूप और बिश्वनाथ जिलों में भूकंप के झटके लगे।

77 चिकित्सकों ने दी सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

आरजी कर मामला

कोलकाता, एजेंसी

प. बंगाल में कल्याणी जेएनएम हॉस्पिटल के 75 से अधिक वरिष्ठ चिकित्सकों ने मृतक चिकित्सक के लिए न्याय की मांग करते हुए सामूहिक इस्तीफा देने की चेतावनी दी और मांगों को लेकर आमरण अनशन पर बैठे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता व्यक्त की। वहीं मांगों को लेकर चिकित्सकों का अनशन रविवार को नौवें दिन भी जारी है।

अस्पताल के 77 चिकित्सकों ने 14 अक्टूबर से काम बंद करने के फैसले के बारे में बंगाल स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के पंजीयक को ईमेल से सूचित किया है। उन्होंने इस कदम के पीछे मानसिक अशांति और वर्तमान मनः स्थिति में काम करने में असमर्थता की वजह बतायी है। चिकित्सकों ने कहा कि वे चिकित्सकों के प्रति एकजुटता जताते हैं, जिनकी सेहत बिगड़ रही है।

मुख्य सचिव ने प्रदर्शन वापस लेने का किया आग्रह

पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत ने रविवार को चिकित्सकों के संयुक्त मंच (जेपीडी) को 15 अक्टूबर का प्रस्तावित प्रदर्शन वापस लेने के लिए पत्र लिखा, जिसमें कहा गया है कि इसी दिन राज्य सरकार का पूजो कार्निवल आयोजित होना है। अपने ईमेल में पंत ने जेपीडी से जूनियर डॉक्टरों को उनके स्वास्थ्य और भलाई के हित में अनशन खत्म करने की सलाह देने का भी आग्रह किया।

बुद्धिजीवियों का ममता से डॉक्टरों की मांगों को मानने का आग्रह

कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से डॉक्टरों की मांगों को मानने और गतिरोध समाप्त करने को कदम उठाने का आग्रह किया। डॉक्टरों से प्रतिनिधियों की पहल पर भरोसा और अनशन वापस लेने का भी अनुरोध किया है। फिल्मकार अपर्णा सेन, अभिनेता ऋद्धि सेन, रंगकर्मी व अभिनेता कौशिक सेन, फिल्मकार श्रीजीत मुखर्जी, कमलेश्वर मुखर्जी, सामाजिक कार्यकर्ता बोलन गंगोपाध्याय और अन्य सहित तीस हस्तियों ने मुख्यमंत्री को इस संबंध में पत्र लिखा है।

डीयू के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ जारी

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने उसके द्वारा वित्तपोषित डीयू के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ जारी किए हैं। आप ने रविवार को कहा कि सरकार ने 2024-25 के लिए कॉलेजों के वास्ते लगभग 400 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया है। 100 करोड़ रुपये का कोष तीसरी तिमाही के लिए है। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में शिक्षा हमेशा आप सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। दिल्ली में केजरीवाल सरकार बनने के बाद से हर साल बजट का बड़ा हिस्सा शिक्षा को समर्पित किया गया है।

कारोबार/कृषि

एक नजर

ग्लेनमार्क कमियों के कारण उत्पाद मंगाए वापस

नई दिल्ली। अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) ने कहा है कि दवा कंपनी ग्लेनमार्क विनिर्माण संबंधी कमियों के कारण अमेरिका में अपने दो उत्पाद वापस मंगा रही है। भारतीय कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स की इकाई न्यू जर्सी स्थित ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स रायलट्रिस (ओलोपाटाडाइन हाइड्रोक्लोराइड और मोमेटासोन फ्लोरेट) नेजल स्प्रे की 45,504 बोतलें वापस मंगा रही है। यूएसएफडीए ने अपनी ताजा प्रवर्तन रिपोर्ट में कहा कि कंपनी दोषपूर्ण वितरण प्रणालीके कारण प्रभावित लॉट को वापस मंगा रही है। इसमें कहा गया कि डिप ट्यूब बंद हो गई है, जिसके कारण स्प्रे काम नहीं कर रहा है।

विप्रो नतीजों से पहले बोनस शेयर पर करेगी विचार

नई दिल्ली। आईटी कंपनी विप्रो ने रविवार को कहा कि उसका निदेशक मंडल 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली बैठक में बोनस शेयर जारी करने पर विचार करेगा। विप्रो 17 अक्टूबर, 2024 को वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा करने वाली है। विप्रो ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी का निदेशक मंडल 16-17 अक्टूबर, 2024 को होने वाली अपनी बैठक में बोनस शेयर जारी करने के प्रस्ताव पर विचार करेगा। बेंगलुरु मुख्यालय वाली कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ जून तिमाही में सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़कर 3,003.2 करोड़ रुपये रहा।

सीसीपीए ने दिया ओला को सेवा पर रसीद देने का आदेश

नई दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने टैक्सी सेवा देने वाली कंपनी ओला को उपभोक्ता अनुकूल बदलाव लागू का निर्देश दिया है। इसमें रिफंड के विकल्प और ऑटो राइड के लिए रसीदें देना शामिल है। मुख्य आयुक्त निधि खरे के नेतृत्व में सीसीपीए ने पाया कि ओला की रिफंड नीति में केवल भविष्य की राइड के लिए कूपन कोड दिए गए थे, जबकि उपभोक्ताओं को बैंक खाते में रिफंड का विकल्प नहीं दिया गया था।

कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर होगी बाजार की नजर

निवेशक सीपीआई और डब्ल्यूपीआई के आंकड़ों पर भी करेंगे विचार

- वैश्विक स्तर पर तनावों, कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों पर होगा मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

कंपनियों के वित्तीय परिणाम, विदेशी निवेशकों का रुख और मुद्रास्फीति के आंकड़े इस सप्ताह शेयर बाजार की दिशा तय करेंगे। वहीं, वैश्विक स्तर पर जारी संकट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव पर भी बाजार की नजर रहेगी।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजीत मिश्रा ने कहा कि आने वाले सप्ताह में बाजार की दिशा काफी हद तक कंपनियों के वित्तीय परिणाम पर निर्भर करेगी। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसी प्रमुख कंपनियां अपने परिणाम जारी करने वाली हैं। वृहद आर्थिक मोर्चे पर निवेशक सोमवार को जारी होने वाले सितंबर के सीपीआई (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति) और डब्ल्यूपीआई (थोक मूल्य सूचकांक आधारित) मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर नजर रखेंगे। निवेशक वैश्विक स्तर पर जारी तनावों, विशेष रूप से कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी कोषों के रुख पर भी करीबी नजर रखेंगे। मिश्रा ने कहा कि इस सप्ताह सीपीआई और डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति सहित प्रमुख घरेलू आर्थिक आंकड़े भी जारी होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेशकों की बिकवाली के दबाव के कारण बीते सप्ताह की शुरुआत गिरावट के साथ हुई, लेकिन बाद के सत्रों में नुकसान को सीमित करने में मदद मिली।

विदेशी निवेशकों ने 58,711 करोड़ रुपये निकाले

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक अक्टूबर में शुद्ध बिकवाल रहे और इस महीने अब तक 58,711 करोड़ रुपये बाजार से निकाले। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष, कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि और चीनी बाजार के मजबूत प्रदर्शन से विदेशी निवेशकों ने बिकवाली की। इससे पहले, विदेशी निवेशकों ने सितंबर में 57,724 करोड़ रुपये का निवेश किया था। यह नौ महीने का उच्चतम स्तर था। डिपोजिटरी के अनुसार अप्रैल-मई में 34,252 करोड़ निकालने के बाद, जून से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इक्विटी बाजार में पैसा लगाया। कुल मिलाकर, जनवरी, अप्रैल और मई को छोड़कर, एफपीआई इस साल शुद्ध खरीदार रहे हैं। मॉर्निंगस्टार इन्वेस्टमेंट रिसर्च इंडिया के हिमांशु श्रीवास्तव ने कहा कि आने वाले समय में वैश्विक स्तर पर होने वाली गतिविधियां और ब्याज दर को लेकर स्थिति जैसे वैश्विक कारक भारतीय शेयर बाजारों में विदेशी निवेश के प्रवाह को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

देश की 10 में से सात प्रमुख कंपनियों की पूंजी 1.22 लाख करोड़ घटी

- टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज को सबसे ज्यादा नुकसान

नई दिल्ली। देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण पिछले सप्ताह संयुक्त रूप से 1,22,107.11 करोड़ रुपये घट गया। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। शेयर बाजार में कमजोर रुख के अनुरूप प्रमुख कंपनियों के बाजार पूंजीकरण पर इसका असर दिखा। आईटी कंपनी टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 35,638.16 करोड़ कम होकर 15,01,723.41 करोड़, रिलायंस इंडस्ट्रीज 21,351.71 करोड़ घटकर 18,55,366.53 करोड़, आईटीसी 18,761.4 करोड़ घटकर 6,10,933.66 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलीवर लि. 16,047.71 करोड़ घटकर 6,53,315.60 करोड़, एलआईसी 13,946.62 करोड़ घटकर 6,00,179.03 करोड़, आईसीआईसीआई बैंक 11,363.35 करोड़ घटकर 8,61,696.24 करोड़, एचडीएफसी बैंक 4,998.16 करोड़ घटकर 12,59,269.19 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 26,330.84 करोड़ बढ़कर 9,60,435.16 करोड़, इन्फोसिस 6,913.33 करोड़ बढ़कर 8,03,440.41 करोड़ और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 3,034.36 करोड़ रुपये बढ़कर 7,13,968.95 करोड़ रुपये रहा। बाजार पूंजीकरण के लिहाज से रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे मूल्यवान घरेलू कंपनी रही। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई, इन्फोसिस, एसबीआई, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी और एलआईसी का स्थान रहा।

एनएफओ : म्यूचुअल फंड में निवेश के नए मौके

एनएफओ, यानी न्यू फंड ऑफर, एक नई म्यूचुअल फंड स्कीम है, जिसे म्यूचुअल फंड कंपनियां सीमित अवधि के लिए प्रस्तुत करती हैं। इसका मुख्य उद्देश्य निवेशकों से धन जुटाना होता है, जिसका उपयोग विभिन्न वित्तीय उपकरणों जैसे कि स्टॉक्स और बांड्स में किया जाता है। एनएफओ में निवेश करने से निवेशक उच्च संभावित रिटर्न प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन इसके साथ ही मार्केट रिस्क और फंड मैनेजर की निर्णय क्षमता पर निर्भरता जैसे जोखिम भी जुड़े हुए होते हैं। इस लेख में हम एनएफओ के लाभ और जोखिमों पर विस्तृत से चर्चा करेंगे....

एनएफओ का म्यूचुअल फंड से संबंध

- **नई स्कीम :** एनएफओ नई म्यूचुअल फंड स्कीम है। यह तब शुरू होती है जब म्यूचुअल फंड कंपनी पोर्टफोलियो में नए एसेट्स जोड़ना चाहती है।
- **इक्विटी और डेट फंड्स :** इसमें निवेश का तरीका इस पर निर्भर करता है कि यह इक्विटी, डेट या हाइब्रिड फंड है।
- **प्रारंभिक निवेश :** एनएफओ के दौरान, निवेशक एक निश्चित अवधि (आमतौर पर कुछ सप्ताह) के लिए फंड में निवेश कर सकते हैं।

लाभ का सुनहरा अवसर

- **उच्च संभावित रिटर्न :** यदि फंड अच्छी कंपनियों में निवेश करता है, तो यह दीर्घकालिक में उच्च रिटर्न दे सकता है। खासकर इक्विटी फंड्स में।
- **डाइवर्सिफिकेशन :** एनएफओ के माध्यम से विभिन्न कंपनियों या एसेट्स में निवेश कर सकते हैं, जिससे पोर्टफोलियो का रिस्क कम होता है।
- **कम प्रारंभिक निवेश :** एनएफओ में न्यूनतम निवेश की आवश्यकता कम होती है, जिससे नए निवेशकों के लिए प्रवेश करना आसान होता है।
- **प्रोफेशनल मैनेजमेंट :** म्यूचुअल फंड में पेशेवर फंड मैनेजर्स द्वारा फंड का प्रबंधन किया जाता है, जो निवेश के निर्णय लेते हैं।

जोखिम को लेकर रहे सचेत

- **मार्केट रिस्क :** निवेश के समय, यदि बाजार में गिरावट है तो आपके निवेश का मूल्य कम हो सकता है। मार्केट की अस्थिरता महत्वपूर्ण जोखिम है।
- **फंड मैनेजर पर निर्भरता :** फंड का प्रदर्शन काफी हद तक फंड मैनेजर के निर्णय पर निर्भर होता है। गलत निर्णय से नुकसान हो सकता है।
- **परिवर्तनशीलता :** एनएफओ में विभिन्न प्रकार के एसेट्स हो सकते हैं, जिससे उनका मूल्य उतार-चढ़ाव कर सकता है।

कोल इंडिया का सरकारी खजाने में योगदान 0.6 प्रतिशत घटा

नई दिल्ली, एजेंसी



- सालाना आधार पर की मामूली गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा

कोल इंडिया का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सरकारी खजाने में योगदान सालाना आधार पर 0.6% की गिरावट के साथ 28,930.27 करोड़ रुपये रहा। कोयला मंत्रालय के अस्थायी आंकड़ों के अनुसार, कोल इंडिया ने वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-सितंबर अवधि में सरकारी खजाने में 29,122.13 करोड़ रुपये का योगदान दिया था।

सितंबर में सरकार को भुगतान किये शुल्क भी आलोच्य अवधि में 11.1% घटकर 4,335.24 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले 2023-24 के इसी महीने में यह 4,878.84 करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर में सरकारी खजाने को भुगतान किये गये कुल 28,930.27 करोड़ रुपये में से, सबसे ज्यादा 6,452.30 करोड़ रुपये झारखंड सरकार को मिले। इसके बाद ओडिशा का स्थान रहा जिसे 6,383.14 करोड़ रुपये मिले। छत्तीसगढ़ को 5,432.02 करोड़, मध्य प्रदेश को 5,177.41 करोड़ तथा महाराष्ट्र को 2,782.25 करोड़ रुपये प्राप्त हुए।

कॉल सेंटर के बिना काम कर रही फ्लाई91, डिजिटल पर जोर

नई दिल्ली। सात महीने पहले उड़ान सेवा शुरू करने वाली फ्लाई91 अपने परिचालन को आगे बढ़ा रही है। हालांकि इस क्षेत्रीय एयरलाइन के पास यात्रियों के लिए कॉल सेंटर नहीं है। गोवा स्थित कंपनी का जोर डिजिटल तकनीक पर है और उसने परिचालन शुरू करने से पहले प्राथमिकताओं की एक सूची तैयार की।

फ्लाई91 ने कुछ चीजों को खत्म करने का फैसला किया, जो पारंपरिक रूप से एयरलाइन करती हैं। फ्लाई91 के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी प्रसन्ना सुब्रमण्यम ने कहा कि हम जानबूझकर उस रास्ते (कॉल सेंटर न होने) पर जाना चाहते थे। उन्होंने कहा कि कॉल सेंटर न होने से लागत में भारी बचत होती है और यह लाभ भी देता है, क्योंकि बचत का इस्तेमाल कहीं और नए डिजिटल एप्लिकेशन बनाने के लिए किया जा रहा है। फ्लाई91 ने 18 मार्च को उड़ान भरना शुरू किया था और इस समय यह दो एटीआर72 - 600 विमानों का संचालन करती है।

सिनर ने जीता शंघाई मास्टर्स का खिताब

शंघाई, एजेंसी

• शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक ने जोकोविच को सीधे सेटों में हराया

<< ट्रॉफी के साथ यानिक सिनर और नोवाक जोकोविच।

शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने रविवार को यहां 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नोवाक जोकोविच को सीधे सेटों में हराकर शंघाई मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया। इटली के इस खिलाड़ी ने आठ ऐस और 22 विनर लगाकर जोकोविच को 7-6 (4), 6-3 से शिकस्त दी। जोकोविच ने चार ऐस और 12 विनर लगाये जबकि सिनर ने एक भी ब्रेक प्वाइंट का सामना नहीं किया।

जोकोविच यहां टूर स्तर के अपने 100वें खिताब की कोशिश में जुटे थे। जिमी कोनोर्स और रोजर फेडरर ही पुरुष टेनिस में शतक के खिताबी आंकड़े को पार कर पाये हैं। कोनोर्स ने 109 जबकि फेडरर ने 103 टूर स्तर के खिताब जीते हैं। वहीं महिलाओं के वुहान ओपन फाइनल में दूसरी रैंकिंग की आर्यना सबालेंका का सामना सातवीं रैंकिंग पर काबिज झेंग किनवेन से होगा। सबालेंका इस सत्र में चौथा खिताब हासिल करने का प्रयास कर रही हैं जिसमें उन्होंने आस्ट्रेलियाई ओपन और अमेरिकी ओपन ग्रैंडस्लैम भी जीते हैं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में फॉर्म में चल रही कोको गॉफ को 1-6, 6-4, 6-4 से शिकस्त देकर जबकि पेरिस ओलंपिक की चैंपियन किनवेन ने 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु को 6-3, 6-4 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

इमर्जिंग टीम एशिया कप में तिलक वर्मा करेंगे इंडिया ए की अगुवाई

मुंबई, एजेंसी

• 18 से शुरू होगा पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने ओमान में होने वाले पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय इंडिया ए टीम की घोषणा कर दी गई है। 18 अक्टूबर से शुरू होने वाले पुरुष टी-20 इमर्जिंग एशिया कप में तिलक वर्मा इंडिया ए का नेतृत्व करेंगे।

अब तक भारत के लिए चार एकदिवसीय और 16 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल चुके तिलक के अलावा टीम में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल चुके अभिषेक शर्मा और राहुल चाहर भी टीम में जगह दी गई है। टीम में इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। भारत 19 अक्टूबर को पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा। इस ग्रुप में ओमान और यूएई भी शामिल है। यह पहली बार होगा जब यह टूर्नामेंट टी-20 प्रारूप में खेला जाएगा। पांच संस्करण एकदिवसीय प्रारूप में खेले गए थे। भारत ने 2013 में इसका प्रथम संस्करण अपने नाम किया था जबकि पिछले दो बार से पाकिस्तान यह ट्रॉफी जीता आ रहा है। 2023 में भारत को फाइनल में पाकिस्तान से हार का सामना करना पड़ा था।

शाहबाज-मुकेश ने यूपी को सस्ते में समेटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

रणजी ट्रॉफी -तीसरा दिन

अर्धशतक लगाकर बल्ला उठाए पश्चिम बंगाल के बल्लेबाज सुदीप।

अमृत विचार : मुकेश कुमार व शाहबाज अहमद की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पश्चिम बंगाल ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ विकेट पर ज्यादा देर तक नहीं टिकने दिया और पूरी पारी 293 रन पर समाप्त कर दी। पश्चिम बंगाल ने पहली पारी में 311 रन बनाए थे। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक पश्चिम बंगाल ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोकर 141 रन बना लिये। इसके साथ ही अब उसकी कुल बढ़त को 160 रन पहुंच गई है। मुकेश व शाहबाज ने 4-4 विकेट लिए।

इकाना स्टेडियम में उत्तर प्रदेश ने आज तीन विकेट पर 198 रन से आगे का खेल शुरू किया। कप्तान आर्यन जुयाल महज दो रन और जोड़कर मुकेश कुमार की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हुए। पांचवा विकेट 207 रन के योग पर गिरा। लखनऊ के अनुभवी बल्लेबाज अक्षदीप नाथ बिना खाता खोले ही लौट गए। इसके बाद सिद्धार्थ ने एक छोर से विकेट लिया लेकिन दूसरे छोर से विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे। 292 रनों के योग पर यूपी टीम सिमट गई।

सिद्धार्थ यादव ने 127 गेंदों में 73 रनों की शानदार पारी खेली। बंगाल की ओर से मुकेश ने 43 और शाहबाज ने 96 रन देकर 4-4 विकेट लिए। दूसरी पारी में पश्चिम बंगाल के लिए सुदीप चटर्जी और अभिमन्यु ईश्वरन ने शानदार शुरुआत की। खेल खत्म होने तक 36 ओवर के खेल में बिना विकेट खोए दोनों ने 141 रन बना लिए थे। अभिमन्यु 107 गेंदों पर 78 रन बना चुके हैं। वहीं सुदीप चटर्जी 109 गेंदों 59 रन बनाकर विकेट पर बने हुए हैं।

खेल डायरी

अदिति शंघाई टूर्नामेंट में संयुक्त 55वें स्थान पर

शंघाई। भारत की अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर के साथ रविवार को यहां एलपीजीए बुइक शंघाई गोल्फ टूर्नमेंट में संयुक्त रूप से 55वें स्थान पर रहीं। अदिति ने टूर्नामेंट के चार दौर में 71, 72, 69 और 75 के स्कोर से कुल एक अंडर का स्कोर बनाया। चीन की रुओनिंग यिन ने अंतिम दौर में आठ अंडर 64 के स्कोर से खिताब जीता। उनका कुल स्कोर 25 अंडर 263 रहा। एलपीजीए पर यह यिन के करियर की चौथी जीता है। यिन तीसरे दौर के बाद जापान की माओ सेइगो से एक शॉट पीछे थी लेकिन चौथे और अंतिम दौर में शानदार प्रदर्शन की बदौलत खिताब जीतने में सफल रही। सेइगो ने अंतिम दौर में 71 का स्कोर बनाया और वह दक्षिण कोरिया की सेई यंग किम (68) के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। ये दोनों 19 अंडर 269 के स्कोर के साथ यिन से छह शॉट पीछे रहीं।

शुभंकर फ्रांस में कट में जगह बनाने से चूके

पेरिस। भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाने के कारण फ्रांस ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में कट में जगह बनाने से चूक गए। शुभंकर ने पहले दौर में 72 का कार्ड खेला था लेकिन दूसरे दौर में उन्होंने 75 का स्कोर बनाया और इस तरह से कट में जगह बनाने से नाकाम रहे। यह टूर्नामेंट ले गोल्फ नेशनल में खेला जा रहा है जहां दो महीने पहले इस भारतीय खिलाड़ी ने ओलंपिक में भाग लिया था। पहले दौर में चार बर्डी और पांच बोगी करने वाले शुभंकर ने दूसरे दौर में दो बर्डी, तीन बोगी और एक ट्रिपल बोगी की और इस तरह बड़े अंतर से कट में जगह नहीं बना पाए। कट एक अंडर पर गया। इस बीच स्वीडन के जेस्पर स्वेन्सन ने अंतिम दौर से पहले एक स्ट्रोक की बढ़त लेकर खिताब जीतने की अपनी उम्मीदों को बढ़ा दिया।

युवराज 13वें स्थान के साथ मकाऊ ओपन में शीर्ष भारतीय

मकाऊ। युवराज संधू रविवार को यहां 10 लाख डॉलर इनामी एसजेएल मकाऊ ओपन में संयुक्त 13वें स्थान के साथ भारतीय गोल्फरों के बीच शीर्ष पर रहे। चंडीगढ़ के युवराज ने पहले दो दौर में 71 और 67 का स्कोर बनाने के बाद अंतिम दो दौर में 64 और 68 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर 10 अंडर 270 रहा। अंतिम दौर में संधू ने तीन बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गए जिससे उनका स्कोर दो अंडर रहा। अन्य भारतीयों में अजितेष संधू (71-67-70-66) छह अंडर के कुल स्कोर से संयुक्त 29वें जबकि सपतक तलवार (70-68-72-68) और खलिन जोशी (68-72-70-68) दोनों दो अंडर के स्कोर से संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर रहे। एसएसपी चौरसिया (69-68-69-74) ने के स्कोर से संयुक्त 50वां स्थान हासिल किया। थाईलैंड के रतानोन वानारिचन ने अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल 20 अंडर के स्कोर से दो शॉट की बढ़त के साथ खिताब जीता।

टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत ने जीते तीन पदक

अस्ताना (कजाकिस्तान)। भारत ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में रविवार को यहां अपना अभियान तीन पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें महिला युगल में ऐतिहासिक कांस्य पदक भी शामिल है। पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की मौजूदा विश्व चैंपियन जोड़ी को हराकर कांस्य पदक जीतने वाली अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की विश्व में 15वें नंबर की भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में जापान की मिवा हरिमोतो और मियु किहारा से 30 मिनट से भी कम समय में 4-11, 9-11, 8-11 से हार गई। भारतीय जोड़ी को इस तरह से कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन यह पहला अवसर है जबकि भारत ने महिला युगल में पदक जीता। भारतीय जोड़ी ने इससे पहले क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की किम नायॉन्ग और ली यून्हे को हराकर पदक पक्का किया था। मनिका बत्रा, अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी की भारतीय टीम सेमीफाइनल में जापान से 1-3 से हार गईं थी लेकिन अंतिम चार में पहुंचकर उसने अपने लिए कांस्य पदक पक्का कर लिया था। पुरुष वर्ग में अचंता शरथ कमल, मानव ठक्कर और हरमीत देसाई की भारतीय टीम सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई लेकिन अंतिम चार में पहुंचने से वह लगातार तीसरी बार पदक हासिल करने में सफल रही। पुरुष एकल में मानव ठक्कर और मानुष शाह प्री-क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गए।

ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 9 रन से हराया

महिला टी-20 विश्वकप : हार नहीं टाल सका हरमनप्रीत का अर्धशतक

शारजाह, एजेंसी

जीत के बाद जश्न मनातीं ऑस्ट्रेलिया की टीम। ● एजेंसी

ग्रेस हैरिस (40), कप्तान तालिया मैक्ग्रा (32) और एलिस पेरी (32) की शानदार पारियों के बाद गेंदबाजों के आखिरी ओवरों में बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को महिला टी-20 विश्वकप के 18वें मैच में भारत को रोमांचक मुकाबले में नौ रनों से हार का सामना करना पड़ा। सोफी मोलिन्यू को उनकी बेहतरीन गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया के 151 रनों के जवाब में भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने चौथे ओवर में शेफाली वर्मा (20) का विकेट गवां दिया। शेफाली को एश्ली गार्डनर ने आउट किया। इसके बाद छठें ओवर में सोफी मोलिन्यू ने स्मृति मंधाना (छह) को पगबाधा आउट किया। दीप्ति शर्मा ने 25 गेंदों में 29 रनों की जूझारू पारी खेली। ऋचा घोष (एक) पर रनआउट हुई। कप्तान हरमनप्रीत कौर की ने 47 गेंदों में (नाबाद 54) की अर्द्धशतकीय पारी खेली। आखिरी ओवर में यह अलाम था कि हरमनप्रीत कौर एक छोड़ पर खड़ी रह गयी और विकेट गिरते गये। भारत निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 142 रन ही बना सका और नौ रन से मैच हार गया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से सोफी मोलिन्यू और ऐनाबेल सदरलैंड ने दो- दो विकेट लिये। मेगन शूट और एश्ली गार्डनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले आज यहां ऑस्ट्रेलिया की कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी नहीं रही और तीसरे ही ओवर में 17 के स्कोर पर रेणुका सिंह ने एक के बाद एक दो विकेट झटके। बेथ मूनी (2) और जॉर्जिया वेयरहम (शून्य) पर आउट हुई। इसके बाद कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने ग्रेस हैरिस के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिय 62 रन जोड़े। दीप्ति ने ऐलिस पेरी (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एश्ली गार्डनर (6) वस्त्रकर का शिकार बनी। ग्रेस हैरिस 40 को दीप्ति शर्मा ने आउट किया। ऐनाबेल सदरलैंड (10) और सोफी मोलिन्यू (शून्य) पर आउट हुई। फीबी लिचफील्ड (15) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 20 ओवर में आठ विकेट पर 151 रन बनाये। भारत की ओर से रेणुका सिंह और दीप्ति शर्मा ने दो-दो विकेट लिये। श्रेयंका पाटिल, पूजा वस्त्रकर और राधा यादव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया महिला : 151/8 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
ग्रेस हैरिस का मंधाना बो दीप्ति	40	41	5/0
बेथ मूनी का राधा बो रेणुका	2	7	0/0
जॉर्जिया वारेहैम पगबाधा बो रेणुका	0	1	0/0
तहलिया मैकग्रा स्ट ऋचा बो राधा	32	26	4/0
एलिसे पैरी का सब बो दीप्ति	32	23	2/1
एशले गार्डनर का राधा बो पूजा	6	6	1/0
फोबे लिचफील्ड नाबाद	15	9	1/1
अनाबेल सदरलैंड बो श्रेयंका	10	6	2/0
सोफी मोलिनू रन आउट	0	1	0/0
मेगान शट नाबाद	0	0	0/0

अतिरिक्त : 14, गेंदबाजी : रेणुका सिंह 4-0-24-2, श्रेयंका पाटिल 4-0-32-1, पूजा वस्त्राकर 3-0-22-1, अरूंधति रेड्डी 3-0-24-0, दीप्ति शर्मा 4-0-28-2, राधा यादव 2-0-14-1

भारत महिला : 142/9 (20 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
शेफाली कैच सदरलैंड बोल्ड गार्डनर	20	13	2/1
स्मृति मंधाना पगबाधा मोलिन्यू	6	12	0/0
जेमिमाह रॉड्रिग्स कैच गार्डनर बोल्ड शूट	16	12	3/0
हरमनप्रीत कौर नाबाद	54	47	6/0
दीप्ति शर्मा कैच वेयरहम बोल्ड मोलिन्यू	29	25	3/0
ऋचा घोष रन आउट (लिचफील्ड)	1	3	0/0
पूजा वस्त्रकर बोल्ड सदरलैंड	9	6	1/0
अरुंधति रेड्डी रन आउट	0	1	0/0
श्रेयंका पाटिल रन आउट (मूनी)	0	0	0/0
राधा यादव पगबाधा सदरलैंड	0	1	0/0
रेणुका सिंह नाबाद	1	1	0/0

अतिरिक्त : 6, गेंदबाजी : मेगन शूट 4-0-25-1, एश्ली गार्डनर 4-0-32-1, सदरलैंड 4-0-22-2, सोफी मोलिन्यू 4-0-32-2, वेयरहम 3-0-22-0, डार्सी ब्राउन 1-0-8-0

टेक्सास में युवाओं को गुर क्रिकेट के सिखाएंगे सचिन

ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी

भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टेक्सास में राष्ट्रीय क्रिकेट लीग फाइनल के दौरान एक विशेष क्रिकेट क्लीनिक में युवा क्रिकेटरों को इस खेल के गुर सिखाएंगे। यह क्रिकेट क्लीनिक डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा जिसका उद्देश्य युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करना और अमेरिका में जमीनी स्तर पर इस खेल को बढ़ावा देना है।

तेंदुलकर ने रविवार सुबह होने वाले कार्यक्रम से पहले कहा क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब इसे वापस देने की मेरी बारी है। मैं इन युवा खिलाड़ियों से मिलने और उन्हें यह बताने को लेकर उत्साहित हूं कि कड़ी मेहनत और जुनून से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने तेंदुलकर की भागीदारी के महत्व के बारे में कहा यह क्रिकेट से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह अपनी उम्मीदों और सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने से जुड़ा है। सचिन जैसे व्यक्ति का इन युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देना बहुत मायने रखता है। एनसीएल से कई दिग्गज क्रिकेटर जुड़े रहे हैं जिनमें सुनील गावस्कर, वसीम अकरम और सर विवियन रिचड्र्स भी शामिल हैं। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के इस सत्र में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ियों ने भी अपनी सेवाएं दी। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का समर्थन हासिल है।

सूरमा हॉकी क्लब ने भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह को 78 लाख में खरीदा

नई दिल्ली, एजेंसी

• हॉकी इंडिया लीग के हुई नीलामी टूर्नामेंट में उतरेंगी आठ फ्रेंचाइजी

हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी के पहले दिन रविवार को भारतीय पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए जबकि सूरमा हॉकी क्लब ने इस स्टार ड्रैग फ्लिकर को 78 लाख रुपये में खरीदा। सभी आठ फ्रेंचाइजी ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम के मुख्य खिलाड़ियों की सेवाएं हासिल करने के लिए मोटी रकम खर्च की।

अभिषेक दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बने जिन्हें श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा जबकि हार्दिक सिंह के लिए यूपी रुद्रास ने 70 लाख रुपये खर्च किए। अमित रोहिदास के लिए तमिलनाडु ड्रैगन्स ने सबसे अधिक 48 लाख रुपये की बोली लगाई जबकि जुगराज सिंह को भी बंगाल टाइगर्स ने इसी राशि में खरीदा। हैदराबाद तूफान्स ने सुमित को 46 लाख रुपये में अपने साथ जोड़ा। विदेशी गोलकीपर में आयरलैंड के डेविड हार्टे सबसे अधिक राशि में बिके। उन्हें तमिलनाडु ड्रैगन्स ने 32 लाख रुपये में खरीदा। जर्मनी के जीन-पॉल डैनबर्ग (हैदराबाद तूफान्स, 27 लाख रुपये), नीदरलैंड के पिरमिन ब्लैक (बंगाल टाइगर्स, 25 लाख रुपये) और बेल्जियम के विन्सेंट वानाश (सूरमा हॉकी क्लब, 23 लाख रुपये में) पर भी टीमों ने मोटी रकम खर्च की। भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा और पवन को टीम गोनासिका और दिल्ली एसजी पाइपर्स ने क्रमशः 22 लाख रुपये और 15 लाख रुपये में खरीदा।

महिला अंतर-विभागीय हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप आज से

नई दिल्ली। चौथी हॉकी इंडिया सीनियर महिला अंतर-विभागीय राष्ट्रीय चैंपियनशिप सोमवार से यहां मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में खेली जाएगी। टूर्नामेंट में 12 टीमें भाग लेंगी जिन्हें चार पूल में बांटा गया है। यह टूर्नामेंट 21 अक्टूबर तक खेला जाएगा।

लीग चरण में प्रत्येक टीम अपने पूल में अन्य सभी टीमों के खिलाफ खेलेगी। प्रत्येक पूल से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाएंगी जो 18 अक्टूबर को खेले जाएंगे। सेमीफाइनल 20 को, जबकि फाइनल और तीसरे-चौथे स्थान के मैच 21 को खेले जाएंगे। पूल ए में गत चैंपियन इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, सेंट्रल सिविल सर्विसेज कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड और सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स जबकि पूल बी में रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड, तमिलनाडु पुलिस और गुजरात स्पोर्ट्स अथॉरिटी - हॉकी अकादमी शामिल हैं। पूल सी में भारतीय खेल प्राधिकरण, यूको बैंक महिला हॉकी अकादमी और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड जबकि पूल डी में सशस्त्र सीमा बल, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया और स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड शामिल हैं।

जयवर्धने फिर बने मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच

मुंबई। पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने मेगा नीलामी से पहले बड़ा बदलाव करते हुए श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने को अपना मुख्य कोच नियुक्त किया है। जयवर्धने 2017-2022 तक मुंबई इंडियंस के साथ इसी भूमिका में जुड़े हुए थे। फ्रेंचाइजी ने 2017, 2019 और 2020-21 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) खिताब जीता था।

जयवर्धने इस तरह दक्षिण अफ्रीका के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज मार्क बाउचर की जगह लेंगे जो दो साल तक मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच थे। मुंबई इंडियंस ने 2023 चरण में नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया लेकिन इस साल उसका प्रदर्शन काफी खराब रहा जिसमें टीम 14 मैच में से केवल चार में ही जीत दर्ज कर पाई। जयवर्धने ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में कहा मुंबई इंडियंस परिवार में मेरी यात्रा हमेशा विकास करने की रही है। 2017 में ध्यान सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने के लिए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक ग्रुप बनाने पर था और हमने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया।

बॉलीवुड हलचल

परिवार के साथ श्रीलंका में जन्मदिन मनाएंगी पूजा हेगड़े

मुंबई। जानीमानी अभिनेत्री पूजा हेगड़े श्रीलंका में अपने परिवार के साथ जन्मदिन मनाएंगी। पूजा हेगड़े आज 34 वर्ष की हो गई हैं। अपने खास दिन को यादगार बनाने के लिए, पूजा अपने व्यस्त शूटिंग शेड्यूल से एक अच्छी छुट्टी लेकर श्रीलंका जा रही हैं। मुंबई में अपने परिवार के साथ दशहरा मनाने के बाद पूजा हेगड़े अपना जन्मदिन मनाने के लिए श्रीलंका जा रही हैं। वर्ष 2025 पूजा हेगड़े के लिये महत्वपूर्ण वर्ष है। वह फिल्म देवा में शाहिद कपूर और सूर्या 44 में सूर्या के साथ नजर आएंगी। इसके अलावा पूजा हेगड़े, अभिनेता थलपति विजय के साथ थलपति 69 में भी नजर आएंगी।

वरूण-जैकी की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता वरूण धवन और जैकी श्राफ की फिल्म बेबी जॉन का टीजर रिलीज हो गया है। एक्शन से भरपूर बेबी जॉन में वरुण धवन मुख्य भूमिका में है, जबकि जैकी श्रॉफ नेगेटिव रोल में दिखाई देंगे। जैकी श्रॉफ के किरदार का नाम बब्बर शेर है। वरुण धवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेबी जॉन का टीजर शेयर किया है। टीजर में जैकी श्रॉफ खूंखार अंदाज में नजर आ रहे हैं। उनके किरदार के लंबे भूरे बाल है, जबकि उन्होंने अपने हाथों में अंगूठियां और गले में जंजीर पहन रखी है। वीडियो में वह जेल में बंद दिखाई देते हैं और उनके खून से सने हाथ में एक हथियार दिखता है। वरूण धवन ने टीजर शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, उस अंधेरे से मिलने के लिए तैयार हो जाओ, जिसके बारे में आपने कभी नहीं सोचा था। बब्बर शेर आपके लिए आ रहा है। फिल्म बेबी जॉनका निर्देशन कलीस ने किया है। कीर्ति सुरेश इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करने जा रही हैं। इसके अलावा इस फिल्म में वामिका गब्बी और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे। बेबी जॉन को जियो स्टूडियो ने एटली और सिने1 स्टूडियो के साथ मिलकर बनाया है। बेबी जॉन 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने पहले वीकेंड पर कमाए 81 करोड़ रुपये

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के महानायक रजनीकांत की फिल्म वेट्टैयन ने अपने पहले वीकेंड में तीन दिनों में भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। टीजे ज्ञानवेल के निर्देशन में बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत की मुख्य भूमिका है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन की भी अहम भूमिका है। अमिताभ और रजनीकांत ने अंधा कानून, गिरफ्तार और हम जैसी सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। यह जोड़ी 33 साल के बाद साथ नजर आयी है। इस फिल्म को फैंस का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार वेट्टैयन ने रिलीज के पहले दिन 31.7 करोड़, दूसरे दिन 24 करोड़ और तीसरे दिन 26.1 करोड़ रूपये की कमाई की है। इस इस फिल्म ने भारतीय बाजार में 81 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। लाइका प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी फिल्म वेट्टैयन में रजनीकांत और अमिताभ बच्चन के अलावा राणा दग्गुबाती, फहद फाजिल, मंजू वारियर, दुशारा विजयन, रितिका सिंह, जीएम सुंदर, रोहिणी, राव रमेश, रमेश थिलक, रक्षण और अन्य सितारे शामिल हैं। इस फिल्म में संगीत अनिरुद्ध रविचंदर का है।

रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जीत में फिर दागा गोल, स्पेन ने डेनमार्क को हराया

बार्सिलोना, एजेंसी

• स्पेन ने नेशंस लीग के मैच में मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया

यूईएफए नेशंस लीग ग्रुप 4 फुटबॉल मैच के दौरान गेंद के लिए संघर्ष करते स्पेन के लैमिन यामल, दाएं और डेनमार्क के विक्टर क्रिस्टियनसेन। ● एजेंसी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकार्ड 133वां अंतर्राष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया। रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था।

रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र जिलिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने ज़गरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन ज़ुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। डेनमार्क दूसरे स्थान पर है। सर्बिया ने एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड को 2-0 से पराजित किया। लीग सी में कोसोवो ने लिथुआनिया को 2-1 से, जबकि रोमानिया ने साइप्रस को 3-0 से हराया।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

साईबाबा का पार्थिव शरीर मेडिकल कॉलेज को दान करेंगे परिजन

हैदराबाद, एजेंसी

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के पूर्व प्रोफेसर जीएन साईबाबा के परिजनों ने रविवार को बताया कि साईबाबा की इच्छा के अनुसार उनका पार्थिव शरीर सरकारी मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया जाएगा। पार्थिव शरीर 14 अक्टूबर को गांधी मेडिकल कॉलेज को सौंपा जाएगा।

माओवादियों से कथित संबंधों के मामले में सात महीने पहले बरी किए गए साईबाबा का ऑपरेशन के बाद की समस्याओं के कारण शनिवार को सरकारी अस्पताल में निधन हो गया था। वह 58 वर्ष के थे। परिवार ने बताया कि निम्स के शवगृह में रखे गए साईबाबा के पार्थिव शरीर को 14 अक्टूबर को गन पार्क ले जाया जाएगा और वहां से उनके भाई के आवास पर ले जाया जाएगा तथा सार्वजनिक रूप से श्रद्धांजलि देने के लिए रखा जाएगा।

जेल में अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के चलते हुई मौत

नई दिल्ली। गैर सरकारी संगठन नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर द राइट्स ऑफ द डिसेबल्ड (एनपीआरडी) ने दावा किया है कि लंबे समय तक कारावास और अपर्याप्त चिकित्सा देखभाल के कारण साईबाबा की पहले से मौजूद स्वास्थ्य समस्याएं और बढ़ गईं जो उनकी मृत्यु का कारण बनीं। एनजीओ ने साईबाबा के कारावास के दौरान सामने आई चुनौतियों और उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को रेखांकित किया।

गुजरात में पांच हजार करोड़ मूल्य की 518 किलो कोकीन बरामद

नई दिल्ली, एजेंसी

- **एक पखवाड़े में 13,000 करोड़ मूल्य की कोकीन और 40 किलो मारिजुआना हुई है जब्त**

गुजरात के अंकलेश्वर में दिल्ली और गुजरात पुलिस ने रविवार को संयुक्त अभियान में पांच हजार करोड़ रुपये मूल्य की 518 किलोग्राम कोकीन जब्त की। साथ ही दिल्ली और गुजरात में एक पखवाड़े के भीतर कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 13,000 करोड़ रुपये मूल्य की 1,289 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक थाईलैंड मारिजुआना जब्त की गई है।

दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ और गुजरात पुलिस ने रविवार को अंकलेश्वर में एक दवा कंपनी में तलाशी के दौरान 518 किलोग्राम कोकीन बरामद करने का दावा किया। जब्त कोकीन की कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में लगभग पांच हजार करोड़ रुपये बताई जा रही है। विशेष प्रकोष्ठ ने एक अक्टूबर को दिल्ली के महिपालपुर में एक गोदाम पर छापा मारकर 562 किलो कोकीन और 40 किलो हाइड्रोपोनिक मारिजुआना की खेप जब्त की थी।

जांच के दौरान 10 अक्टूबर को दिल्ली के रमेश नगर की दुकान से 208 किलो अतिरिक्त कोकीन बरामद की गई थी। पुलिस को पता चला कि यह मादक पदार्थ एक कंपनी का था, जिसने इसे अंकलेश्वर की दवा कंपनी से प्राप्त किया था।

तकनीक से कदमताल

रविवार को नई दिल्ली में भारत मंडपम में पीएम गतिशक्ति अनुभूति केंद्र के दौरे के दौरान तकनीक को करीब से जानने और समझने की कोशिश में लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

एक नजर

मादक पदार्थ गिरोह के सरगना शाही महात्मा के चार सहयोगी गिरफ्तार

शिमला। अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ गिरोह के सरगना शाही महात्मा के चार सहयोगियों को विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को बताया कि आरोपियों में आशीष (33), सिकंदर ठाकुर (24), कुलवंत (42) और नारेह कुमार (36) है। सभी आरोपी शिमला जिले के रोहड़ू के निवासी हैं। शिमला एसपी संजीव कुमार गांधी ने कहा कि ये आरोपी महात्मा के मादक पदार्थ गिरोह में सक्रिय रूप से लिप्त थे। पुलिस के मुताबिक महात्मा को इस साल सितंबर में गिरफ्तार किया गया था और उसके 40 से अधिक सहयोगी हैं। पुलिस के मुताबिक वह साथियों के साथ मिलकर पांच-छह सालों से सेब के कारोबार की आड़ में मादक पदार्थ की आपूर्ति कर रहा था और इसके तार दिल्ली में नाइजीरियाई मादक पदार्थ गिरोह और हरियाणा के दूसरे गिरोहों के साथ जुड़े हुए हैं।

अमेरिका में विवि के पास गोलीबारी से एक की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका में टेनेसी स्टेट यूनिवर्सिटी के पास हुई गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई और नौ अन्य घायल हो गए। एबीसी न्यूज ने पुलिस का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। पहले बताया गया था कि गोलीबारी में कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन पीड़ितों या शूटरों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं थी। पुलिस के अनुसार, यह संभवत: एक गोलीबारी थी, जिसमें कई पीड़ित शामिल थे। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

जम्मू में हेरोइन के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू में रविवार को मादक पदार्थों के तीन कथित तस्करों को 50 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों तस्कर मोटरसाइकिल पर सवार थे। पुलिस ने उन्हें मीरां साहिब के निकट वाहन जांच के दौरान रोका। गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन :प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और आगे की जांच जारी है।

चटगांव बंदरगाह के पास जहाज में लगी आग

ढाका। बांग्लादेश के चटगांव बंदरगाह पर विस्फोट के बाद रविवार तड़के बंगाल की खाड़ी में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) ले जा रहे हल्के जहाज में आग लग गई। ढाका ट्रिब्यून ने कहा कि फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रिपोर्ट के अनुसार कुतुबदिया उपजिला के कार्यवाहक निर्बाही अधिकारी (उप-विभागीय कार्यकारी अधिकारी) मुहम्मद शहादत हुसैन ने कुतुबदिया प्वाइंट के पास हुई दुर्घघटना की पुष्टि की है। हुसैन ने कहा कि बंगलादेश नौसेना और तटरक्षक बल को इस घटना के बारे में सूचना दे दी गयी है। नौसेना जहाज में फंसे चालक दल के सदस्यों के निकासी का काम कर रही थी। आग बुझाने के लिए तटरक्षक बल और चटगांव बंदरगाह की नौकाओं ने भी नौसेना की मदद कर रही हैं।

25 अफगानिस्तानी कैदियों को इराक ने किया रिहा

काबुल। इराक में कैद कुल 25 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें उनके वतन वापस भेज दिया गया है। अफगानिस्तान के शरणार्थी एवं प्रत्यावर्तन मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि इन कैदियों को कानूनी दस्तावेज नहीं होने के कारण छह महीने तक इराक में कैद रखा गया था। रिहा होने के बाद वे निमरोज सीमा से होते हुए ईरान के रास्ते अफगानिस्तान लौट आए। पिछले सप्ताह पाकिस्तान की जेलों से कम से कम 15 अफगानिस्तानी कैदियों को रिहा कर दिया गया और वे अफगानिस्तान लौट आए।

लेबनान पर इजराइली हमला तेज एक सदी पुराना बाजार किया ध्वस्त

हमले में एक ही परिवार के आठ की लोगों की हुई मौत, छह बच्चे भी शामिल

- **इजराइली सेना बोली- कोशिश करते हैं हमलों में आम नागरिकों को न पहुंचे नुकसान**

दीर अल-बला, एजेंसी

मध्य गाजा पट्टी में इजराइल के हमले में एक परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई। फलस्तीन के चिकित्सा अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, हिजबुल्ला को निशाना बनाकर किए इजराइल के हवाई हमलों में लेबनान में एक सदी पुराना बाजार नष्ट हो गया। दीर अल-बला स्थित अल-अक्सा शहीद अस्पताल ने बताया कि गाजा में शनिवार देर रात को नुसरत शरणार्थी शिविर में मकान पर हमला हुआ जिसमें माता-पिता और आठ से 23 साल की उम्र के उनके छह बच्चों की मौत हो गई।

एसोसिएटेड प्रेस के संवाददाता ने शवों की गिनती की है। हमास के साथ युद्ध को एक साल से अधिक समय होने पर भी इजराइल के हमले जारी हैं और वह गाजा में हर दिन आतंकवादी ठिकानों को निशाना बना रहा है। इजराइली सेना का कहना है कि वह हमलों में आम नागरिकों को नुकसान पहुंचाने से बचने की कोशिश करती है तथा उनकी मौतों के लिए घनी आबादी वाले क्षेत्रों से काम करने वाले हमास एवं अन्य सशस्त्र समूहों को दोषी ठहराती है। इजराइल अब गाजा में हमास और लेबनान में हिजबुल्ला के साथ युद्ध कर रहा है और इस महीने की शुरुआत में हुए मिसाइल हमले के प्रतिशोध में उसके ईरान पर हमला करने की आशंका है लेकिन उसने यह नहीं बताया है कि वह कैसे या कब हमला करेगा। ईरान इन दोनों चरमपंथी समूहों का समर्थन करता है और उसने कहा है कि वह इजराइली हमले का जवाब देगा। उत्तरी गाजा में इजराइल के हवाई और जमीनी बल जबालिया पर हमले कर रहे हैं, जहां उसके अनुसार आतंकवादी पुनः संगठित हो गए हैं। इजराइल ने गाजा सिटी समेत उत्तरी गाजा को खाली करने का आदेश दिया है।

अब तक मारे गए हैं 42 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, गाजा में इजराइल की बमबारी और उसके जमीनी आक्रमण में 42,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं और अधिकतर क्षेत्र बर्बाद हो गया है। इस बीच, इजराइल के हवाई हमलों में लेबनान में तुर्क काल का एक बाजार तबाह हो गया है। इजराइली हवाई हमलों ने रात भर दक्षिण नेबातियेह शहर में तुर्क काल का एक बाजार ध्वस्त कर दिया जिसमें एक से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। लेबनान के सिविल डिफेंस ने कहा कि 1910 के बाजार में 12 रिहायशी इमारतों और 40 दुकानों पर लगी आग पर काबू पा लिया गया है। एक अन्य घटना में लेबनानी रेड क्रॉस ने बताया कि अर्द्ध चिकित्सक दक्षिणी लेबनान में रविवार को इजराइली हवाई हमले में ध्वस्त एक मकान के मलबे में दबे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

इजराइल में ड्रोन हमले में 40 घायल

दीर अल-बला। इजराइली बचाव सेवा ने कहा कि बिनयामीना शहर में हुए ड्रोन हमले में 40 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। हमले के लिए चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। इजराइली मीडिया ने बताया कि रविवार को लेबनान से दो ड्रोन दागे गए। इजराइली सेना का कहना है कि एक ड्रोन को मार गिराया गया। दो दिन में यह दूसरी बार है जब इजराइल में ड्रोन से हमला किया गया। शनिवार को तेल अवीव के एक उपनगर में एक ड्रोन हमला किया गया, जिसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

थाड तोपखाना, सैनिक भेजेगा अमेरिका

वाशिंगटन। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने रविवार को कहा कि वह इजराइल को एंटी बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (थाड) और सैनिक भेजेगा, जबकि ईरान ने वाशिंगटन को अमेरिकी सैन्य बलों को इजराइल से बाहर रखने की चेतावनी दी है। पेंटागन के प्रवक्ता मेजर जनरल पैट राइडर ने कहा कि रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने राष्ट्रपति जो बाइडन के निर्देश पर थाड तोपखाने की तैनाती को मंजूरी दी है। राइडर ने कहा कि यह वायु रक्षा प्रणाली अप्रैल और अक्टूबर में इजराइल पर किये गए ईरान के मिसाइल हमलों के बाद, इजराइल की हवाई रक्षा को मजबूत करने में मदद करेगी।

ब्रिक्स की सैन्य संगठन बनने की कोई योजना नहीं: रूस

मास्को। रूस ने कहा है कि ब्रिक्स कभी भी सैन्य संगठन नहीं रहा है और न ही बनने की योजना बना रहा है, भले ही इसके विपरीत कोई आरोप क्यों न लगाया गया हो। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स सैन्य संगठन नहीं है, कभी नहीं रहा है और न ही बनने जा रहा है।

- **अंतर्राष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं, समान विचार वाला बहुराष्ट्रीय संगठन है**

ब्रिक्स एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं है, बल्कि समान विचार वाले सदस्यों वाला बहुराष्ट्रीय संगठन है। द टाइम्स में सितंबर में प्रकाशित लेख (जिसमें सुझाव दिया गया था कि ब्रिक्स के विस्तार से नाटो को चिंतित होना चाहिए।) पर टिप्पणी करते हुए मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स एक बहु-विषयक रणनीतिक साझेदारी है, जो तीन स्तंभों (राजनीति और सुरक्षा, अर्थशास्त्र एवं वित्त और संस्कृति एवं मानवीय संबंध) पर टिकी हुई है।

मंत्रालय ने कहा है कि ब्रिक्स भागीदारों के बीच संबंध समानता, आपसी सम्मान, खुलेपन, व्यावहारिकता, एकजुटता और सबसे महत्वपूर्ण बात किसी के विरोध न करने पर आधारित हैं।

सभी लोग देश के विकास के लिए काम करें : शहाबुद्दीन

ढाका, एजेंसी

- **बांग्लादेश के राष्ट्रपति बोले- धार्मिक मूल्यों का उपयोग राष्ट्र कल्याण के लिए होना चाहिए**



बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रविवार को सभी धर्मों के लोगों से देश को आगे ले जाने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। दुर्गा पूजा देशभर में देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। देश को आगे ले जाने के लिए सामूहिक प्रयास किये जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि धार्मिक मूल्यों का उपयोग राष्ट्र के कल्याण के लिए किया जाना चाहिए।

समाचार पत्र द डेली स्टार के अनुसार दुर्गा पूजा समारोह के मौके पर बंगभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान शहाबुद्दीन ने जाति या धर्म से परे सभी नागरिकों से एकजुट होकर विकसित और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया। हिंदू समुदाय को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि हम सभी बांग्लादेशी हैं और एक-दूसरे से जुड़े हैं। हमारे देश में बहुसंख्यक या अल्पसंख्यक के बीच भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस के अनुसार राष्ट्रपति ने कहा कि बदलती परिस्थितियों में बांग्लादेश को विकसित, समृद्ध और भेदभाव रहित देश बनाने के लिए पूर्ण सहिष्णुता, आपसी विश्वास और सहयोग के अलावा कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि बंगाली परंपराएं और संस्कृति दुर्गा पूजा में घुली-मिली हैं, जो न केवल धार्मिक बल्कि सामाजिक त्योहार भी है।

सभी की सामूहिक भागीदारी ने इस त्योहार को सार्वभौमिक बना दिया है। इस बीच, रविवार को देशभर के जलाशयों में देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। ढाका में हजारों की संख्या में श्रद्धालु बुरीगंगा नदी के किनारे एकत्र हुए। पुलिस ने मूर्ति विसर्जन के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की थी। पांच दिवसीय हिंदू धार्मिक उत्सव बुधवार को देवी दुर्गा के आह्वान के साथ शुरू हुआ, जिसे महा षष्ठी कहा जाता है।

मुंबई में खाली लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे

मुंबई। मुंबई सेंट्रल से कार शेड में प्रवेश करते समय रविवार दोपहर खाली लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए, जिससे पश्चिमी रेलवे खंड में ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुईं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पश्चिमी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने बताया कि दोपहर 12 बजकर 10 बजे हुई दुर्घटना में किसी के हताहत होने की खबर नहीं मिली।

उन्होंने बताया कि दुर्घटना से उपनगरीय सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं, क्योंकि दादर की ओर जाने वाला रेलमार्ग अवरुद्ध हो गया। अधिकारी ने बताया कि चर्चगेट और मुंबई सेंट्रल के बीच दादर की ओर जाने वाला रेलमार्ग अवरुद्ध हुआ। हालांकि, परिचालन जारी रखने के लिए इन दोनों स्टेशनों के बीच ट्रेनों को फास्ट लाइन पर भेजा गया। पटरी से उतरने के कारण कम से कम 60 ट्रेन रद्द कर दी गईं और कई अन्य के संचालन में देरी हुई। पश्चिमी रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि डिब्बों को पटरी पर लाने में करीब साढ़े तीन घंटे लग गए। दुर्घटना की वजह से डाउन स्लो लाइन और दक्षिणी छोर से महालक्ष्मी कारशेड की ओर जाने वाला रेलमार्ग अवरुद्ध हो गया। डिब्बों को पटरी पर लाने के करीब दो घंटे बाद शाम करीब 5 बजकर 35 मिनट पर डाउन स्लो लाइन पर सेवाएं बहाल कर दी गईं।

पाकिस्तान के कुर्रम में हुई झड़पें, 15 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कुर्रम क्षेत्र में दो गुटों के बीच हुयी झड़प में दो महिलाओं और एक बच्चे सहित पंद्रह लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए। पुलिस का दावा है कि शनिवार सुबह मकबल आदिवासियों की ओर से गोलीबारी किये जाने के बाद लड़ाई शुरू हुयी।

गोलीबारी से दो कंज अलीजई आदिवासी घायल हो गये। पाकिस्तानी अखबार डॉन के अनुसार घटना के तुरंत बाद यात्रियों और अन्य कारों पर हमले हुए और लड़ाई तेजी से जिले के कई इलाकों तक फैल गई। घायलों को पाराचिनार के जिला अस्पताल लाया गया।

जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की रिपोर्ट जल्द जारी होने की उम्मीद

भुवनेश्वर, एजेंसी

- **46 साल के अंतराल के बाद जुलाई में खोला गया था खजाना, कीमती सामानों की सूची का लिया जायजा**

ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने रविवार को कहा कि पुरी के जगन्नाथ मंदिर में रत्न भंडार की तकनीकी सर्वेक्षण रिपोर्ट जल्द जारी होने की संभावना है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने सितंबर में यह कवायद की थी, जिसमें रत्न भंडार (भगवान जगन्नाथ के खजाने का कक्ष) का ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रेडार (जीपीआर) सर्वेक्षण शामिल था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को अगले तीन से चार दिनों में जीपीआर सर्वेक्षण रिपोर्ट मिल जाएगी अगर कीमती सामान का कोई छिपा हुआ भंडार पाया जाता है, तो हम आवश्यक कार्रवाई करेंगे। अन्यथा, एएसआई रत्न भंडार की मरम्मत और जीर्णोद्धार का काम शुरू कर देगा। रत्न भंडार को 46 साल के अंतराल के बाद जुलाई में खोला गया था, ताकि कीमती सामानों की सूची का जायजा लिया जा सके और रत्न भंडार की मरम्मत की जा सके।

खजाने के आंतरिक और बाहरी कक्षों से आभूषण और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को मरम्मत कार्य के लिए मंदिर के अंदर एक अस्थायी स्ट्रांग रूम में संग्रहीत किया गया है। हरिचंदन ने कहा कि जीर्णोद्धार कार्य पूरा होने और सूची तैयार होने के बाद कीमती सामान को रत्न भंडार में वापस रखा जाएगा।

यौन उत्पीड़न के आरोपी चिकित्सा अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। दिल्ली के अस्पताल में महिला डॉक्टर का यौन उत्पीड़न करने के आरोपी चिकित्सा अधीक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर रविवार को विधानसभा उपाध्यक्ष राखी बिड़ला के नेतृत्व में आप की महिला नेताओं का प्रतिनिधिमंडल उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आवास पर पहुंचा। सूत्रों के अनुसार उप-राज्यपाल कार्यालय को सूचित करने के बावजूद प्रतिनिधिमंडल को उनसे मुलाकात का समय नहीं दिया गया।

बयान अनुसार बिड़ला, आप विधायक धनवती चंदेला, प्रीति तोमर, वंदना कुमारी, भावना गौर एवं कई आप पार्षदों के साथ उपराज्यपाल के आवास के बाहर घंटों खड़ी रहीं, लेकिन उपराज्यपाल से मुलाकात नहीं हो सकी। बिड़ला ने कहा कि उपराज्यपाल महिला विरोधी हैं। हम महिला डॉक्टर के लिए न्याय की गुहार लेकर आए हैं, जिसका एक साल से उत्पीड़न हो रहा है। आरोपी को गिरफ्तार करने के बजाय, डॉक्टर का तबादला कर दिया गया और उसकी शिकायत को नजरअंदाज कर दिया गया।

दक्षिणी मिस्र में ट्रेनों की टक्कर में 20 लोग घायल

काहिरा। दक्षिणी मिस्र के मिन्या प्रांत में रविवार तड़के लोकोमोटिव और ट्रेन में हुई टक्कर में 20 लोग घायल हो गये, हालांकि अब तक किसी की मौत नहीं हुई है। मिस्र के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मिस्र के रेलवे प्राधिकरण ने बताया कि यह दुर्घटना तब हुई जब लोकोमोटिव दक्षिणी प्रांत असवान से राजधानी काहिरा की ओर जा रही ट्रेन के पिछले हिस्से से टकरा गया, जिससे ट्रेन के दो डिब्बे अलग हो गए। परिवहन मंत्री कामेल अल-वज़ीर ने टक्कर के तकनीकी कारणों का पता लगाने के लिए एक समिति के गठन का आदेश दिया है।

मिलेगी सुविधा बुजुर्गों पर केंद्रित अधिक स्वास्थ्य पैकेज एबी-पीएमजेएवाई में जोड़े जाने की संभावना

छह करोड़ वृद्धों को मिलेगा स्वास्थ्य पैकेज का लाभ

- **एबी-पीएमजेएवाई की कार्यान्वयन एजेंसी एनएचए आवश्यकता का कर रही है आकलन**

नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार की ओर से 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों के लिए स्वास्थ्य कवरेज शुरू करने की तैयारी के बीच आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) की कार्यान्वयन एजेंसी राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) बुजुर्गों के लिए और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता का आकलन कर रही है। सूत्रों ने बताया कि विस्तारित योजना इस माह के अंत तक शुरू होने की संभावना है। इससे लगभग 4.5 करोड़ परिवारों के छह करोड़ नागरिकों को लाभ मिलेगा।

आधिकारिक सूत्र ने बताया कि योजना के तहत स्वास्थ्य लाभ पैकेज पर निर्णय लेने वाली समिति और अधिक स्वास्थ्य पैकेज जोड़ने की आवश्यकता पर विचार-विमर्श कर रही है, जो विशेष रूप से वृद्धावस्था देखभाल से संबंधित हैं, क्योंकि योजना के शुरू होने के साथ ऐसे लाभार्थियों की संख्या बढ़ जाएगी। यह योजना वर्तमान में व्यापक कवरेज प्रदान करती है, जिसमें सामान्य चिकित्सा, सर्जरी, कैंसर और हृदयरोग जैसी 27 चिकित्सा विशेषज्ञताओं में 1,949 चिकित्सा प्रक्रियाएं शामिल हैं। लाभार्थियों को अस्पताल की सेवाएं, जिनमें दवाएं (अस्पताल से छुट्टी के बाद 15 दिनों की दवाइयां शामिल हैं), डायग्नोस्टिक सुविधाएं (भर्ती से तीन दिन पहले तक), भोजन और आवास सेवाएं निःशुल्क प्रदान की जाती हैं। सूत्र ने बताया कि अल्जाइमर और डिमेंशिया जैसी कुछ मानसिक स्वास्थ्य स्थितियों के कारण अस्पतालों में भर्ती भी वर्तमान योजना के अंतर्गत आती हैं। सूत्र ने कहा कि जिन लोगों के पास पहले से आयुष्मान कार्ड है, उन्हें नए कार्ड के लिए दोबारा आवेदन करना होगा और अपना ईकेवाईसी दोबारा पूरा करना होगा।

70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक तथा पहले से ही एबी-पीएमजेएवाई के अंतर्गत कवर किए गए परिवारों से संबंधित लोगों को अपने लिए प्रति वर्ष पांच लाख रुपये तक का अतिरिक्त टॉप-अप कवर मिलेगा, जिसे उन्हें 70 वर्ष से कम आयु के अन्य परिवार के सदस्यों के साथ साझा नहीं करना होगा। अधिकारियों ने पूर्व में बताया था कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक जो निजी स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों या कर्मचारी राज्य बीमा योजना के अंतर्गत हैं, वे भी इस योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र होंगे।

हालांकि, जो लोग पहले से ही अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बीमा योजनाओं, जैसे कि केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस), पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) और आयुष्मान केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) का लाभ उठा रहे हैं, वे या तो अपनी मौजूदा योजना चुन सकते हैं या एबी-पीएमजेएवाई का विकल्प चुन सकते हैं।

हर वर्ग के वृद्ध होंगे मुफ्त इलाज के लिए पात्र

चाहे वह गरीब हो, मध्यम वर्ग हो, उच्च-मध्यम वर्ग हो या अमीर हो, 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का प्रत्येक व्यक्ति आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने और विस्तारित योजना के शुरू होने पर एबी-पीएमजेएवाई-सूची वाले किसी भी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज के लिए पात्र होगा। एक सितंबर तक 12,696 निजी अस्पतालों सहित कुल 29,648 अस्पतालों को इस योजना के तहत सूचीबद्ध किया गया था, जिसे वर्तमान में दिल्ली, ओडिशा और पश्चिम बंगाल को छोड़कर 33 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जा रहा है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि आधार कार्ड के अनुसार 70 वर्ष या उससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति इस योजना के तहत आवेदन करने के लिए पात्र होगा। सूत्रों ने बताया कि यह एक आवेदन आधारित योजना है और लोगों को पीएमजेएवाई पोर्टल या आयुष्मान ऐप पर पंजीकरण कराना होगा।